चैत्र कृष्ण पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 4 अप्रैल 2024
वर्ष 5, अंक 9, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



न्याय तंत्र की आजादी पर हमला बर्दाश्त नहीं 16

तापसी पन्नू की शादी का वीडियो आया सामने 15

## ठेकेदार रमेश गंगवार के ठिकानों पर छापे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली, लखनऊ और काशीपुर से 6-7 ठिकानों पर छानबीन, पार्टनरों के यहां भी पहुंची टीमें
- देर रात तक चली जांच, करोड़ों की टैक्स गड़बड़ियां पता चलने की सुगबुगाहट, दस्तावेज कब्जे में लिए

**अमृत विचार :** दिल्ली और लखनऊ की आयकर टीमों ने बुधवार को सत्य साईं बिल्डर्स नाम की फर्म चलाने वाले प्रमुख ठेकेदार रमेश गंगवार और उनके कुछ पार्टनर के बरेली, लखनऊ और काशीपुर के कई ठिकानों पर एक साथ छापा मारा। देर रात तक सभी ठिकानों आयकर टीमें छानबीन में जुटी हुई थीं। आयकर अधिकारियों ने आधिकारिक रूप से तो कोई जानकारी नहीं दी लेकिन बताया गया कि अब तक की छानबीन में करोड़ों की टैक्स गड़बड़ियों का पता चला है। टीमों ने कई दस्तावेज भी कब्जे में लिए हैं।

बरेली में रमेश गंगवार के प्रेमनगर इलाके में अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के सामने स्थित ऑफिस, इसी से सटे आवास के साथ नवाबगंज में उनके गांव दलेलनगर स्थित घर पर अलग-अलग आयकर टीमें बुधवार सुबह करीब 11 बजे पहुंचीं। बरेली के आयकर विभाग को इस कार्रवाई में शामिल नहीं किया गया। सभी जगह मौजूद लोगों के मोबाइल फोन जमा करा लिए गए और गेट बंद कराकर आने-जाने पर भी पाबंदी लगा दी गई। पता चला कि कुल मिलाकर 6-7 जगह छापा मारा गया है लेकिन आधिकारिक तौर पर साफ नहीं हो सका कि कुल मिलाकर कितनी जगह छानबीन की जा रही है। शहर में रात 10 बजे तक आयकर टीमें जांच में जुटी रहीं।

बताया जा रहा है कि काशीपुर में आयकर टीम को रमेश गंगवार का मकान बंद मिला। लखनऊ के गोमतीनगर के सरस्वती अपार्टमेंट में उनके ठिकाने से भी कुछ हासिल न हो पाने की सूचना है। बताया जा रहा है कि रमेश गंगवार पर सरकारी ठेकों से हुई कमाई में बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी का शक था। इससे पहले जीएसटी ने रमेश गंगवार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की थी।

चार कलस्टरों की 17 सीटों पर भाजपा की कोर कमेटी के साथ की चर्चा

## चुनाव जीतना मकसद नहीं, अभी कई बड़े काम करने हैं : शाह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारा मकसद चुनाव जीतना नहीं है बल्कि अभी कई बड़े काम करने हैं। इसलिए जनता के बीच पार्टी को सर्वस्पर्शी बनाएं। अब विकास को नई ऊंचाई देने का काम तीसरी बार सत्ता में आने पर मोदी सरकार करेगी। 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य सभी के सहयोग पूरा होगा। इसके लिए बड़े विजन वाले नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है।

गृहमंत्री शाह मुरादाबाद में रामपुर रोड स्थित होटल में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में पहले, दूसरे व तीसरे चरण में होने वाले चार कलस्टरों की 17 लोकसभा सीटों पर पार्टी कार्यकताओं में जोश भरने आए थे। उन्होंने बूथ प्रबंधन पर खास जोर देते हुए कहा कि बूथ कार्यकर्ता और पन्ना प्रमुखों की चुनाव जीतने में अहम भूमिका है। उन्होंने बैठक में विरोधियों के दुष्प्रचार का पार्टी के सोशल मीडिया सेक्टर से जवाब देने को कहा। उन्होंने ईमानदारी से बूथ प्रमुखों, पन्ना प्रमुखों, लोकसभा संयोजकों सहित कोर कमेटी के सभी सदस्यों को जीत के लिए पूरी ताकत से जुटने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में गन्ना मूल्य भुगतान में रिकार्ड काम हुआ है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को जनता के बीच लेकर जांए। केंद्रीय गृहमंत्री ने पदाधिकारियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि उनके सामने जनता के आशीर्वाद से बड़ी जीत पाने की चुनौती है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, गन्ना व चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, कपिल देव अग्रवाल, बलदेव सिंह औलख, शिक्षामंत्री गुलाब देवी, संदीप सिंह, दिनेश, सोमेंद्र तोमर के अलावा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी सतपाल सिंह सैनी, छत्रपाल सिंह, प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश, मोहित बेनीवाल, लक्ष्मीकांत वाजपेयी आदि मौजूद रहे।



मुरादाबाद की बैठक में गृहमंत्री अमित शाह के साथ में माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी, एमएलसी सतपाल सैनी, मंत्री कपिल देव अग्रवाल, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया।

- कहा,जनता के बीच पार्टी को सर्वस्पर्शी बनाएं

### इन सीटों की हुई समीक्षा

शाह की अध्यक्षता में मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, सम्भल, पीलीभीत, अलीगढ़ और मथुरा सहित 17 सीटों की समीक्षा हुई।

### एक नजर

#### वीवीपीएटी वाली याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वह ईवीएम से किए मतदान और वीवीपीएटी का पुन: सत्यापन कराने वाली याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई करेगा। एनजीओ की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि मामले की तत्काल सुनवाई होनी चाहिए। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने कहा कि याचिका को अगले मंगलवार या बुधवार को सूचीबद्ध किया जाएगा। वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि चुनाव नजदीक आ रहे हैं और अगर मामले पर सुनवाई नहीं हुई तो याचिका निरर्थक हो जाएगी। पीठ में न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी भी हैं।

#### दो बच्चियों से दुष्कर्म में नाबालिग दोषी

**नई दिल्ली।** दिल्ली अदालत ने 2017 में दो बच्चियों से दुष्कर्म के लिए नाबालिग को दोषी ठहराया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित सहरावत मामले की सुनवाई कर रहे थे। आरोपी पर सात और चार वर्ष की बच्चियों से दुष्कर्म पर पॉक्सो और आईपीसी के प्रावधानों के तहत मुकदमा हुआ था। अदालत ने मंगलवार को पारित आदेश में कहा, निर्णायक रूप से ऐसा कहा जा सकता है कि अभियोजन पक्ष बिना संदेह के आरोपों को साबित करने में सफल रहा कि आरोपी ने दोनों बच्चियों से दुष्कर्म दिया था।

## 29 सोना तस्कर सुरक्षाकर्मियों को धक्का देकर एयरपोर्ट से भागे

### शारजाह से 1 अप्रैल को आए थे 36 तस्कर, दो दिन से हो रही थी पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- एक तस्कर हुआ बेहोश, हंगामा कर भटकाया ध्यान
- सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई गई रिपोर्ट, टीमें गठित

**अमृत विचारः** चौधरी चरण सिंह अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट (अमौसी) पर सोना और सिगरेट तस्करी के मामले में हिरासत में लिए 36 से 29 आरोपियों द्वारा सुरक्षा कर्मियों को धक्का देकर भागने का मामला सामने आया है। एयरपोर्ट के सहायक आयुक्त एके सिंह ने बुधवार को सरोजनीनगर थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई है। एडीसीपी दक्षिण शशांक सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी को टीमें लगाई गई हैं।

अमौसी एयरपोर्ट पर 1 अप्रैल को राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) को सूचना मिली कि शारजाह से लखनऊ आ रही फ्लाइट से तस्कर 3.5 करोड़ का सोना और सिगरेट ला रहे हैं। टीम ने फ्लाइट से उतरे 36 यात्रियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। छह यात्रियों ने पेट में सोना होने की बात कुबूली। जबकि बाकी 30 यात्रियों से मंगलवार को पूछताछ हुई। 29 यात्रियों ने भी पेट में सोना होने की बात कही। जबकि महिला यात्री ने सोना होने से इनकार किया। दोपहर बाद सभी रमजान की बात कह हंगामा करने लगे। एक तस्कर बेहोश हो गया, जिसका इलाज कराने की मांग कर अन्य धमकी देने लगे।

कर्मियों का ध्यान भटकाकर 29 आरोपी सुरक्षाकर्मियों को धक्का देकर भाग गए। इसकी जानकारी डायल 100, चौकी प्रभारी अमौसी एयरपोर्ट और उप कमांडेंट सीआईएसएफ को दी गई। बीमार यात्री को अस्पताल भेजा गया। जिसे बाद में फिर एयरपोर्ट लाया गया, जहां बाकी बचे अन्य 6 तस्करों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एडीसीपी का कहना है कि आरोपियों का नाम पता है। इसके आधार पर उनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

**ये 29 सोना तस्कर एयरपोर्ट से हुये फरार :** एयरपोर्ट से फरार होने वाले तस्करों में जैस मोहम्मद, इशरार, जुबैर अहमद, अलकाम मोहम्मद, अली मोहम्मद, अरशद, हफीजुर्रहमान, लकी, जहीर अहमद, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद नासिर, मो. अखलाद, सईदुल्जफर, नदीम अख्तर, रियासत अली, इमामुल हसन, मो. जहीर, जरीफ अहमद, मो. सलमान, मो. सरीक, मो. सुहैल, मो. इकबाल, आजम अली, मो. रजी, निजामुद्दीन, मो. उबैस, मो. इस्लाम, मो. अनस व मो. बशीर शामिल हैं।

#### बीमार तस्कर की जांच में सब ठीक मिला

बीमार तस्कर की कस्टम के भी अधिकारियों ने अपोलो हॉस्पिटल के डॉक्टर बुला कर जांच कराई। डॉक्टर ने बेहोश तस्कर की जांच की तो उसका पल्स और शुगर लेवल सब ठीक निकला। लेकिन वहां मौजूद दूसरे यात्री उसे उठाकर चिल्लाने लगे। कस्टम टीम का कहना है कि पकड़े तस्करों ने रोजा रखा था। इफ्तारी के बाद सोना निकालने का प्रयास करने वाले थे। इसी को लेकर यात्रियों को खाने-पीने का सामान दिया था। सोमवार को सभी ने नमाज पढ़ रोजा खोला था।

## आतिशी को भाजपा ने मानहानि नोटिस भेजा, कहा- माफी मांगे

### आतिशी ने कहा था- भाजपा में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा दिल्ली इकाई ने आप नेता आतिशी को मानहानि नोटिस भेजा और अपने करीबी व्यक्ति के माध्यम से उन्हें भाजपा में शामिल होने के दावे पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगने को कहा है। आतिशी ने एक दिन पहले दावा किया था कि उनके सहित आप के चार वरिष्ठ नेताओं को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा। आतिशी ने यह भी दावा किया था कि उन्हें या तो भाजपा में शामिल होने या फिर एक महीने में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहने को कहा गया था।

वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को कहा कि आतिशी को मानहानि नोटिस भेजा गया है और उनसे अपने दावे के लिए माफी मांगने को कहा गया है। आतिशी सबूत देने में विफल रहीं कि उनसे किसने, कब और कैसे संपर्क किया था। वह हताशा में इस तरह के झूठे और निराधार आरोप लगा रही है, लेकिन हम उन्हें बचकर नहीं जाने देंगे। सचदेवा ने आतिशी से अपने दावे को साबित करने के लिए अपना फोन जांच एजेंसी को सौंपने को कहा। भाजपा दिल्ली इकाई के वकील ने कहा कि पार्टी ने आतिशी को अपना बयान वापस लेने के लिए मानहानि नोटिस भेजा है। वकील ने बयान को झूठा, अपमानजनक और मनगढ़ंत करार दिया और दावा किया कि यह बयान गलत इरादे से दिया गया था। अगर आतिशी अपने दावे को साबित करने में विफल रहती है तो उन पर कानूनी कार्यवाही होगी।

#### केजरीवाल का वजन घटा : आतिशी



**नई दिल्ली।** आप नेता आतिशी ने दावा किया कि 21 मार्च को गिरफ्तार के बाद से मुख्यमंत्री केजरीवाल का वजन घट रहा है। आतिशी ने भाजपा पर केजरीवाल को जेल में रखकर स्वास्थ्य को खतरे में डालने का आरोप लगाया। आतिशी ने कहा कि मुख्यमंत्री की सेहत के संबंध में कानूनी मदद लेगी। वहीं, तिहाड़ जेल प्रशासन ने आतिशी के दावों को खारिज करते हुए कहा केजरीवाल सामान्य है।

#### सबूतों से छेड़छाड़ न करें संजय : कोर्ट



**नई दिल्ली।** दिल्ली की कोर्ट ने आप नेता संजय सिंह को बुधवार को निर्देश दिया कि वह आबकारी घोटाला मामले में सबूतों से छेड़छाड़ न करें या गवाहों को प्रभावित न करें। सुप्रीम कोर्ट से सिंह को मंगलवार को जमानत मिलने के बाद विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने नेता को तिहाड़ जेल से रिहा करने का आदेश देने से पहले ये निर्देश दिए। न्यायाधीश ने सिंह को पासपोर्ट जमा कराने, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) से बाहर जाने से पहले सूचित करने और फोन की 'लोकेशन' हमेशा चालू रखने का निर्देश दिया। सिंह के वकील ने संक्षिप्त सुनवाई के दौरान अदालत को सूचित किया कि नेता की पत्नी आरोपी की जमानतदार होंगी।

## परिवारवादी राजनीति के खिलाफ लड़ रहे : मोदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



चुनाव में विजय की आत्मा पोलिंग बूथ की जीत में

- प्रधानमंत्री ने उप्र. में होने वाले चुनाव के तहत आने वाली लोकसभा सीटों के सभी बूथों के कार्यकर्ताओं को नमो ऐप पर संबोधित किया
- कहा, पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने का लक्ष्य लेकर चलें 10 सीटों के सभी 22,648 बूथों के पार्टी कार्यकर्ता

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस बार चुनाव में परिवारवादी राजनीति के खिलाफ हम लोकतंत्र की भलाई के लिए लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि, चाचा-भतीजा के परिवार से उत्तर प्रदेश का मोह बहुत पहले ही भंग हो चुका है और भाजपा अपने कार्यकर्ताओं की मेहनत, निष्ठा और समर्पण के बूते इस लोस चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाने जा रही है।

प्रधानमंत्री ने बुधवार को उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण में होने वाले चुनाव के तहत आने वाली 10 लोकसभा सीटों के सभी 22,648 बूथों के पार्टी कार्यकर्ताओं को नमो ऐप पर वर्चुअली संबोधित किया। मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम की इस कड़ी में प्रधानमंत्री ने बूथ समिति के सदस्यों और पन्ना प्रभारियों को संबोधित करते हुए कुछ बूथ अध्यक्षों से भी बात की। इस दौरान नरेन्द्र मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को सलाह दी कि, वे अपने काम या व्यवहार से किसी को ठेस न पहुंचाएं। इसी कड़ी में मोदी ने कहा कि, पोलिंग बूथ पर विजय ही किसी भी चुनाव में जीत की आत्मा होती है और कार्यकर्ताओं को चुनाव में अपने बूथ के पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ने के लक्ष्य के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि हम चुनाव में कितनी ही बड़ी विजय प्राप्त करने की इच्छा रखते हों लेकिन जब तक पोलिंग बूथ नहीं जीतते हैं तब तक चुनाव जीत ही नहीं सकते हैं इसलिए चुनाव में विजय की जो आत्मा है वह पोलिंग बूथ की विजय में है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गर्मी के दिनों में अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखने की भी हिदायत दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव, हर चुनाव में आपकी मेहनत से नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। आप लोगों का यह जोश देखकर मुझे तो खुशी होती ही है लेकिन बाकी पार्टियों के नेता तो आपका यह जोश देखकर पहले ही ठंडे पड़ जाते हैं। उत्तर प्रदेश को लेकर मोदी ने भरोसा जताया कि यहां के सभी भाजपा कार्यकर्ता हर सीट पर, हर पोलिंग बूथ पर विजय सुनिश्चित करने के लिए जी जान से जुट गए हैं। आप लोगों को सही दिशा में अपने प्रयास तेज करने हैं और हर मतदाता तक अपनी बात पहुंचानी है।

## छह माह की बच्ची की रस्सी से गला दबाकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



- पति से विवाद के बाद मायके आई थी महिला
- पिता ने लगाया ससुरालियों पर हत्या का आरोप

**अमृत विचारः** मां के साथ ननिहाल में रह रही छह माह की बच्ची की रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दी गई। इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम से हुई है। बच्ची के पिता ने ससुराल पर हत्या का आरोप लगाया है। मामले तरीर नहीं दी गई।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव उल्लिया के शिवम की शादी दो साल पहले बंडा थाना क्षेत्र के गांव सिंघापुर पमई की राजबेटी पुत्री राजेंद्र प्रसाद से हुई थी। छह माह पहले राजबेटी ने बेटी को जन्म दिया। दोनों में आए दिन झगड़ा होते थे। 20 मार्च को हुए झगड़े के बाद वह बेटी निहारिका को लेकर मायके चली गई। 23 मार्च को राजबेटी ने उसके खिलाफ बंडा थाने में मारपीट की तहरीर दी थी। पुलिस ने रविवार को उसे थाने बुलाया। सोमवार को वह ससुराल गया तो बेटी सही थी। मंगलवार सुबह साले चंद्रपाल ने फोन किया कि निहारिका की तबीयत खराब है। 15 मिनट बाद दोबारा बताया कि निहारिका की मौत हो गई है। वह ससुराल गया तो बेटी के गले में रस्सी का निशान देखा। उसकी मांग पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। बंडा थाना प्रभारी राकेश मौर्य ने बताया कि मौखिक सूचना पर पोस्टमार्टम कराया। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज होगी।

## कांग्रेस ने निरुपम को छह साल के लिए निष्कासित किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पूर्व सांसद संजय निरुपम को पार्टी विरोधी बयानों और अनुशासनहीनता के आरोप में छह साल के लिए निष्कासित कर दिया। संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इसको मंजूरी दी। इससे पहले, कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने मुंबई में पार्टी की बैठक के बाद कहा था कि कांग्रेस ने निरुपम का नाम स्टार प्रचारकों की सूची से हटा दिया है और अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है। निरुपम ने कहा है कि वह गुरुवार को अपना रुख बताएंगे।

## सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- प्रयागराज के राजीव नयन यूपी टीईटी का पेपर भी करा चुका है लीक
- नोएडा में पकड़ाए राजीव ने रीवा में 300 अभ्यर्थियों के समक्ष पढ़ा था पेपर

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसने रीवा के रिसोर्ट में 300 अभ्यर्थियों को बैठाकर पेपर पढ़ा था। ग्वालियर में एनआरएचएम घोटाले से जुड़े प्रकरण और यूपी में टीईटी पेपर लीक के आरोप में भी वह कौशांबी से जेल जा चुका है।

एडीजी (कानून -व्यवस्था) अमिताभ यश के मुताबिक पेपर लीक मामले में मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा मूल रूप से प्रयागराज के नैनी का रहने वाला है। पेपर लीक मामले में उसके खिलाफ मेरठ के थाना कंकरखेड़ा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मेरठ की एसटीएफ यूनिट उसकी तलाश कर रही थी। एडीजी के मुताबिक राजीव ने पूछताछ में बताया कि दो रिसॉर्ट में उसने पेपर पढ़े गए थे। लीक पेपर गुरुग्राम में पांच सौ अभ्यर्थियों के समक्ष पढ़ा गया। रीवा स्थित शिव महाशक्ति रिसॉर्ट में तीन सौ अभ्यर्थियों के सामने राजीव ने खुद पेपर पढ़ा था। एसटीएफ उसकी तलाश कर रही थी। मंगलवार को राजीव को नोएडा से गिरफ्तार कर लिया गया। एडीजी ने बताया कि राजीव ग्वालियर में एनआरएचएम घोटाला और यूपी में टीईटी पेपर लीक करने के आरोप में जेल जा चुका है। इसके ऊपर मनी ट्रेल के भी आरोप हैं, जिसकी जांच की जा रही है। यूपी एसटीएफ ने सिपाही भर्ती पेपर लीक मामले में पहले तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

रामनवमी की व्यवस्था

रामानंदीय संप्रदाय के संतों ने बताया अनुचित, विरोध में उठे स्वर

## रामलला को तीन दिन जगाए रखने को लेकर खड़ा हुआ बखेड़ा



अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद रामनवमी पर आने वाले श्रद्धालुओं को राममंदिर में चैत्र शुक्ल नवरात्रि के अष्टमी, नवमी और दशमी को 24 घंटे दर्शन कराने की योजना पर मंथन हो रहा है। यह तिथियां 16, 17 और 18 अप्रैल को पड़ रही है। दर्शन लगातार होंगे तो रामलला आराम नहीं कर पाएंगे। रामलला को तीन दिन तक जगाए रखने पर बखेड़ा खड़ा हो गया है। रामानंद संप्रदाय के संत धर्माचार्य इसे अनुचित बताते हुए इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। उनका मानना है कि सिर्फ भीड़ को देखते हुए बालरूप में भगवान को इतनी देर जगाए रखना ठीक नहीं है। संतों का मानना है रामनवमी पर रात्रि 11 से सुबह चार बजे तक भगवान को शयन करने दिया जाए। हालांकि इस पर निर्णय श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को लेना है, ट्रस्ट ने दर्शन की व्यवस्था बनाए जाने का भरोसा दिया है।

#### सुबह 4 से रात 10 बजे तक की है परंपरा



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास का कहना है कि रामानंद संप्रदाय में किसी भी मंदिर में रात्रि में भगवान को कई दिनों तक जगाए जाने की परंपरा नहीं है। विशेष रूप से कुछ विशेष आयोजनों के दौरान एक दिन के लिए जागरण व धार्मिक अनुष्ठान किया जाता है। उन्होंने बताया कि वैष्णो संप्रदाय में सुबह 4 से रात्रि 10 बजे तक दिनचर्या की परंपरा है और रात्रि 10 बजे के बाद किसी भी प्रक्रिया को शामिल नहीं किया गया है।

#### किसी भी परंपरा में रात्रि जागरण की बात नहीं



रामानंद संप्रदाय के रामकथा वाचक पूर्व सांसद डॉ. राम विलास दास वेदांती ने कहा कि संप्रदाय के तहत भगवान की दिनचर्या को देखते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट विचार करेगा। शास्त्र अनुसार श्रीमद् वाल्मीकि रामायण, भागवत महापुराण, स्कंद पुराण में भगवान के दिनचर्या का वर्णन है। प्रात: ब्रह्म बेला में स्नान के बाद राग भोग, आरती व दोपहर में भोग और शयन और सायं में संध्या आरती फिर शयन आरती की परंपरा है। इसी अनुसार उनकी सेवा हो रही है। किसी भी परंपरा में रात्रि जागरण की बात नहीं है।

#### भीड़ के कारण परंपरा में न करें बदलाव

महंत सत्येंद्र दास वेदांती ने कहा कि रामलला को 24 घंटे जगाए रखना सनातन धर्म और उपासना पद्धति के विरुद्ध है। अगर ट्रस्ट तीन दिन 24 घंटे दर्शन कर जाने की योजना पर निर्णय देता है तो इसका विरोध करते हैं। रामलला शिशु सामान हैं। उन्हें समय पर जगाने, उनकी आरती व भोगराज की व्यवस्था करना सही है। भीड़ बढ़ने से उनकी परंपरा में बदलाव नहीं करना चाहिए।

#### एक दिन जगाना उचित लेकिन तीन दिन नहीं

दशरथ महल के महंत बिंदु गद्दाचार्य देवेंद्र प्रसाद आचार्य ने कहा कि भक्तों को दर्शन देना भगवान के बस में है। तीन दिन तक 24 घंटे दर्शन करने के मामले में टिप्पणी करना सही नहीं है, लेकिन यह जरूर है कि ट्रस्ट रामानंद संप्रदाय की परंपरा और उसके नियमों का पालन करते हुए फैसला ले। भगवान को 24 घंटे एक दिन के लिए जगाना तो उचित हो सकता है, लेकिन तीन दिन तक इस प्रकार से दर्शन की व्यवस्था करना न्याय संगत नहीं है। श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए रात्रि 12 से सुबह 4 बजे तक शयन की अवधि जरूर निर्धारित करें।






**रमजान मुबारक**

**4 अप्रैल, इफ्तार**
सुन्नी- 6 बजकर 39 मिनट
शिया- 6 बजकर 45 मिनट

**5 अप्रैल सहरी**
सुन्नी- 4 बजकर 23 मिनट
शिया- 4 बजकर 29 मिनट

**नोट-** क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।







नुमाइश ग्राउंड में निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह।

## मतदान सामग्री की करें व्यवस्था कर्मियों को न हो असुविधा : डीएम

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि पैकिंग के दौरान प्रत्येक बैग में हर जरूरी लेखन सामग्री का ध्यान रखें। पोलिंग पार्टियों को मतदान के दौरान असुविधा नहीं हो।

लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के दौरान पोलिंग पार्टियों द्वारा प्रयोग में लाई जाने वाली सामग्री के बैग नुमाइश ग्राउंड परिसर में तैयार कराए जा रहे हैं। डीएम ने बैग, लेखन सामग्री की व्यवस्था जानने के लिए नुमाइश ग्राउंड का निरीक्षण किया। प्रभारी अधिकारी मतदान लेखन सामग्री जाहिद हुसैन को निर्देश दिए। ये बैग मतदान कर्मियों के दूसरे चरण के प्रशिक्षण के दौरान पीठासीन अधिकारियों को दिए जाएंगे। इसमें 90 प्रकार के प्रपत्र और सामग्रियां रखी गई हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेम सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आदि रहे।

### लोकसभा चुनाव के दौरान दोनों के बीच रार कम होने के मिल रहे संकेत, सपा प्रत्याशी से आज हो सकती है जिलाध्यक्ष की मुलाकात

## आजम खां ने सपाइयों को दी राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्णय मानने की नसीहत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** पूर्व मंत्री आजम खां ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्णय को मानने की नसीहत जिले के सपाइयों को दी है। इससे आजम खां और अखिलेश यादव के बीच रार कम होने के संकेत मिल रहे हैं। साथ ही जिले में लोकसभा चुनाव के दौरान सपाइयों के एकजुट होने में मदद मिलेगी। चुनाव में सपा प्रत्याशी को मजबूती मिलेगी।



सपा के जिलाध्यक्ष अजय सागर मंगलवार को आजम खां से सीतापुर जेल में मिलने पहुंचे तो उन्होंने 90 मिनट की मुलाकात में उन्हें हिदायत दी। हालांकि जेल प्रशासन ने आजम खां के लिए जेल में तरबूज नहीं ले जाने दिया था। सपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि उनकी गुरुवार को लोकसभा प्रत्याशी से मुलाकात हो सकती है। बताया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रामपुर से लोकसभा चुनाव के लिए मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी को प्रत्याशी बनाया है। हालांकि आजम खां ने अखिलेश यादव से रामपुर से चुनाव लड़ने के लिए कहा था।

बताया गया कि लोकसभा सीट के लिए पूर्व मंत्री आजम खां की पेशकश सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नहीं मानने पर तेवर तल्ख हो गए थे। आजम खां ने आसिम राजा को नामांकन पत्र जमा करने के निर्देश दे दिए थे। लेकिन, सिंबल नहीं मिलने के कारण आसिम राजा का नामांकन पत्र निरस्त हो गया। इसके बाद आजम खां का खेमा सुस्त हो गया। मंगलवार दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर सपा के जिलाध्यक्ष आजम खां से मिलने पहुंचे। वह अपने साथ आजम खां के लिए तरबूज, केले, सेब और खजूरे लेकर गए थे। जेल प्रशासन ने जेल नियमों का हवाला देते हुए तरबूज को जेल में नहीं ले जाने दिया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने तरबूज जेल के बाहर ही छोड़ दिया और सेब, केले और खजूरे लेकर आजम खां से मिलने पहुंचे। बताया कि करीब 90 मिनट की मुलाकात में आजम खां ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का निर्णय मानने की नसीहत दी है। आजम खां को 22 अक्टूबर 2023 को सीतापुर जेल में रामपुर जेल से शिफ्ट किया गया था। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सपा के प्रत्याशी से उनकी मुलाकात नहीं हुई है। गुरुवार को दोनों की मुलाकात हो सकती है।

### आजम खां द्वारा पत्र जारी करने के बाद जिलाध्यक्ष की यह दूसरी मुलाकात

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां से मंगलवार को जेल में रामपुर सपा जिलाध्यक्ष सहित तीन लोगों ने मुलाकात कर लोकसभा चुनाव की हलचल को बढ़ा दिया है। आजम खां के पत्र को जारी करने के बाद रामपुर के जिलाध्यक्ष की आजम से यह दूसरी मुलाकात है। मुलाकात के दौरान हरदोई जेल से आजम के बेटे का संदेश लेकर आए आजम खां के साढू और साली ने मुलाकात की है। सपा जिलाध्यक्ष और आजम के बीच डेढ़ घंटे से अधिक समय तक बातचीत हुई है। चुनाव के बीच सपा नेताओं के बीच यह चर्चा रामपुर और मुरादाबाद सीट को लेकर अहम मानी जा रही है। मंगलवार सुबह रामपुर से सपा जिलाध्यक्ष अजय कुमार सागर सहित हरदोई जेल से बेटे अब्दुल्ला से मिलकर आए आजम से साढू जियाउलर्हमान और साली ने सुबह 12 बजे ऑनलाइन पंजीकरण कराकर आजम से जेल में मुलाकात की। सूत्रों का कहना है कि सपा हाईकमान के निर्देश पर जिलाध्यक्ष ने जेल पहुंचकर आजम से चुनाव बहिष्कार को खारिज करने पर मनाने का काम किया है।

## लोस चुनाव में नहीं उठ रहा पुल का मुद्दा

### बोर नदी पर नहीं है पुल, 10 से अधिक गांवों के लोगों को दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिले में लोकसभा चुनाव के लिए 15 दिन बाद मतदान होगा। इस बीच जनसभाओं, नुक्कड़ सभाओं में नेता लोगों को लुभाने के दावे कर रहे हैं। लेकिन, लोगों की असली दिक्कतों को अनेदखी की जा रही है। नेताओं को जनता की दिक्कत-परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है।

स्वार क्षेत्र में बोर नदी पर पुल नहीं होने से 12 किलोमीटर दूर का फेर काटकर ग्रामीण मुख्यालय तक पहुंच रहे हैं। नदी पर पुल बनवाने के लिए भगवंतनगर के मझरा बेवक्ता के ग्रामीणों ने अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग से मांग की। अधीक्षण अभियंता ने कहा कि नदी पर 54 मीटर स्पान के पुल की आवश्यकता है। माननीयों को बस वोट चाहिए, ग्रामीणों के दुख तकलीफ की चिंता नहीं है। ग्रामीण पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी से भी पुल बनवाने की मांग कर चुके हैं। लेकिन, स्थिति जस की तस है। भगवंतनगर मझरा के ग्रामीणों के अलावा आसपास के लोगों को भी आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत हमीरपुर, रामनगर, गद्दी नगली, नबी गंज, पीपली, पुश्वाड़ा, पदमपुर समेत अन्य गांवों के लोगों को दिक्कत होती है। इन गांवों के किसानों को अपना अनाज मंडी में लाने के लिए 20 से 25 किलोमीटर दूर का सफर तय कर आना पड़ता है। इस नदी पर एक लकड़ी का पुल है। नाव वाले लोगों से 20 रुपये प्रति बाइक और 10 रुपये प्रति साइकिल वसूलते हैं और बरसात के मौसम में लकड़ी का पुल बह जाता है। उधर, ग्रामीणों की शिकायत का जवाब देते हुए अधीक्षण अभियंता वृत लोक निर्माण विभाग ने कहा कि ग्राम भगवंतनगर का मझरा बेवक्ता में बोर नदी पर पुल नहीं है। लोगों को दूसरी ओर जाने के लिए किला खेड़ा पुल 12 किमी. दूर है। यह पुल काशीपुर-रुद्रपुर मार्ग पर है। दूसरी ओर 18 किमी. दूर मिलकखानम पुल है जो स्वार-बिलासपुर मार्ग पर बना है। बोर नदी पर 54 मीटर स्पान के पुल की आवश्यकता है। पुल का सैद्धांतिक अनुमोदन की जरूरत है।


बोर नदी पर बने लकड़ी के पुल पर गुजरता बाइक सवार।

### मुख्यमंत्री के दरबार तक पहुंच चुका है बोर नदी पर पुल का मामला

बोर नदी पर पुल निर्माण का मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दरबार तक पहुंच चुका है। ग्रामीणों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी को ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा कि भगवंतनगर मझरा बेवक्ता में बोर नदी पर पुल बनवाए जाने को कहा। लेकिन अभी तक पहल नहीं हो सकी है।

> बोर नदी पर पुल बनवाने के लिए इस्टीमेट बनाकर शासन को भेज दिया गया है। आचार संहिता हटने के बाद शासनादेश के अनुसार, आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> **-केवी सिंह,** एक्सईएन निर्माण खंड लोनिवि

### मार्च में हुई 9.28 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली

**रामपुर, अमृत विचार:** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह के नेतृत्व में जिले के खनन प्रभावित क्षेत्र में खनन विभाग एवं राजस्व टीमों ने निगरानी की। इसके चलते मार्च में निर्धारित लक्ष्य 3.76 करोड़ के सापेक्ष खनन पट्टा, आईएसटीपी, ईंट भट्टा, प्रवर्तन, कार्यदायी संस्था और आरसी से 9.28 करोड़ रुपये राजस्व के रूप में वसूले गए। अवैध खनन और अवैध भंडारण पर 70.95 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग के विरुद्ध भी 39 लाख रुपये वसूले गए। खनन अधिकारी अमित रंजन ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद के खनन प्रभावित क्षेत्रों में 15 चेक पोस्ट लगातार सक्रिय हैं। वहां तैनात की गई राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें रोस्टर के अनुरूप सघन चेकिंग अभियान को प्रभावी बना रही हैं। इसके साथ ही एसडीएम, तहसीलदार, खान अधिकारी, खान निरीक्षक और एआरटीओ द्वारा औचक रूप से भी छापेमारी और चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं।



होमगार्ड के साथ मौजूद डिवीजन कमांडेंट रामनारायन चौरसिया। ● अमृत विचार

## लोकसभा चुनाव में होमगार्ड कर्तव्यों का करें पालन : कमांडेंट

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** मुरादाबाद से आए डिवीजन कमांडेंट रामनारायन चौरसिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव में होमगार्ड अपने कर्तव्यों का सही से पालन करें। ड्यूटी करते समय सख्ती निभाएं। दूसरे जिलों में ड्यूटी लगने के दौरान वहां भी सही फर्ज निभाएं।

लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। अधिकारियों की बैठकों का दौर जारी है। बुधवार को जिला पंचायत के सभागार में होमगार्डों की एक बैठक हुई।

इसमें डिवीजन कमांडेंट ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से सख्ती के साथ चुनाव में ड्यूटी करने को कहा। इस मौके पर जिला कमाडेंट केएस पांडेय व होमगार्ड मौजूद रहे।

### ‘अमृत विचार’ आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

### शहर में आज



☞ शाहबाद पटवाई रोड स्थित कृष्णा मंदिर में साईं बाबा की पूजा अर्चना प्रातः 6:30 बजे।

☞ भाकियू की पंचायत विकास भवन के निकट स्थित जिला कार्यालय पर दोपहर 12:30 बजे।

### एक नजर

#### पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्र में की पैदल गश्त

**रामपुर,अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शान्ति व्यवस्था, त्योहार को लेकर क्षेत्र में पैदल गश्त की। लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिया। इस दौरान एसपी ने थाना गंज क्षेत्रान्तर्गत भीड़ वाले स्थानों में व्यक्तियों से संवाद किया।

#### जुआ खेलते दो पकड़े

**रामपुर,अमृत विचार :** थाना सिविल लाइन पुलिस ने रोहित सक्सेना उर्फ बिल्लू निवासी कायस्थो वाला मन्दिर अजीतपुर,जुगेश पुत्र चन्द्रसैन निवासी दादा मियां की मजार वाली मस्जिद के पीछे अजीतपुर को बरेली हाईवे के किनारे सर्विस लेन से इण्डस्ट्रियल एरिया से गिरफ्तार किया। पुलिस को उनके पास से सट्टा डायरी, पैन व कार्बन व नकद 5400 रुपये मिले। इसके बाद आरोपियों का चालान कर दिया।



मतदाता जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं से वार्ता करते बीडीओ।

## निर्भीक होकर करें मतदान

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार:** गांव पटवाई में बुधवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इसकी अध्यक्षता बीडीओ नरेंद्र गंगवार ने की। लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। बाद में घर-घर जाकर लोगों को वोट का महत्व बताया।

बीडीओ ने बताया कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए क्षेत्र के गांव पटवाई में जाकर मतदाताओं के साथ बैठक की और उन्होंने मतदान करने के लिए प्रेरित किया। बताया कि मतदान में खलल डाले वाले अराजक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। कोई भी आपको धमकाता है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। उन्होंने गांव के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि चुनाव में निर्भीक होकर मतदान करें और मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इस दौरान ग्रामीणों को 19 अप्रैल भूल न जाना, वोट डालने जरूर जाना स्लोगन के बारे में जानकारी दी। इस दौरान एडीओ वेदप्रकाश शर्मा, आशा एवं महिलाएं भी शामिल रहीं।

### वकीलों ने एसडीएम पर लगाया आरोप, ज्ञापन

**बिलासपुर, अमृत विचार:** लायर्स वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर तहसील में प्रशासनिक व्यवस्था ध्वस्त होने का गंभीर आरोप लगाया है।

बुधवार को अधिवक्ताओं की बैठक के बाद अध्यक्ष हरीश चंद्र गुप्ता द्वारा भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि एसडीएम का अपने अधीनस्थों पर कोई नियंत्रण नहीं है। इसलिए तहसील में अव्यवस्थाएं व भ्रष्टाचार व्याप्त है। कहा कि न्यायिक वाद समय से न्यायालयों में जान बूझकर दर्ज नहीं किए जा रहे हैं। नियमानुसार निस्तारण नहीं हो रहे हैं। दाखिल-खारिज को लेकर मनमानी और विधि-विरुद्ध कार्य हो रहे हैं। ज्ञापन की प्रति मंडलायुक्त को भी भेजी गई है। बैठक में नब्बू अली अंसारी, शिव कुमार गुप्ता, रितेश अग्रवाल, अरविंद गुप्ता, मोबीन अंसारी, संतोख सिंह खैहरा, विमल सक्सेना आदि रहे।



मतदान को लेकर जागरूक करतीं सहायक आयुक्त उद्योग निहारिका जैन।

## ई-रिक्शा पर स्टीकर लगाकर मतदान के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन ने लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। दुकानों व ई-रिक्शा पर स्टीकर लगाकर मतदान दिवस 19 अप्रैल के लिए जागरूक किया।

सहायक आयुक्त उद्योग निहारिका जैन ने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत ज्वालानगर में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए डिप्टी कमिश्नर उद्योग की ओर से हर दुकान, हर बाजार मतदान का त्योहार का आयोजन किया गया।

इसमें आमजन को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के बलराज सिंह, सहायक आयुक्त उद्योग पुष्प राज सिंह, सहायक प्रबन्धक अमित कुमार शर्मा, वरिष्ठ सहायक एवं युवक मंगल दल ने सहयोग किया।


खौद में बैठक में बोलते बसपा जिलाध्यक्ष। ● अमृत विचार

## बसपा के शासनकाल को याद कर रही जनता: प्रमोद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** बसपा जिलाध्यक्ष एवं स्टार प्रचारक प्रमोद सागर निरंकारी ने चमरौआ क्षेत्र के गांव खौद, दिलपुरा, कुम्हरिया, परचई, किशनपुर, बेनजीर समेत अन्य गांवों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि बसपा मुसलमानों की हितैषी है। प्रदेश की जनता बसपा शासनकाल को याद कर रही है।

उन्होंने लोगों से बसपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने को कहा। इस दौरान मेश श्रीवास्तव, शेर सिंह, अनिल, जितेंद्र, रामकिशन, मुकेश, नन्हें राम, सोहनलाल, अमित सिंह, रवि, भजनलाल, दिलीप सिंह, विकास, प्रीतम रिंकू, विश्वास नवनीत गौतम समेत भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

**व्यवस्था** | जनपद में हैं 14,768 दिव्यांग मतदाता, ग्रामीण क्षेत्रों में 936, शहर में 134 की कराई व्यवस्था

## दिव्यांग मतदाताओं को मिलेगी व्हीलचेयर की सुविधा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इस बार जिले में 17 लाख 31 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है।

जिला निर्वाचन कार्यालय में दर्ज दिव्यांग मतदाता व्हीलचेयर और लोगों के सहारे मतदान कक्ष तक पहुंचेंगे। इस बार जनपद में 14,768 दिव्यांग मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रशासन इनके लिए विशेष सुविधाओं का इंतजाम कर रहा है। लोकसभा चुनाव वर्ष 2024 में ग्रामीण क्षेत्रों में 936 और शहर में 134 नई व्हीलचेयर को क्षेत्रों में पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है। शहर में व्हीलचेयर को नगर पालिका की मदद से मतदेय स्थल तक रखवाया जाएगा।

प्रत्येक मतदेय स्थल पर इन दिव्यांगों को व्हीलचेयर पर बैठाकर मतदान कक्ष तक छोड़ा जाएगा और वापस उन्हें व्हीलचेयर से ही बाहर तक छोड़कर आएगा। इसके लिए प्रत्येक बूथ पर रैंप का इंतजाम करने के लिए नगर पालिका को निर्देश दिए गए हैं। पालिका मतदान केंद्रों पर रैंप की व्यवस्था कराएगी। इसके साथ ही पानी के लिए शहर में प्रत्येक जगह पानी की टैंकर भी रखवाए जाएंगे। जिससे कि पानी की आपूर्ति होती रहेगी।

इसके अलावा लोकसभा चुनाव के लिए 19 अप्रैल को चुनाव होना है। जनपद की पांच विधानसभा में 1071 मतदेय स्थल हैं। वहीं कुल 1789 मतदान केंद्र हैं।

कुल ईवीएम 2146 और वीवीपैट 2325 और 120 प्रतिशत ईवीएम रिजर्व रहेंगी। लोकसभा चुनाव के दौरान तेज गर्मी पड़ने की उम्मीद है। गर्मी के चलते मतदाताओं को तमाम दिक्कतें आएंगी।

### एक साल में बढ़े 3768 दिव्यांग मतदाता

एक साल पहले निकाय चुनाव में 11 हजार दिव्यांग वोटर थे। उस समय के प्रशासन की ओर से निकाय चुनाव में शहरी क्षेत्र में 50, ग्रामीण इलाकों में 150 व्हील चेयरों की व्यवस्था कराई गई थी। लेकिन वर्ष 2024 में 14768 वोटर है यानि 3768 वोटरों की बढ़ोत्तरी हुई है। लेकिन अब सांसद को चुनने के लिए 17 लाख 31 हजार वोटर मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

> जनपद में 14,768 दिव्यांगों के लिए 1071 व्हीलचेयर की व्यवस्था कराई जाएगी। शहर क्षेत्र के पालिका ईओ, ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत राज अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। दिव्यांगों को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं आए, इसके लिए व्यवस्थाएं कराई जा रही हैं।
>
> **-जीशान मलिक,** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी




## एक नजर

### भाभी से छेड़खानी में देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

रामपुर, अमृत विचार : कुछ दिनों पहले रिश्तेदार ने घर में घुसकर महिला से छेड़खानी कर दी थी। इस मामले में अब तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। टांडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला का कहना है कि उसका देवर काफी समय से उस पर गलत नजर रख रहा था। आरोप है कि कुछ दिन पहले महिला घर में अकेली थी। बच्चे किसी काम से कहीं गए थे। मौका पाकर देवर उसके घर में घुस गया और उससे छेड़खानी की। विरोध किया तो आरोपी ने उसे मारा पीटा। बाद में पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने सूरजपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सड़क हादसे में महिलाओं समेत तीन लोग घायल

शाहबाद, अमृत विचार : मिलक कोतवाली क्षेत्र के गांव पैगूपुरा निवासी अतुल, कमलेश व पूजा एक बाइक पर सवार होकर शाहबाद किसी काम से आ रहे थे। शाहबाद–रामपुर मार्ग पर बाइक से बचाव के प्रयास में अतुल की बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में तीनों जख्मी हो गए। उन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया, लेकिन कमलेश की हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### साक्ष्य के अभाव में भाजपा नेता यूसुफ अली बरी

रामपुर, अमृत विचार : एमपी–एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने बुधवार को साक्ष्य के अभाव में भाजपा नेता व पूर्व विधायक यूसुफ अली को बरी कर दिया है। 2014 में लोकसभा चुनाव के दौरान पुलिस अधिकारियों के साथ चेकिंग कर रही थी। तभी स्वार थाना क्षेत्र के गांव बिजड़ा निवासी भाजपा नेता यूसुफ अली कार से मिलक खानम क्षेत्र से गुजर रहे थे। इस दौरान स्टेटिक टीम ने उनकी कार रोककर चेकिंग करने की बात कही थी। तभी उनकी टीम से कहासुनी हो गई थी। इस मामले में मिलकखानम थाने में यूसुफ अली के खिलाफ धारा 186, 353 और 504 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद पुलिस ने विवेचना कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसकी सुनवाई एमपी–एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हुई। यूसुफ अली के अधिवक्ता ने महबूब पाशा ने बताया कि साक्ष्य के अभाव में उन्हें बरी कर दिया गया है।



# महिला ने फंदे पर लटककर की आत्महत्या, हत्या का आरोप

## मिलकखानम थाने की पुलिस ने पति समेत दो को हिरासत में लिया

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार: गांव दारानगर में घरेलू कलह से तंग आकर महिला ने रस्सी का फंदा गर्दन में कसकर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे उसके मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। मिलकखानम थाने की पुलिस ने मृतक महिला के पति समेत दो लोगों को हिरासत लिया है। शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है।



बताया कि मिलकखानम थाना क्षेत्र के दारानगर निवासी संतोष की शादी एक वर्ष पहले पटवाई क्षेत्र के गांव बीसरी निवासी क्रांति (22) के साथ हुई थी। चार-पांच दिन से पति-पत्नी में किसी बात को लेकर अनबन चली आ रही थी। परिजनों ने दोनों को काफी समझाया। लेकिन, कोई बात नहीं बनी। बुधवार को पति संतोष किसी काम से बाहर गया था। इस दौरान क्रांति ने घर के कमरे में रस्सी के फंदे पर लटककर जान दे दी। काफी देर बाद जब परिजनों ने कमरे में जाकर देखा तो वह फंदे पर लटकी मिली। परिजनों ने महिला को फंदे से उतारकर जानकारी उसके परिजनों को दी। महिला के मायके वालों ने युवक के परिजनों पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर किया। इस बीच किसी की सूचना पर पुलिस पहुंच गई और पति समेत दो लोगों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। उधर, बेटी के फंदे पर लटककर जान गंवाने की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सभी लोग बेटी के ससुराल पहुंच गए। बाद में मायके वाले अस्पताल पहुंचे।



अस्पताल में खड़े मृतक के परिजन और पुलिस। ● अमृत विचार

### जादोपुर में पशुशाला में आग लगने से मालिक और 10 पशु झुलसे

मिलक, अमृत विचार: पशुशाला में आग लगने से मालिक और पशु झुलस गए। सरकारी अस्पताल में मालिक का इलाज चल रहा है। 10 पशुओं की हालत गंभीर है।

क्षेत्र के गांव जादोपुर निवासी भगवानदास के घर के सामने भूमि खाली पड़ी है। इसमें उनकी पशुशाला है। पशुशाला पर छप्पर है। बताया कि बुधवार तड़के चार बजे किसी ने पशुशाला में आग लगा दी जिससे पशुशाला में आग लग गई। भगवानदास ने जलती पशुशाला से पशुओं को खोलकर बाहर निकाला। इस दौरान कई पशु और वह झुलस गए। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे मिलक के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उपचार कर भर्ती कर लिया। डॉ. बासित अली ने बताया कि झुलसे व्यक्ति की स्थिति में सुधार है। भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। मालिक ने बताया कि उसकी पशुशाला में तीन भैंसें, तीन कटरे व चार बकरियां बंधी थीं। आग से झुलसने के बाद चार पशुओं की हालत गंभीर है।



पट्टी कलां कोसी पुल के पास दुर्घटना के बाद मौजूद स्कूटी सवार शिक्षिका।

# डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार शिक्षिका हुई घायल

संवाददाता, मसवासी

अमृत विचार: पट्टीकलां कोसी नदी के पुल के पास स्कूटी सवार शिक्षिका को डंपर ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो आईं। सूचना के बाद सुल्तानपुर पट्टी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची।

बुधवार को बाजपुर के केशव नगर निवासी शिक्षिका सीता शर्मा स्कूटी से काशीपुर जा रही थीं। कोसी नदी के पुल के पास डंपर ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। डंपर चालक मौके से फरार हो गया। शिक्षिका ने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज काशीपुर उत्तर पुस्तिकाएं जांचने जा रही थीं। कोसी पुल के रोड पर धूल होने के कारण अचानक डंपर ने टक्कर मार दी। शिक्षिका का आरोप है कि मौके पर पहुंची सुल्तानपुर पट्टी पुलिस ने यूपी का क्षेत्र बताते हुए अपना पल्ला झाड़ लिया। सूचना पाकर मसवासी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। शिक्षिका को किसी तरह समझ कर शांत किया। तहरीर देने की बात कहीं, लेकिन शिक्षिका जल्दबाजी में मसवासी पुलिस को कोई तहरीर नहीं सौंप पाईं। सुल्तानपुर पट्टी चौकी पुलिस ने बताया कि घटनास्थल उत्तर प्रदेश का है। अभी तक कोई तहरीर भी प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर आने के बाद अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### मजदूरी के रुपये मांगने पर ट्रैक्टर चालक को पीटा

मिलक, अमृत विचार: रुपयों के लेनदेन में कैंटीन संचालक ने ट्रैक्टर चालक को पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित की पत्नी ने कोतवाली में शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह नगर के मोहल्ला शाहूजी नगर की निवासी है। उसका पति नन्हे सिंह यादव ट्रैक्टर चालक है। डेढ़ माह पहले कृषि मंडी में कैंटीन संचालक ने आलू का व्यापार करने के लिए नन्हे सिंह को ट्रैक्टर लेकर आगरा भेजा था। नन्हे ने एक माह काम किया। होली के मद्देनजर वह घर लौट आया। नन्हे कई दिन से अपनी मजदूरी के रुपये मांग रहा था, लेकिन कैंटीन संचालक रुपये देने में आनाकानी कर रहा था। बुधवार को वह मंडी परिसर में कैंटीन संचालक से रुपये मांगने गया तो आरोपी व उसके दो साथियों ने उसे मारा पीटा। कैंटीन संचालक ने बताया कि नन्हे सिंह ने आगरा में काम करते समय ट्रैक्टर को क्षतिग्रस्त कर दिया था। उसकी मजदूरी के रुपये दे दिए थे। बावजूद उसके वह पुनः मजदूरी के रुपये मांग रहा है।

# यतीमखाना मामले में इंस्पेक्टर ने कोर्ट में दर्ज कराए बयान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में यतीमखाने के एक मामले में बुधवार को इंस्पेक्टर की गवाही हुई। अब इस मामले में नौ अप्रैल को सुनवाई होगी।

सपा शासन में यतीमखाना बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, मारपीट व चोरी के आरोप बस्ती वालों ने लगाए थे। 2019 में इस तरह के 12 मामले शहर कोतवाली में दर्ज कराए गए थे। इसमें आरोप लगाया था कि यतीमखाना बस्ती को खाली कराने के लिए पुलिस के साथ मिलकर सपाइयों ने लोगों के साथ मारपीट की थी। उनका सामान भी लूट लिया गया था।

आजम खां सहित व कई सपाइयों को आरोपी बनाया गया है। इस मामले में बुधवार को इंस्पेक्टर ने बयान दर्ज कराए।

### दो पासपोर्ट मामले में आज फिर होगी सुनवाई

रामपुर, अमृत विचार : पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में बुधवार को कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले में गुरुवार को सुनवाई होगी। 2019 में भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस थाने में अब्दुल्ला आजम के खिलाफ दो पासपोर्ट रखने के आरोप में मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने जांच कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी। यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। अभियोजन की ओर से गवाही पूरी हो चुकी है। बुधवार को इस मामले में सुनवाई होना थी, लेकिन बचाव पक्ष की ओर से स्थगन प्रार्थना पत्र आ गया। इसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए गुरुवार की तारीख लगा दी है।

# आग से तीन एकड़ गेहूं की फसल जली

संवाददाता, बिलासपुर

अमृत विचार: एमआरएफ सेंटर पर पड़े कूड़े के ढेर से उठी चिंगारी ने तीन एकड़ गेहूं की खड़ी फसल को जलाकर राख कर दिया। आग से किसानों का डेढ़ लाख का नुकसान हुआ है।

नगर के कस्बा राजपुर रोड पर पालिका प्रशासन द्वारा नगर से कूड़ा एकत्रित करने के लिए करीब ढाई एकड़ जमीन में एमआरएफ सेंटर बनवाया गया है। मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे सेंटर में लगे कूड़े के ढेर में अचानक आग लग गई। यह आग दूर तक फैलती रही। ठेके पर करीब पौने पांच एकड़ भूमि में गेहूं की फसल लगाने वाले नगरिया कलां निवासी अकरम खां ने बताया कि पालिका के टैंक और दमकल वाहन ने रात में आठ बजे आग की लपटों पर काबू पाया। इससे ठेकेदार की तीन एकड़ गेहूं की फसल जल गई। इससे डेढ़ लाख का नुकसान हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग बुधवार सुबह फिर से सुलगनी शुरू हो गई। आग ने विकराल का रूप धारण करने लगी।



खेत में गेहूं की फसल जलने की जानकारी देता किसान। ● अमृत विचार

- ठेकेदार ने बताया, फसल जलने से डेढ़ लाख का हुआ नुकसान
- दमकल और पालिका टीम ने देर रात तक किया आग पर काबू पाने का प्रयास

पालिका के पांच टैंकों से पानी का छिड़काव कर आग बुझाने में पालिका कर्मी असफल रहे। देर रात तक आग कूड़ाघर में आग सुलग रही थी। पालिका टीम व लोग आग पर काबू पाने का प्रयास करने में लगे हुए थे।

# दो लाख नकद व बाइक न देने पर महिला को घर से निकाला

संवाददाता, शाहबाद (रामपुर)

- लाइसेंसी बंदूक से जान से मारने की धमकी देने का आरोप
- देवर पर दुष्कर्म का आरोप, पति समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट

अमृत विचार: दो लाख नकद और बाइक न देने पर ससुराल वालों ने महिला को घर से निकाल दिया। लाइसेंसी बंदूक से जान से मारने की धमकी दी और देवर ने दुष्कर्म की करने की कोशिश की। इस मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर पति समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने जिला मुरादाबाद के मोहल्ला बरवालान मनोकामना मंदिर के पास थाना कटघर निवासी पति, ससुर, सास, ननद, देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के अनुसार, विवाह से कुछ दिनों बाद तक सब ठीक चला, लेकिन बाद में ससुराल वाले दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे। दहेज की मांग पूरी न करने पर लाईसेंसी बंदूक से जान से मारने की धमकी दी। देवर ने उससे दुष्कर्म करने की कोशिश की। शिकायत करने पर पति व सास-ससुर ने उसके चरित्र पर सवाल उठाया। ससुराल वाले बाइक व दो लाख रुपये की मांग करने लगे। मांग पूरी न करने पर ससुराल वालों ने उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत थानाध्यक्ष शाहबाद से की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पति समेत छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# पुलिस की घेराबंदी देख चोरी की बाइक छोड़कर भागे चोर

संवाददाता, भोट

अमृत विचार: दिनदहाड़े बाइक चोरी की सूचना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नाकेबंदी व वाहन चेकिंग कीतो वाहन चोर चोरी की बाइक घटनास्थल से थोड़ी दूर मंदिर के पास छोड़ कर फरार हो गए। बाइक मिलने पर मालिक ने पुलिस का आभार जताया।

क्षेत्र के किसरोल गांव निवासी रामभरोसे बुधवार सुबह 10 बजे भोट कस्बा स्थित एक लैब से पत्नी की खून की जांच की रिपोर्ट लेने आए थे। उन्होंने बताया कि वह बाइक को लैब के बाहर हाईवे किनारे खड़ा कर चले गए थे। थोड़ी देर बाद लौटे तो मौके पर बाइक नहीं थी। काफी तलाश के बावजूद भी बाइक न मिलने पर उन्हें चोरी का एहसास हुआ। उन्होंने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। कस्बे में हाईवे किनारे खड़ी बाइक की चोरी की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया। आनन फानन थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस की अलग-अलग टीमों ने हाईवे, चौराहों व गांवों के जाने वाले संपर्क मार्ग पर वाहनों की चेकिंग की। कस्बे के आसपास क्षेत्र की नाकेबंदी कर दी। जगह जगह वाहन चेकिंग व पुलिस की नाकेबंदी देख पकड़े जाने के भय से चोर बाइक को भोट कस्बा स्थित मंदिर के पास छोड़ कर फरार हो गए। थोड़ी ही देर में वाहन स्वामी ने अपनी बाइक के मंदिर के पास खड़ी होने की सूचना थाना पुलिस को दी। बरामद बाइक को वाहन स्वामी के सुपुर्द कर दिया। थानाध्यक्ष निशा खटाना ने बताया कि बाइक चोरी की सूचना के बाद हाईवे के साथ ही कस्बे से गांवों को जाने वाले रास्तों में भी वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया था।

### पंचायत घर के ताले तोड़कर एक लाख का सामान चुराया, तहरीर

शाहबाद, अमृत विचार: गांव परौता में पंचायत घर के ताले तोड़कर चोर एक लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए। ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि गौरव कुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। सोमवार रात चोरों ने ग्राम सचिवालय के ताले तोड़ लिए।

इसके बाद आरोपी कम्प्यूटर, प्रिंटर, इंवर्टर, दो बैट्री, चार कुर्सी, सीसीटीवी फुटेज रिकॉर्डर, दस्तावेज व अन्य सामान चोरी कर ले गए। उन्होंने बताया कि गांव में चोरों ने मनवीर व प्रेमपाल सिंह के ट्यूबवेल की दीवार तोड़कर पाइप चोरी कर लिया। इसके अलावा चोर गांव के ही पूरन की ई-रिक्शा घर के बाहर ले गए। ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि ने पुलिस को तहरीर देकर चोरों को पकड़ने की मांग की है। गांव में पुलिस की गश्त बढ़ाने की भी मांग की है।

# दहेज उत्पीड़न के मामले में पति समेत पांच लोगों पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- गाजियाबाद के रहने वाले हैं महिला के ससुराल वाले

अमृत विचार: दहेज में दस लाख रुपये और कार नहीं मिलने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को पीटकर निकाल दिया। पति ने उसको तलाक दे दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति सहित पांच पर केस दर्ज कर लिया है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के राजद्वारा निवासी अलविया का कहना है उसका विवाह 19 फरवरी 2023 को गाजियाबाद निवासी जोहेब खान से हुआ था। शादी में परिजनों ने करीब 20 लाख रुपये खर्च किए थे। उसके बाद भी महिला के ससुराल वाले खुश नहीं थे। उससे अतिरिक्त दहेज मे दस लाख रुपये और एक क्रेटा कार की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ आए दिन मारपीट किया करते थे। मायके वालों ने ससुरालियों को पांच लाख रुपये का फर्नीचर भी बनवाकर दे दे दिया था। उसके बाद ससुराल वाले नही सुधरे। आरोप है कि 10 फरवरी को लगभग 10 बजे महिला के साथ मारपीट की। कहा कि हम अपने लड़के की शादी ऐसी जगह कराएंगे कि मांग पूरी हो सके। उसके बाद जोहेब ने पत्नी को तीन तलाक देकर रिश्ता खत्म कर लिया और घर से निकाल दिया। महिला अपने मायके आ गई। जहां उसने सारा मामला परिजनों को बताया। बाद में उसने कोतवाली थाने में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी पति जोहेब खान,सवीहा,जमीर अहमद,सुम्बुल और जैन खा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी, एक गिरफ्तार

संवाददाता, पटवाई

अमृत विचार: पटवाई पुलिस ने जंगल में छापा मारकर तमंचे बनाने की अवैध फैक्ट्री पकड़ ली। साथ ही एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। अधबने तमंचे और औजार मिले। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया है।

लोकसभा चुनाव आते ही पुलिस सक्रिय हो गई है। अवैध तमंचा फैक्ट्री चलाने वालों पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। पटवाई में लोकसभा चुनाव से पहले पुलिस ने छापेमारी कर अवैध हथियार बनाने वालों का भंडाफोड़ दिया। बेगमपुरा के नजदीक जंगल में बाग में संचालित की जा रही तमंचा फैक्ट्री पर पुलिस ने छापा मारा। पुलिस को वहां से सिविल लाइन क्षेत्र के गांव टिकटगंज का रहने वाला विनोद उर्फ बेनामी को अवैध शस्त्र और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। भारी मात्रा में अवैध तमंचे व उपकरण भी बरामद किए हैं।



उपकरणों के साथ पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी का पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक अब तक कोई अपराध नहीं है। आरोपी के पास से चार तमंचे 315 बोर, दो तमंचे 12 बोर, एक अधबना तमंचा रिवाल्वर नुमा, दो कारतूस 12 बोर, दो कारतूस 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर, 10 छोटे और नाल बनाने के पाइप, दो हथौड़ी, ब्लेड, लोहा काटने की आरी, तीन रेती, दो लोहे की संडास, तीन प्लास, पेचकस, लोहे की रॉड, लकड़ी का गिट्टा, गैस सिलेंडर, कोयला आदि सामान मिला है।

पकड़ने वाली टीम में थाना अध्यक्ष अजय शर्मा, एसआई श्रीपाल सिंह, राकेश कुमार, हेड कांस्टेबल विनीत कुमार, अनिल कुमार, इंद्रप्रकाश, अरुण कुमार मौजूद रहे।

स्वास्थ्य | बुधवार को बुखार से पीड़ित 120 लोग पहुंचे जिला अस्पताल

# गर्मी में तेजी से बढ़ रहे बुखार के मरीज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: मौसम बदलने के कारण लोग बुखार की चपेट में आ रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी में हर रोज ऐसे मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं जिन्हें कई दिनों से बुखार आ रहा है। चिकित्सकों के परामर्श पर मरीजों की जांच कराई जा रही है। बुखार के मरीजों को ठीक होने में एक से दो सप्ताह का समय लग रहा है। बुधवार को भी बुखार से पीड़ित 120 लोग अस्पताल पहुंचे।

मौसम कभी सर्द और कभी गर्म हो रहा है। कभी चिलचिलाती धूप निकल रही है तो कभी आसमान में बादल मंडराने लगते हैं। ऐसे में सावधानी नहीं बरतने वाले लोग सर्दी, जुकाम व बुखार की चपेट में आ रहे हैं। बुखार भी ऐसा हो रहा है कि मरीज को स्वस्थ होने में 15 में से 20 दिन लग रहे हैं। बुधवार को जिला अस्पताल में दोपहर दो बजे तक 895 रोगियों की ओपीडी हुई।

इसमें 120 मरीजों की अस्पताल में पैथोलॉजी लैब पर खून की जांच कराई। जनरल फिजीशियन डॉ. संजय अग्रवाल ने बताया कि मौसम में बदलाव से बीमारियां बढ़ती हैं। ऐसे मरीज जो बिना जांच-पड़ताल के दवा खा रहे हैं। उनको अधिक दिक्कत है इसीलए मरीजों से सलाह है कि पंजीकृत डॉक्टर के परामर्श पर ही दवा का सेवन करें।



जिला अस्पताल में लगी मरीजों की कतार। ● अमृत विचार

### ऐसे करें बचाव

बच्चों को सुबह–शाम पूरी आस्तीन के कपड़े पहनाकर रखें।

रात में पंखा, कूलर आदि न चलाएं।

धूल और धुएं से बचकर रहें।

हृदय और उच्च रक्तचाप के मरीज समय से दवा लें।

बदलते मौसम में बच्चों से लेकर बड़े–बुजुर्गों का खास ख्याल रखें। मौसम में वायरल संक्रमण का खतरा अधिक रहता है। अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों करे अस्पताल में निशुल्क दवा व जांच की व्यवस्था है। इन दिनों सर्वाधिक मरीज बुखार से पीड़ित पहुंच रहे हैं। –डॉ. एचके मित्रा, सीएमएस जिला अस्पताल

### तीन तलाक देकर घर से निकाला, पति पर रिपोर्ट

शाहबाद, अमृत विचार: कस्बे के मोहल्ला नालापर वाहिद निवासी हिना ने पति पर तीन तलाक देकर घर से निकालने का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पीड़िता के अनुसार, उसकी शादी सात साल पहले मोहल्ला नालापर निवासी वसीम के साथ हुई थी। उसका पति चालक है। आरोप है कि वह कार व दो लाख रुपये की मांग करने लगा। मांग पूरी न होने पर वह उसे प्रताड़ित करने लगा। आरोपी बेटियां पैदा होने पर भी उसके साथ मारपीट करता है। आरोप है कि उसके पति वसीम ने दूसरी महिला से शादी कर ली। इस बारे में वसीम से पूछा तो उसने कहा कि मायके वालों ने दहेज की मांग पूरी नहीं की। इसलिए मैंने दूसरी शादी कर ली। 31 मार्च को पति ने उसे मारा पीटा और तीन तलाक देकर घर से बाहर निकाल दिया।



महिलाओं को जानकारी देते एलडीएम एमएम प्रसाद। ● अमृत विचार

# महिलाएं समाज का आइना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: पहाड़ी गेट स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में महिलाओं के लिए एक माह ब्यूटी पार्लर प्रबंधन प्रशिक्षण का आगाज एलडीएम एमएम प्रसाद ने किया। एलडीएम ने कहा कि महिलाएं समाज का आइना है महिलाएं अपने पैरों पर खड़े होकर समाज में बहुत बड़ा परिवर्तन ला सकती हैं।

स्वरोजगार विकास संस्थान में बुधवार को आयोजित कार्यक्र में एलडीएम ने कहा कि महिलाएं अपनी जिम्मेदारियों को समझें। पूरी मेहनत से ब्यूटी पार्लर का काम सीखें। जिससे कि भविष्य में कोई कमी न हो। इसके बााद संस्थान के निदेशक अभिषेक आर्या ने प्रशिक्षणार्थियों को बतया कि संस्थान का उद्देश्य है कि बेरोजगार युवक, युवतियों को हुनर देकर आत्मनिर्भर बनाना है। प्रशिक्षक सरफराज हुसैन ने कहा कि 30 दिवसीय प्रशिक्षण में सकारात्मक सोच, बाजार प्रबंधन, समय प्रबंध, समस्या समाधान एवं बैंकिंग की जानकारी दी जाएगी।

### महिला से छेड़खानी व मारपीट में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

रामपुर, अमृत विचार : रंजिश के चलते कुछ लोगों ने घर में घुसकर महिला से छेड़खानी की। विरोध करने पर उसे पीट दिया। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

टांडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि 19 मार्च को वह घर अकेली थी। तभी कुलदीप, हरदीप और जागन सिंह उसके घर में घुस गए और उससे छेड़खानी की। विरोध करने पर उसे पीटकर घायल कर दिया। आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मंगलवार को पीड़िता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी सुनील, कुलदीप, हरदीप, जागन सिंह और सुनीता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## एक नजर

### सामूहिक दुष्कर्म में फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**रामपुर,अमृत विचार :** सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया। उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसका चालान हो गया। शहजादनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने दिल्ली में गैंगरेप करने का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसको शहजादगनगर भेज दिया गया था। इस मामले में फरार चल आरोपी लतीफ मौलाना उर्फ लतीफ निवासी ग्राम चमरौआ थाना शहजादनगर को दबका चौराहे से गिरफ्तार कर लिया।

### कार की चपेट में आने से बाइक सवार घायल

**रामपुर,अमृत विचार :** पटवाई रोड पर कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए ।उसके बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाली निवासी मनजोत बाइक से किसी काम से बुधवार दोपहर को शाहबाद जा रहा था कि चिकना के पास कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारकर घायल कर दिया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देखकर आरोपी कार चालक मौका पाकर फरार हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे के बाद काफी देर तक भीड़ लगी रही।

### एक्सईएन ने एसडीओ के साथ की बैठक

**रामपुर, अमृत विचार :** विद्युत निगम के प्रथम एक्सईएन इमरान खां ने तीन एसडीओ के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने अखिलेश कुमार, प्रद्योमन्न सिंह और विनय कुमार को निर्देश दिया कि अप्रैल के राजस्व का लक्ष्य पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि बकाएदारों की सूची बनाकर राजस्व वसूली में तेजी लाएं। सब स्टेशन के कर्मचारी द्वारा फील्ड में भेजकर राजस्व की रिपोर्ट प्रतिदिन कार्यालय में जमा कराएं। अंत में उन्होंने कड़ी हिदायत दी है कि कोई भी जेई बिना अनुमति के कहीं नहीं जाएंगे।

### चरस के साथ एक पकड़ा

**सैफनी, अमृत विचार :** वाहनों की चेकिंग के दौरान पुलिस ने सात मुकदमों के आरोपी को चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस बुधवार को चेकिंग कर रही थी। इस दौरान नगर के दनियापुर चौराहे पर रामलीला मैदान के पास पुलिस ने एक व्यक्ति को शक पर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 500 ग्राम चरस बरामद हुई है। आरोपी थाना शाहबाद के करीमगंज गांव निवासी कल्लू है। इस पर पहले से ही सात मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।



कलश यात्रा वाले मार्ग का निरीक्षण करते कोतवाल संदीप त्यागी। ● अमृत विचार

## कलश यात्रा वाले मार्गों का कोतवाल ने किया निरीक्षण

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** नवरात्र पर निकलने वाली कलश यात्रा वाले मार्गों का कोतवाल ने निरीक्षण किया। पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने के हिदायत दी।

नौ अप्रैल से चैत्र नवरात्र शुरू हो रहे हैं। इस दौरान कलश यात्रा निकाली जाएगी। नवरात्र के प्रथम दिन नगर व ग्रामीण क्षेत्रों मे कलश यात्राएं निकलेंगी। इसे लेकर पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को कोतवाल संदीप त्यागी ने नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में निकलने वाली कलश यात्रा वाले मार्गों का निरीक्षण किया। लोगों से जानकारी लेकर पुलिस को निर्देश दिए। कहा कि कलश यात्रा के दौरान शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले असामाजिक व शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई होगी। इस दौरान क्राइम इंस्पेक्टर अनूप शर्मा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अजयपाल सिंह रहे।

### उधार के रुपये मांगने पर पकौड़ी विक्रेता को पीटा

**मसवासी, अमृत विचार:** उधार के रुपये मांगने पर गांव के ही युवक ने पकौड़ी विक्रेता की पिटाई कर दी जिससे विक्रेता के पैर में चोट लगी है। बाजपुर के निजी चिकित्सक के अस्पताल में उका उपचार चल रहा है। पीड़ित ने चौकी पुलिस को तहरीर दी। लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई।

मसवासी चौकी क्षेत्र के गांव बिजारखाता निवासी मोहनदेई पत्नी मोहन ने बताया कि उसका बेटा मुकेश चौराहे पर पकौड़ी की ठेला लगाता है। पकौड़ी विक्रेता मुकेश के गांव निवासी पवन पर उधार के रुपये बकाया थे। रुपये मांगने पर पवन का मुकेश से बीती रात विवाद हो गया था। बुधवार सुबह पवन अपने साथियों के साथ ठेले पर पहुंचा। मुकेश के साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। घायल अवस्था में मुकेश को गाड़ी में डालकर ले गया। मामले की तहरीर चौकी पुलिस को दी गई है। अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई।

## मिशन शारदा के तहत चिह्नित किए बच्चे, दिया जा रहा विशेष प्रशिक्षण
# 3726 बच्चों को सरकारी स्कूल की मुख्य धारा से जोड़ा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मिशन शारदा के तहत बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से अभियान चलाकर 3726 बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ा गया है। अब ये बच्चे स्कूल में पढ़ाई कर सकेंगे। इन सभी बच्चों को प्रोत्साहन के रूप में 535 रुपये की स्टेशनरी भी दी गई है।

अभिभावक बच्चों को सरकारी स्कूलों में दाखिल करा देते हैं, लेकिन बच्चे स्कूलों से गायब हो जाते हैं। उनकी पढ़ाई अधूरी रह जाती है जबकि सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए शासन की ओर से समय-समय पर योजनाएं चलाई जाती हैं। अब कुछ साल से शासन की ओर से मिशन शारदा योजना चलाई गई। इसके तहत जो बच्चे पढ़ाई छोड़कर चले जाते हैं, उनको तलाश कर दोबारा स्कूलों में दाखिला दिलाया जा सके। शासन के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जिले में मुख्य धारा से जुड़ने के लिए स्कूल छोड़कर चले गए बच्चों को सूची तैयार की गई। इसके बाद जिले में 3726 बच्चों को दोबारा से स्कूलों में पहुंचाया गया।



कक्षा में मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

उनको अलग से किताबें भी उपलब्ध कराई गई हैं। सभी बच्चों को प्रोत्साहन के लिए अलग से 535 रुपये की स्टेशनरी भी दी

> मिशन शारदा के तहत सूची बनाकर 3726 बच्चों को पढ़ाई के लिए मुख्य धारा से जोड़ा गया। उनको किताबें भी उपलब्ध कराई गई हैं।
>
> **-सुनील कुमार श्रीवास्तव,** जिला समन्वयक, सामुदायिक सहभागिता

जा रही है। उधर, मुख्य धारा से जोड़ने के लिए इन बच्चों को पहले सभी ब्लाकों के स्कूलों में प्रवेश कराया गया है।

इन बच्चों को नौ माह का विशेष प्रशिक्षण शिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है। बच्चों को उनकी आयु के हिसाब से कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। उम्र के मुताबिक, कक्षा में जाकर पढ़ाई कर सकेंगे। हर ब्लॉक में बच्चों को अलग से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 2023-24 में 3726 बच्चों को चिहिह्न किया गया था।

# कुरआन से बदला दुनिया का इतिहास : डॉ. पुष्कर
## रजा लाइब्रेरी में कुरआन और खत्ताती के नमूनों की प्रदर्शनी का किया गया आरंभ

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि कुरआन की कई प्रकार की प्रतियां लाइब्रेरी में उपलब्ध हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि एक ऐसी किताब जो दुनिया की सबसे प्रभावशाली किताबों में से एक है। जिसने करोड़ों लोगों के जीवन पर प्रभाव डाला। करोड़ों लोगों के जीवन जीने की शैली बनी। ऐसी किताबें पाण्डुलिपियों के रूप में हमारी इस लाइब्रेरी में हैं। रमजान के आखिरी अशरे में लगी कुरआन मजीद और खत्ताती के नमूनों की प्रदर्शनी का लोगों ने अवलोकन किया।

रमजान में रजा लाइब्रेरी के दरबार हॉल में कुरआन और खत्ताती के नमूनों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसका आगाज लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि कुरआन आने के बाद से दुनिया का इतिहास बदल गया। बहुत कम पुस्तकें ऐसी होंगी जिनके कारण इतिहास में इतना बड़ा परिवर्तन आया होगा। इसलिए कुरआन पर और अधिक शोध होना चाहिए। कहा कि इस रमजान में हम अपने मन में संकल्प लें, मानवीय मूल्यों से जुड़ी जो बातें कुरआन में दी हैं, उनका पालन करें और मानवीय दृष्टि कोण से पूरे विश्व को देखने की क्षमता अपने अंदर विकसित करें। लाइब्रेरी के निदेशक ने कहा कि मुझे लगता है, रमजान की सार्थकता सिद्ध होगी। उधर, रजा लाइब्रेरी के सूचना अधिकारी डॉ. अबुसाद इस्लाही ने बताया कि लाइब्रेरी में बहुत से मुद्रित और हस्तलिखित कुरआन शरीफ की प्रतियां सुरक्षित हैं। उनमें से कुछ प्रतियों की प्रदर्शनी रमजान में लगाई जाती है। प्रदर्शनी तीन अप्रैल से चार मई तक दरबार हाल में प्रदर्शित की जाएगी।



फीता काटकर प्रदर्शनी का आरंभ करते रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र।



प्रदर्शनी में कुरआन मजीद देखते लोग। ● अमृत विचार

इस प्रदर्शनी में कूफी लिपि में 7वीं सदी ईसवी में हजरत अली द्वारा लिखा हुआ दुलर्भ कुरआन मजीद, कूफी लिपि में 8वीं सदी ई में इमाम अबू अब्दुल्ला जाफ बिन मुहम्मद बिन अली द्वारा लिखित दुलर्भ कुरआन, अरबी नस्ख बहार लिपि का 1379 ई का कुरआन जिसमें आलमगीर बादशाह के मंसबदार गजनफर की एक मुहर है। अरबी नस्ख लिपि का 1315 ई. का लिखा हुआ कुरआन, सुलुस लिपि का 1669 ई. के कुरआन के हर पृष्ठ पर तीन लाइन सुलुस लिपि में सोने से लिखी हैं और 12 लाइन में नस्ख में काली स्याही से कागज पर लिखा हुआ है।

नस्ख लिपि का 1103 ई. का कुरआन मजीद, अरबी नस्ख लिपि का 1743 ई का कुरआन जिसको मुहम्मद रजा कश्मीरी ने खूबसूरत कागज पर किताबत किया हुआ है। इसकी लाइन के बीच की जगह को सोने के पानी से सजाया है। अरबी नस्ख लिपि का 1152 ई. का कुरआन कमालुद्दीन हसन बिन मीरक अलहुसैनी अल नजफी हैं। खते-कूफी, खते-नस्ख, खते-नस्तालिक, खते-रेहान आदि खतों में कैलीग्रॉफियों को प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया है।

## जिले में गुरुग्राम की कंपनी लगवाएगी 3.5 लाख बिजली के स्मार्ट मीटर

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**स्वार और बिलासपुर क्षेत्र में कर्मचारियों ने शुरू किया सर्वे**

**अमृत विचार:** जिले में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाने के लिए गुरुग्राम की कंपनी के कर्मचारियों ने डेरा डाल लिया है। कंपनी की ओर से स्वार व बिलासपुर क्षेत्र में सर्वे कराया जा रहा है।

जिले में डिवीजन वार 3.5 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। इनके लगने से लाइनलॉस पर रोक लगेगी। डिवीजन पर कंट्रोल रूम भी बनवाया जाएगा। इससे बिजली की खपत का पता चल सकेगा। मीटरों की रीडिंग एलसीडी पर प्रदर्शित होगी। माह की अंतिम तिथि नजदीक आते ही बिल का भुगतान उपभोक्ता को जमा करना होगा। बिल जमा नहीं करने पर कनेक्शन को डिवीजन से काट दिया जाएगा।

विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार, स्मार्ट मीटर से लाइनलॉस पर रोक लगेगी, राजस्व में भी वृद्धि होगी। मालगोदाम स्थित अधीक्षण अभियंता ने बताया कि गुरुग्राम की कंपनी इनटेली स्मार्ट मीटर लगाएगी। इसके लिए कंपनी ने सर्वे शुरू कर दी है। सर्वे पूरा होने पर जल्द ही मीटर लगवाए जाएंगे।

> बिजली चोरी रोकने के लिए जिले मे साढ़े तीन लाख स्मार्ट मीटर इनटेली कंपनी लगवाएगी। इसके लिए कंपनी ने सर्वे शुरू कर दिया है।
>
> **-वीके आर्या,** अधीक्षण अभियंता

### बकाया जमा नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की करें संस्तुति

अधीक्षण अभियंता ने अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिया है। कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने के लिए गुरुग्राम की कंपनी के कर्मचारी सर्वे कर रहे हैं। सर्वे में अधिशासी अभियंता सहयोग करें। कहा कि जो ऐसे उपभोक्ता हैं जिन पर निगम का बकाया चल रहा है, उनकी सूची बनाकर कनेक्शन काटा जाए। ओटीएस योजना के तहत बकाया जमा नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति करें।

## मक्का व मदीना में धरना-प्रदर्शन करने पर होगी कार्रवाई: जीशान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**गिरफ्तार कर तीर्थ यात्रा पर लगाया जा सकता है प्रतिबंध**

**अमृत विचार :** हज आजमीन को मक्का, मदीना में धरना प्रदर्शन करना या सऊदी हुकूमत के खिलाफ नारेबाजी करना भारी पड़ सकता है। तीर्थ यात्री सऊदी सुरक्षाकर्मियों के साथ बहस भी नहीं करें। उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है। हज यात्रा पर जाने वाले के लिए किसी प्रकार की व्यवसायिक गतिविधि किया जाना भी वर्जित होगा। गिरफ्तार किए जाने पर हमेशा के लिए प्रतिबंध भी लगाया जा सकता है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी जीशान मलिक ने बताया कि हज वीजा पर तीर्थ यात्रियों द्वारा किसी भी प्रकार की व्यवसायिक गतिविधि करना वर्जित है। यदि आजमीने हज ऐसी किसी गतिविधि करने का प्रयास करते हैं तो उन्हें स्थानीय पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा सकता है।

भारत के महावाणिज्य दूतावास जद्दा में हज यात्रियों के लिए चेतावनी जारी करते हुए कहा गया है कि मक्का मुर्करमा और मदीना मुनव्वरा में मस्जिदों पर झंडे या किसी भी प्रकार के बैनर फहराना, मस्जिदों के फर्श पर पड़ी दूसरों की वस्तुओं को उठाना। सऊदी सुरक्षाकर्मियों के साथ बहस करना या झगड़ा करना, धरना देना और सऊदी हुकूमत के खिलाफ नारेबाजी करना वर्जित है। सऊदी अधिकारियों को आजमीने हज को गिरफ्तार किया जा सकता है। इसके अलावा हिरासत में लेकर भारी जुर्माना या स्थायी प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

### रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार:** रेस्टोरेंट की उद्घाटन पार्टी में न बुलाने के विवाद के चलते रविवार को मारपीट के मामले में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इन सभी के विरुद्ध शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई की गई है। आरोपियों में वीरपाल, दीपू वर्मा, विकास कुमार विक्की, अंकित वर्मा, ओमप्रकाश व अन्नू उर्फ अरुण शामिल हैं। यह सभी बेगमाबाद गांव के रहने वाले हैं।

रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करने वालों के विरुद्ध बेगमाबाद गांव निवासी शन्नो रानी पत्नी शिवम ने कोतवाली में तहरीर दी थी। उसके अनुसार, आरोपियों ने उसके नए फास्ट फूड रेस्टोरेंट की ओपनिंग पार्टी के बाद वहां आकर मारपीट व तोड़फोड़ की थी। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक चंद्र सिंह द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी कर लिया है।



श्रमायुक्त को ज्ञापन देते मोहम्मद उस्मान। ● अमृत विचार

## कारचोब व्यापारी से दिलवाएं मजदूर के रुपये, ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान ने बुधवार को सहायक श्रमायुक्त को ज्ञापन सौंपा ।

ज्ञापन में कहा गया है कि दिल्ली का कारचोब व्यापारी एक गरीब मजदूर के पैसे नहीं दे रहा है। कहा कि ईद का त्योहार सिर पर है और मजदूर काफी परेशान है। बताया कि कि रालोद मजदूर किसानों की पार्टी है। पूरी ताकत से एनडीए में शामिल है।

उन्होंने मांग की है कि दिल्ली के व्यापारी वसीम, इमरान से मजदूर के पैसे दिलवाए जाएं। जिससे वह मजदूर ईद का त्योहार मना सके। ज्ञापन देने वालों में मजहर अली खां, मोहसिन, शबाब अली आदि शामिल रहे।

## वन विभाग के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार:** भाकियू तोमर के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सनजोर अली पाशा ने कहा कि वन विभाग किसानों को परेशान करना बंद करे। अन्यथा भारतीय किसान यूनियन तोमर विभागीय अधिकारियों के खिलाफ आंदोलन करेगी। इससे पहले किसानों ने वन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन भी किया।

भारतीय किसान यूनियन तोमर की बुधवार की शाम ताशका स्थित कार्यालय पर पंचायत हुई। जिसमें किसानों की समस्याओं का समाधान करने की बात हुई। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सनजोर अली पाशा ने कहा कि लालपुर से पहाड़ी मार्ग नहर की सफाई का कार्य मशीनों द्वारा किया जा रहा है। इसी तरह के कई मामलों में वन विभाग जिले में किसानों का शोषण कर रहा है ।जिसमें डीएफओ राजीव कुमार कोई संज्ञान नहीं ले रहे हैं ।जिम्मेदारी शासन प्रशासन और वन विभाग के अधिकारियों की होगी ।वन विभाग के रेंजर शिवकुमार यादव ने अपने क्षेत्र अधिकारियों के माध्यम से डीएफओ की मदद से सभी 30 पेड़ कटवा चुके हैं। इस मामले की शिकायत कई बार डीएफओ से की गई थी पर वह कोई संज्ञान किसी भी अधिकारी पर नहीं लेते है। रेंजर मिलक ने एक किसन से डेढ़ लाख की वसूली का हवाला हमने कुछ दिन पहले दिया था। उसमें 25000 की रसीद काटी गई है आरोप है कि बाकी पैसे वन विभाग के अधिकारी हजम कर गए। यदि ऐसे ही उत्पीड़न किसानों का होता रहा,तो जल्दी आंदोलन होगा। पंचायत में नादिर मियां, लियाकत हुसैन साबरी, रऊफ खां, सगीर अहमद खां, सुहेल पाशा, इस्लाम नबी, मोईन खां, जयराम मौर्या आदि मौजूद रहे।



वन विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

### कोर्ट से अब्दुल्ला को झटका जिरह का अवसर हुआ खत्म

**रामपुर, अमृत विचार:** फर्जी शपथपत्र देने के मामले में बुधवार को एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता द्वारा एफआईआर लेखक से जिरह न करने के कारण उनका अवसर खत्म कर दिया है। अब इस मामले की सुनवाई 23 अप्रैल को होगी।

पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम के खिलाफ 2021 में स्वार कोतवाली में मामला दर्ज कराया गया था। इसमें आरोप है कि चुनाव के दौरान उन्होंने फर्जी शपथ दिया था। पुलिस ने इस मामले की विवेचना कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। बुधवार को भी इस मामले की सुनवाई हुई। अभियोजन अधिकारी अमरनाथ तिवारी ने बताया कि बुधवार को कुलदीप से जिरह होनी थी, लेकिन पूर्व विधायक के अधिवक्ता कोर्ट नहीं पहुंचे। इसके बाद कोर्ट ने गवाही का अवसर खत्म कर दिया।

**दिक्कत** | निर्देश के बाद भी चालक और परिचालक कर रहे मनमानी

## रोडवेज की बसों से लगता है जाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस क्षेत्र में सुबह से लेकर रात तक चालक जगह-जगह रोडवेज की बसों को रोककर सवारी भरते हैं। इससे पूरा दिन हाईवे पर जाम की स्थिति बनी रहती है। इस बारे में एआरएम को कई बार अधिकारियों ने बसें रोडवेज परिसर में खड़ी करवाने के सख्त आदेश दिए। लेकिन चालक और परिचालक मनमानी रहे हैं। इससे हादसा होने का खतरा बना रहता है।

सिविल लाइंस थाने के सामने हर रोज रोडवेज बसें रोकी जाती हैं। इसके अलावा ई-रिक्शा भी खड़े हो जाते हैं। इन से यहां जाम लग जाता है, जिससे लोगों को परेशानी होती है। इसे लेकर पूर्व में कई जिलाधिकारी ने रोडवेज के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को निर्देश दिए थे कि हाईवे किनारे रोडवेज की बसों को न रोका जाए। कई बार अधिकारियों ने सिविल लाइंस थाना प्रभारी को खड़ी रोडवेज बसों का चालान करने के निर्देश दिए थे। लेकिन, उसके बाद भी पुलिसकर्मी ऐसे चालकों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। उधर, मालगोदाम, सिविल लाइंस और आंबेडकर पार्क के सामने हर रोज बसें खड़ी होती हैं। इससे जाम लगने कारण ही हादसे होने का खतरा बना रहता है। दिन भर सरकारी वाहनों से वीआईपी लोग वहां से निकलते रहते हैं वह भी जाम में फंस जाते हैं। लेकिन, पुलिस ऐसे चालकों पर कोई कार्रवाई नही करती है।



थाने के पास रोडवेज की बस में चढ़ते यात्री। ● अमृत विचार

> अगर रोडवेज बसों के चालक थाने के सामने सवारियां भरते हैं और इससे जाम लग जाता है तो वहां तैनात पुलिस कर्मियों को बसों का चालान करना चाहिए।
>
> **-दीपचंद्र,** एआरएम

### जिले के 27 गांवों से जांच को लिए गए मिट्टी के नमूने

**रामपुर, अमृत विचार :** शरीर में रक्त हो लेकिन, उसमें हीमोग्लोबिन नहीं हो तो शरीर कमजोर माना जाता है। इसी तरह खेतों की मिट्टी में फसल का अच्छा उत्पादन लेने के लिए .08 प्रतिशत ऑर्गेनिक मेटर (जीवाश्म कार्बन) होना चाहिए। खेतों में लगाकर रसायनिक उर्वरकों का प्रयोग करने से हरी खाद एवं गोबर की खाद नहीं डालने से जिले का औसत जीवाश्म कार्बन घटकर .46 रह गया है।

जमीनों को सबसे अधिक नुकसान अधाधुंध रसायनिक खादों के इस्तेमाल से पहुंच रहा है। इसके अलावा फसलों के अवशेष जलाने से पोषक तत्व जल जाते हैं। बिलासपुर और स्वार क्षेत्र में फसल अवशेष जलाए जाने से जमीन की सेहत बहुत खराब हुई है। रसायनिक खादों के इस्तेमाल से मृदा में पोटाश और फास्फेट मध्यम स्थिति तक पहुंच गई है। पीएच वैल्यू 6.9 से सात तक मिली है। रसायनिक खाद का लगातार इस्तेमाल मृदा को खासा नुकसान पहुंचा रहा है। मृदा परीक्षण प्रयोगशाला के प्रभारी गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि प्रत्येक विकास खंड से एक-एक गांव चयनित कर शत-प्रतिशत सैंपलिंग कराई गई थी। चयनित गांवों से करीब 27 नमूने एकत्र कर मृदा परीक्षण किया गया था। पोटाश, फास्फोरस मध्यम पाया गया था।

### नालापार क्षेत्र में पानी की रफ्तार धीमी, समस्या की अनदेखी का आरोप

**रामपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद के अधिकारियों की अनदेखी के चलते शहर के मोहल्ला नालापार में पानी की रफ्तार काफी धीमी है जिससे लोगों के घरों में पानी आ रहा है। मोहल्लेवासियों का आरोप है कि इस समस्या के बारे में कई बार अधिकारियों को बताया गया। लेकिन इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। यह दिक्कत पांच दिन से लगातार बरकरार है। मोहल्लेवासियों के घरों में पानी नहीं आने पर आसपास के लोगों के पानी लेकर दैनिक कार्यों को पूरा किया जा रहा है। इस संबंध में ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी का कहना है कि पानी की रफ्तार धीमी होने की शिकायत मोहल्लेवासियों ने की है।




आवश्यकता है

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को

रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की

न्यूनतम योग्यताः- स्नातक

मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव

वेतन :- योग्यता अनुसार

बायोडाटा भेजें:-

hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

## एक नजर

### दिलपुरा में धूमधाम से मनेगी आंबेडकर जयंती

**सैदनगर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव दिलपुरा में हुई बैठक में डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाने पर चर्चा की गई। गांव के सम्मानित व्यक्ति, कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने विचार व्यक्त कर निर्णय लिया। 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम स्थल की सफाई एवं कुछ कोष इकट्ठा किया जाए। कार्यक्रम की अनुमति का नवीनीकरण कराया जाए। इस दौरान राजीव आंबेडकर, जीवन राम, प्रमोद कुमार, आकाश कुमार, रोशन लाल, अभिषेक गौतम, प्रमोद कुमार, सत्यवीर सिंह, अशोक कुमार, सोनू सिंह, बंटी, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।

### गोकशी करने वालों के परिजनों पर होगी कार्रवाई

**मिलक, अमृत विचार :** कोतवाल ने नवरात्र और ईद के मद्देनजर क्षेत्र के धर्म गुरुओं व संभ्रांत व्यक्तियों के साथ बुधवार को बैठक की। इसमें त्योहारों को आपसी शौहार्द व शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। कहा कि क्षेत्र के जिम्मेदार त्योहारों के दौरान उन्माद फैलाने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल के लिए प्रशासन का सहयोग करें। गोकशी करने वालों की सूचना पुलिस को दें। गोकशी को अंजाम देने वालों को नहीं बख्शा जाएगा। उनके परिवार वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। धार्मिक उन्माद फैलाने वालों पर पुलिस की नजर है।

### घर के बाहर खड़ी किशोरी का अपहरण, रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** घर के दरवाजे पर खड़ी किशोरी का युवक अपहरण कर ले गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। शाहबाद थाना क्षेत्र के गांव टांडा निवासी तारा का कहना है कि मंगलवार की सुबह उसकी 15 साल की बेटी घर के बाहर खड़ी थी। जिला संभल के थाना बहजोई के गांव आलपुर मेंथरा निवासी आरोपी युवक तस्लीम उसकी बेटी का अपहरण करके ले गया। उसने बेटी को इधर-उधर तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चल सका। बाद में उसने शाहबाद थाने में तहरीर दी।

### पुलिया का निर्माण कराने की मांग, दिया पत्र

**रामपुर, अमृत विचार :** शाहबाद गेट स्थित चीनी मिल की ओर से जाने वाली सड़क के पास पुलिया काफी दिनों से क्षतिग्रस्त है। राहगीरों को परेशानी होती है। बुधवार को शाहबाद गेट के मोहल्लेवासियों ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पत्र दिया है।

# मस्जिदों में पढ़ें अलविदा जुमा की नमाज : एसडीएम

## कोतवाली में हुई बैठक में एसडीएम और कोतवाल ने लोगों से शांति की अपील

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** कोतवाली में अलविदा जुमे को लेकर शांति समिति की बैठक में एसडीएम और सीओ ने कहा कि लोग नमाज मस्जिदों में ही पढ़ेंगे। कोई भी नई परंपरा किसी कीमत पर नहीं डालने दी जाएगी।

कोतवाली के सभागार में बुधवार को नगर व क्षेत्र के सभ्रांत लोगों की बैठक हुई। इसमें एसडीएम अवनीश कुमार ने कहा कि हर त्योहार शांतिपूर्वक मिल जुलकर मनाना चाहिए। उन्होंने अलविदा जुमे की नमाज मस्जिदों में पढ़ने की अपील की। कहा कि अगर किसी को कोई परेशानी हो तो पुलिस को बताएं। कोतवाल संदीप त्यागी ने पुलिस का सहयोग करने की अपील की। कहा कि कोई भी नई परंपरा नहीं डालने दी जाएगी। क्राइम इंस्पेक्टर अनूप शर्मा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक, अजयपाल सिंह, मोहम्मद फहीम, अकील अहमद, इंतजार अंसारी, मुजम्मिल हुसैन, सद्दाम हुसैन, मोहम्मद उसमान, मोहम्मद आसिम, मोहम्मद अहसान रजा, मोहम्मद मुकर्रम राणा, मोहम्मद यूसुफ रजा, नूरहसन आदि मौजूद रहे।



स्वार में बैठक करते एसडीएम अवनीश कुमार व सीओ संगम कुमार। ● अमृत विचार



बिलासपुर में लोगों की बैठक में मौजूद कोतवाल। ● अमृत विचार

### अलविदा जुमा और ईद पर करें गाइडलाइन का पालन : बलवान

**बिलासपुर, अमृत विचार :** अलविदा जुमा और ईद उल फितर की नमाज को लेकर कोतवाल ने मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ की बैठक की। कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग मांगा। बुधवार शाम चार बजे मुख्य चौराहा स्थित कस्बा चौकी के परिसर में हुई बैठक में प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने कहा कि अलविदा जुमा और ईद की नमाज के दौरान मुस्लिम समुदाय के लोग शासन की गाइडलाइन का पालन करें। मस्जिदों के बाहर और सड़कों पर नमाज अदा नहीं करें। कहा कि लोग आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाए और कानून व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करें। इस पर सभी ने सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर गुच्छन खां, जैद हसन, उस्मान खां, हाफिज गुल मोहम्मद, कामिल खां, मुमताज खां, प्रधान के पति जमील अहमद, याकूब खां आदि मौजूद रहे।

# अभी नहीं हुई ईद मेला स्थल की नीलामी, दुकानदार ला रहे सामान

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार:** नगर में झंडा चौक स्थित नगर पालिका की भूमि पर लगने वाले ईद के मेले के लिए मेला स्थल की नीलामी नहीं हो सकी है। लेकिन चार दिवसीय मेले में दुकानदारों ने सामान डालना शुरू कर दिया है। एक व्यक्ति खुद को कथित ठेकेदार बता रहा है। इससे पालिका प्रशासन एवं कथित ठेकेदार के बीच साठगांठ का अंदेशा जताया जा रहा है। इसे लेकर नगरवासियों ने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

नगरपालिका के मैदान में मेला ईद के मौके पर चार दिवसीय मेले लगता है। पालिका द्वारा हर साल मेला स्थल की नीलामी की जाती है। इस बार भी नगरवासियों एवं इच्छुक ठेकेदारों को नीलामी का इंतजार है। ईद के कुछ दिन शेष रह गए हैं। लेकिन अभी तक मेला स्थल की नीलामी नहीं हुई है। एक व्यक्ति द्वारा खुद को ठेकेदार बताते हुए सोशल मीडिया सहित विभिन्न माध्यम से ईद मेले के लिए दुकानदारों व खेल तमाशे वालों को आमंत्रित किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि जब अभी तक मेला स्थल की नीलामी नहीं हुई है तो उक्त व्यक्ति किस आधार पर अपने आपको ठेकेदार बता रहा है। इससे पालिका प्रशासन और कथित ठेकेदार के बीच साठगांठ होना प्रतीत होता है। नगर निवासी जुबैर, इकबाल, अख्तर, वाजिद और अतीक ने जिलाधिकारी से ईद मेला स्थल की नीलामी कराने की मांग की है। मामले की निष्पक्ष जांच कराने को कहा है।

> अभी नीलामी नहीं हुई है, जो व्यक्ति मेलास्थल पर सामान लगा रहे हैं। वे अपने सामान के स्वंय जिम्मेदार होंगे। यदि कोई व्यक्ति खुद को ठेकेदार बताता है तो वह लोगों को गुमराह कर रहा है।
> –पुनीत कुमार, ईओ



मेधावी छात्र को सम्मानित करते सीओ रवि खोखर। ● अमृत विचार

# बच्चे मोबाइल से रहें दूर : रवि

संवाददाता, बिलासपुर

**नरखेड़ा के स्कूल में मेधावियों को किया गया सम्मानित**

**अमृत विचार:** ब्लॉक क्षेत्र के गांव नरखेड़ा स्थित आजाद पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित कर मेधावियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर, विशिष्ट अतिथि भोट थानाध्यक्ष निशा खटाना व समाजसेवी जस्सा सिंह ने बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए।

सीओ ने बच्चों को मोबाइल से दूरी बनाकर रखने की सीख दी। प्रधानाचार्या बलजिंदर कौर ने स्कूल की प्रगति आख्या प्रस्तुत की।

स्कूल के डायरेक्टर एनपी सिंह ने सबका आभार जताया। कराटे कोच नीरज सिंह, संदीप कौर, इख्तेशाम, किशन कुमार, संचित अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, रोहित सक्सेना, अरविंद कुमार आदि उपस्थित रहे।

## किसानों को तीन हजार रुपये प्रति क्विंटल मिले गेहूं का समर्थन मूल्य

**बिलासपुर, अमृत विचार:** नवीन मंडी परिसर स्थित संयुक्त किसान मोर्चा कार्यालय में बुधवार दोपहर भाकियू चढूनी की पंचायत हुई। इसमें सरकार से गेहूं का समर्थन मूल्य तीन हजार रुपये प्रति क्विंटल देने की मांग की।

जिलाध्यक्ष गुरचरण सिंह सिद्धू ने कहा कि देश के किसान बुरे हालातों से गुजर रहे हैं। सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है। सरकार डॉ. स्वामीनाथन की रिपोर्ट लागू करे। सभी फसलों पर एमएसपी का गारंटी कानून बने। साथ ही साथ किसानों के सभी कर्ज माफ होने चाहिए। संगठन को मजबूत बनाने, किसानों के हितों व अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहने का निर्णय किया गया। इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष अवतार सिंह, शमशेर सिंह चीमा, भगवान दास, राजेन्द्र कुमार, लईक अहमद, बलजीत सिंह, सतनाम सिंह, सुखराम, हरबंस सिंह आदि मौजूद रहे।



गुलपोशी के बाद हाफिज और सामां, साथ में अन्य। ● अमृत विचार



स्वार में कुरआन मुकम्मल होने पर हाफिज और सामां। ● अमृत विचार

# कुरआन की तालीम करना हर मुसलमान का फर्ज

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** नगर के हाथा चौराहा स्थित मदीना मस्जिद में 23वीं तरावीह को कुरआन मुकम्मल हो गया। मस्जिद के इमाम शाकिर रजा ने कुरआन और हदीस से रूबरू कराते हुए कहा कि कुरआन को हर मुसलमान को समझकर पढ़ना चाहिए।

कुरआन मुकम्मल होने पर मस्जिद को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था। मौलाना ने कहा कि हमें रमजान में पाबंदी से रोजा रखना चाहिए। अल्लाह ने मुसलमानों को रमजान के पूरे महीने रोजे रखने का हुक्म दिया है, जो भी बिना किसी मजबूरी के जान बूझकर एक रोजा भी छोड़ दे, वह सख्त गुनहगार होगा। कहा कि कुरआन वह किताब है जिसका कोई मुतबादिल नहीं है। अल्लाह ने रमजान में कुरआन नाजिल किया है। दुनिया की सारी किताबों में कुरआन अफजल है। रमजान में कुरआन की तिलावत करने से अल्लाह की रहमत बरसती है। अमीर अहमद, अनीस अहमद, खलील अहमद, महमूद अली, इरफान, अली अकबर, डॉ. जाकिर अली, डॉ. जमशेद अली आदि रहे।

### रमजान गुनाहों से तौबा करने का महीनाः कारी

**स्वार, अमृत विचार :** नगर में मदनी मरकज मस्जिद फैजान-ए-मौला अली में तरावीह के दौरान कुरआन की तिलावत मुकम्मल हो गई। इस दौरान कारी और सामां को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। उलमा ने रमजान का महत्व समझाया। कहा कि यह महीना बरकतों वाला है और गुनाहों से तौबा करने का महीना है। नगर के मोहल्ला नई बस्ती मोहल्ला रसूलपुर स्थित मदनी मरकज मस्जिद में तरावीह में कुरआन मुकम्मल हो गया। कुरआन की तिलावत हाफिज फरीद ने की। इस दौरान इमाम कारी इमरान रजा अत्तारी ने कहा कि रमजान का महीना बरकतों से लबरेज है। अल्लाह अपने बंदों को बरकतों से नवाजता है। इस महीने मे अल्लाह रोजेदारों के गुनाहों को माफ कर देता है। यह महीना तौबा ओर गुनाहों से बचने का है। सभी को रोजा ओर नमाज की पाबंदी कर गुनाहों से तौबा करनी चाहिए। उन्होंने कहा की कुरआन मजीद की तिलावत से दिल रोशन होता है। बाद में कौम की तरक्की एवं मुल्क में अमन चैन की दुआ कराई गई। इस मौके पर तुफैल अहमद, हाफिज फरीद रजा, शफीक अहमद आदि मौजूद रहे।

# घेर सैफुद्दीन खां की मस्जिद में कुरआन मुकम्मल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** मौलाना बाकरी ने कहा कि अल्लाह ने इस मुबारक महीने में कुरआन नाजिल फरमाया। हाफिज आरिश ने कहा कि कुरआन की तिलावत करना सुनना और सुनाना फर्ज का काम है। एक आयत पढ़ो या फिर पारा पढ़ो वह समझकर पढ़ो। कुरआन में हम सबकी निजात और हिदायत भी है।

23वीं तरावीह को मस्जिद हाजी हैदर अली खां में कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। हाफिज आरिश खां ने कुरआन मजीद सुनाया। हाफिज अंजर खां ने सामां के फराइज अदा किए। इस मौके पर मौलाना आरिश ने रमजान की फजीलत बयान की। कहा कि इस माह में अल्लाह इबादत का सवाब सत्तर गुना देता है, इसलिए मुसलमानों को चाहिए ज्यादा से ज्यादा इबादत करना चाहिए। आखिर में मुल्क में अमन शांति के लिए दुआ कराई गई।

इस मौके पर मौलाना इस्लाम उद्दीन खां, आसिफ खां, परवेज खां, आसिम खां, शमीम मियां, सलाउद्दीन खां, रेहान जमीर खां, इकबाल खां, अतहर खां, शाहिद अली खां, जफर अद्दा, कामिल खां, सोनू और अब्दुल्ला आदि शामिल रहे।



कुरआन मुकम्मल होने पर हाफिजों की हुई गुलपोशी।



तीतर वाली पाखड़ की मस्जिद में मौजूद हाफिज व अन्य।

### कुरआन की तिलावत से दिल होता है रोशन : शारिक

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला तीतर वाली पाखड़ की मस्जिद में कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। इसमें हाफिज शारिक सैफी ने कहा कि कुरआन पढ़ने से दिल रोशन होते हैं। बताया कि कयामत के दिन रोजा कहेगा कि अल्लाह पाक मैंने इसको दिन में खाने से रोका, तो कुरआन कहेगा कि अल्लाह पाक मैंने इसको रात में आराम करने से रोका। ए अल्लाह उसको बख्श दे। अल्लाह पाक इनकी सिफारिश कुबूल फरमाएगा। कहा कि मुसलमान अपने बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ दीनी तालीम भी दिलवाएं। हाफिज शारिक सैफी ने कुरआन मजीद सुनाया और सामां के फराइज आदिल रजा खां ने अदा किए। हाफिज और सामां की लोगों ने गुलपोशी की। इसके बाद मुल्क में अमन शांति के लिए दुआ कराई। इस मौके पर समाजसेवी मामून शाह खां, शैजी सैफी, बब्लू सैफी, तारिक सैफी, गुल मोहम्मद, फैज मोहम्मद, चांद मोहम्मद, नौशाद सैफी, शिप्पी खान, रहमान अंसारी, फूल खान आदि मौजूद रहे।

## रेडियोलॉजिस्ट का पद रिक्त होने से परेशानी

**रामपुर, अमृत विचार:** जिला महिला चिकित्सालय में रेडियोलॉजिस्ट के दो पद स्वीकृत है लेकिन यहां पर एक ही तैनाती है। अल्ट्रासाउंड कराने वाली महिलाओं की अधिक संख्या होने पर काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में महिलाएं प्राइवेट चिकित्सक की ओर रुख कर रही हैं। यहां जो रेडियोलाजिस्ट तैनात हैं उनको भी टांडा सीएचसी से अस्पताल से अटैच करा दिया गया है। लेकिन इसके बाद भी मुश्किल कम होने का नाम नहीं ले रही है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. विनीता चतुर्वेदी का कहना है कि चिकित्सालय में जिन चिकित्सकों के पद रिक्त हैं उनकी तैनाती के लिए शासन स्तर से पत्राचार किया जा गया है। उम्मीद है कि जल्द ही चिकित्सक और रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती होगी।



घेर उस्मान खां की मस्जिद में कुरआन मुकम्मल होने पर दुआ कराते मौलाना।

# कुरआन अल्लाह की पवित्र और सच्ची किताब : मौलवी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** घेर उस्मान खान मस्जिद में तरावीह की नमाज में मौलवी मिदहतुल्लाह खान ने कुरआन मजीद सुनाया। मौलवी मार्शुल्लाह वजीही, हाफिज रागिब फुरकानी ने सामां के फराइज अदा किए। अंत में मौलवी अब्दुल वहाब खान फैजान ने दुआ कराई।

डॉ. शायरुल्लाह खान, मौलवी सिकंदर शाह खान आदि मौजूद रहे। इसके अलावा हजरत शाह आखून साहब बिलासपुर गेट पर हाफिज मोहम्मद बिलाल ने कुरआन मजीद सुनाया। सामां के फराइज मोहम्मद शुजा उर रहमान ने अदा किए। इस मौके पर इमाम मौलाना यामीन कासमी ने कहा कि कुरआन अल्लाह की पवित्र और सच्ची किताब है। अल्लाह ने इस किताब को सभी किताबों का सरदार बनाया है। मुसलमान अपने बच्चों को दीनी तालीम दिलाए। इस अवसर पर मौलाना मोहम्मद नाजिम कासमी, हाफिज मोहम्मद हुसैन और मौलाना वसीम आदि शामिल रहे।

### बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** टेलर की बाइक चोरी हो जाने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गंज थाना क्षेत्र के नानकार निवासी दिलशाद का कहना है कि वह टेलर का काम करता है। 30 मार्च को वह शाम को साढ़े सात बजे खुसरो बाग कालोनी में कपड़ों का नाप लेने गया था। वहीं पर उसने बाइक खड़ी कर दी थी। कुछ देर बाद जब वह वापस आया, तो वहां से बाइक गायब देखकर उसके होश उड़ गए। उसने हर जगह बाइक को तलाश किया, लेकिन बाइक का पता नहीं चल सका। बाद में उसने थाने में तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है। क्षेत्र में लगातार लोगों की बाइक चोरी हो रही हैं लेकिन पुलिस बाइक चोरों को पकड़ने में नाकाम साबित हो रही है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा नाम Hajra khatoon पति Mohammad Mushtaque है अब मैने अपना नाम Hajra Begum पति Mohammad Mushtak रख लिया है मुझे और मेरे पति को भविष्य में इन्हीं नामों से जाना पहचाना जाए।

Hajra Begum w/o
Mohammad Mushtak
Moh Bhabbalpuri
Tanda Rampur

**अनदेखी** क्षेत्र में उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं कर पातीं नगर की अधिकांश बेटियां

# महिला डिग्री कॉलेज की उठी मांग

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** नगर में महिला डिग्री कॉलेज की स्थापना की वर्षों से मांग उठ रही है, लेकिन अभी तक नगरवासियों की यह मांग पूरी नहीं हो सकी है। शिक्षा का कोई उचित प्रबंध न होने से बेटियां उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं कर पातीं और मायूस होकर घर की चारदीवारी में कैद होकर रह जाती हैं। अब लोकसभा चुनाव के बीच क्षेत्र में बेटियों के लिए डिग्री कॉलेज की मांग उठ रही है।

बताया गया कि कस्बा टांडा चावल के व्यापार और दीनी तालीम के लिए जाना जाता है। यहां 35 राइस मिलें हैं। नगर में दीनी और मजहबी शिक्षा के लिए कई मदरसे कायम हैं, लेकिन आधुनिक शिक्षा का कोई खास इंतजाम नहीं है। महिला डिग्री कॉलेज की सख्त जरूरत है। उच्च शिक्षा का इंतजाम न होने से तालीम के मामले में टांडा जनपद के अन्य कस्बों के मुकाबले काफी पिछड़ा हुआ है। मांग के बावजूद नगर में डिग्री कॉलेज अभी तक नहीं खुल सका है।



> नगर में महिला डिग्री कॉलेज की स्थापना की आवश्यक है। ताकि लड़कियां स्थानीय स्तर पर ही उच्च शिक्षा आसानी से हासिल कर सके।
> – सरताज जहां रहमानी, सामाजिक कार्यकर्ता



> स्थानीय स्तर पर महिला डिग्री कॉलेज न होने से कस्बे की अधिकांश लड़कियां 12वीं कक्षा से ऊपर शिक्षा ग्रहण नहीं कर पातीं हैं। वे उच्च शिक्षा से वंचित रह जाती हैं।
> – आभा वर्मा, पूर्व शिक्षिका



> स्थानीय स्तर पर लड़कियों की उच्च शिक्षा की प्राप्ति के लिए नगर में शासन स्तर पर एक महिला डिग्री कॉलेज की स्थापना की जाना बेहद जरूरी है।
> – मंजू सैनी, सामाजिक कार्यकर्ता



> लड़कियों की उच्च शिक्षा के लिए टांडा में डिग्री कॉलेज की स्थापना की आवश्यक है। जिससे बेटियां उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश व समाज के विकास में अपना पूर्ण योगदान दे सकें।
> – सुनीता रानी, सामाजिक कार्यकर्ता

## क्षेत्र में झोलाछापों की भरमार स्वास्थ्य विभाग बना अनजान

**मसवासी, अमृत विचार:** क्षेत्र में झोलाछापों की भरमार है। झोलाछाप ग्रामीणों का शोषण कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग को मामले की जानकारी होने के बावजूद इन झोलाछापों के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है।

नगर सहित क्षेत्र के बिजारखाता, मंसूरपुर, रहमतगंज, सेमरा लाड़पुर, करीमपुर, मिलक नौखरीद और हसनपुर उत्तरी गांव में झोलाछाप अपने क्लीनिक और मेडिकल स्टोर खोल कर बैठे हैं। मिलक नौखरीद गांव में तो झोलाछाप मुख्य मार्ग के किनारे ही अपने क्लीनिक खोल कर बैठे हुए हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस बारे में जानकारी है लेकिन फिर कार्रवाई नहीं की जा रही है। पहले यह झोलाछाप बीमार ग्रामीणों को ठीक हो जाने का आश्वासन देते हैं। बाद में हालत बिगड़ने पर दुकानों में ताला डालकर फरार हो जाते हैं।

पूर्व में भी ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं जिनमें झोलाछापों के द्वारा मौके पर हाथ खड़े कर लिए जाने पर मरीज की मौत भी हो गई है। लेकिन, इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग आंखें मूंदे हुए है। स्वास्थ्य विभाग की ढुलमुल कार्यप्रणाली के चलते लोगों में स्वास्थ्य विभाग के प्रति भारी रोष व्याप्त है।

**प्रारूप सी-1**

**( अभ्यर्थी के द्वारा समाचार पत्रों, दूरदर्शन में प्रकाशित करने हेतु )**
**आपराधिक प्रकरणों के सम्बन्ध में घोषणा**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नं. 535 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (इंट्रेस्ट फाउंडेशन और औरस बनाम भारत संघ एवं ए०एन०आर० )

अभ्यर्थी का नाम और पताः **जीशान खान**
राजनीतिक दल का नामः **बहुजन समाज पार्टी**
(स्वतंत्रा अभ्यर्थी यहां निर्दलीय लिखें)
निर्वाचन का नामः **लोकसभा**
निर्वाचन क्षेत्र का नामः **07- रामपुर**
मैं जीशान खान- (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूं

**(ए) लंबित आपराधिक प्रकरण**

| (क्र. सं.) | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं प्रकरण तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियम की धारा (ओं) एवं अपराध (अपराधों) का धारा संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रामपुर | मु० सं० 473/2015 वाद सं0 1680/2016 | विचाराधीन | धारा 3/4 जी. एक्ट |

**(बी) दण्डनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण**

| (क्र. सं.) | न्यायालय का नाम एवं आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथिया) | कार्यालय (यो) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया, अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|

## एक नजर

### हादसे के बाद लगवाया बोर्ड

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चार दिन पूर्व जिले के कांठ थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुए सड़क हादसे में चार लोगों की मौत के बाद लोक निर्माण विभाग नींद से जागा है। चार दिन बाद दुर्घटना स्थल पर बोर्ड लगाया गया। बोर्ड में अब विभाग जगह पर स्पीड नियंत्रण व दुर्घटना स्थल अंकित करेगा। बुधवार को लोनिवि के अधिकारी व ठेकेदार ने मौके पर पहुंचकर बोर्ड लगवाया और जल्द ही बोर्ड पर चेतावनी संदेश भी लिखा जाएगा।

### पुलिस ने दो को दबोचा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चरस व नशे के इंजेक्शन के साथ कटघर थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दरोगा उचित कुमार ने बताया कि उन्होंने रात में गश्त के दौरान पुलिस बल की मदद से आरोपी प्रमोद सैनी पुत्र रमेश सैनी निवासी गुलाबबाड़ी को दबोचा है। इसके पास से उन्होंने 30 नशे के इंजेक्शन बरामद किए हैं। इसी तरह दरोगा शहजाद अली ने बुधवार को चेकिंग के दौरान आरोपी युनूस पुत्र तुल्लन निवासी ख्वाजानगर थाना को पकड़ा है। इसके पास से उन्होंने 120 ग्राम चरस भी बरामद की है।



लोक सभा कोर कमेटी की बैठक में गृहमंत्री अमित शाह को भगवान श्रीराम की मूर्ति भेंट करते नगर विधायक रितेश गुप्ता। ● अमृत विचार



गृहमंत्री के आगमन से पहले रामपुर रोड पर रोका गया ट्रैफिक। ● अमृत विचार

## चुनाव को मेडिकल किट तैयार करने में जुटा विभाग

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव के मतदान कार्य की ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारियों के सामने स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थिति आने पर उनके लिए सभी जरूरी दवाओं की व्यवस्था मेडिकल किट के माध्यम से सुनिश्चित की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग पोलिंग पार्टियों के लिए मेडिकल किट तैयार करने में जोरशोर से जुट गया है।

आगामी 19 अप्रैल को जिले में पहले चरण का मतदान होना है। इसके लिए सरकारी कर्मचारियों की मतदान के लिए ड्यूटी लगाई गई है। चुनाव ड्यूटी के दौरान अगर कर्मचारियों को कोई स्वास्थ्य संबंधित दिक्कत आती है तो उसके लिए उनको मेडिकल किट दी जाएगी। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. भारत भूषण ने बताया कि हार्ट अटैक, ब्लड प्रेशर समेत 14 तरह की दवाएं व मरहम पट्टी आदि को प्रत्येक मेडिकल किट में शामिल किया जा रहा है। पोलिंग पार्टियों के लिए जनपद में दो हजार से अधिक मेडिकल किट की व्यवस्था कराई जा रही है। मेडिकल किट में मौजूद दवाओं का ब्योरा विभिन्न बीमारियों एवं हेल्थ इमरजेंसी में उनके इस्तेमाल से जुड़ी जानकारी के साथ प्रत्येक पोलिंग पार्टी को उपलब्ध कराई जाएगी।

# भाजपा के चाणक्य अमित शाह ने दिया लोकसभा चुनाव जीतने का मंत्र

## केंद्रीय गृह मंत्री बोले- बूथ प्रबंधन को करें पुख्ता, सिर्फ चुनाव ही नहीं जीतना बल्कि पार्टी की नीतियों को और मजबूती के साथ आगे बढ़ाना है

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** मुख्य वक्ता एवं भाजपा के चाणक्य केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रामपुर रोड स्थित होटल में चार कलस्टरों की 17 लोकसभा सीटों पर जीत के लिए कोर कमेटी के साथ मंथन किया। जिन चारों कलस्टरों के कोर कमेटी के पदाधिकारियों, सदस्यों व लोकसभा प्रत्याशियों को बैठक में शामिल होना था सब एक अनुशासित सिपाही की तरह बैठक से पहले ही पहुंच गए थे। तीन बजे से शुरू होने वाली बैठक में करीब 44 मिनट देर से गृहमंत्री का काफिला जब पहुंचा तो वाहनों की आवाजाही रोककर सुरक्षाकर्मी पूरी तरह मुस्तैद हो गए। बंद कमरे में हुई बैठक में भाजपा के राजनीतिक चाणक्य ने बूथ प्रबंधन को पुख्ता कर कमियों को दूर करते हुए हर हाल में जीत का मंत्र दिया तो सभी ने पूरी गंभीरता से उसे सुना व आत्मसात कर चुनाव में जीत की प्रतिबद्धता दोहराई।

रामपुर रोड स्थित होटल में अमित शाह की अध्यक्षता में बैठक तीन बजे होनी थी लेकिन वह 3:44 बजे पहुंचे। होटल के आधा किलोमीटर दूर से वाहनों की आवाजाही बैरिकेडिंग कर रोक दी गई थी। होटल के बाहर पग-पग पर सुरक्षाकर्मी हथियार लेकर मुस्तैद रहे। बैठक में लोकसभा चुनाव की कोर कमेटी के पदाधिकारियों, सदस्यों को उन्होंने बूथ प्रबंधन में कोई कसर न छोड़ने की नसीहत दी। कहा कि बूथ जीता, चुनाव जीता यह भाजपा का मूलमंत्र है। इसमें पन्ना प्रमुखों व लोकसभा संयोजकों को अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभानी होगी। कोर कमेटी का दायित्व है कि बूथों पर अब तक की गई तैयारियों की फिर समीक्षा कर जो भी कमियां रह गई हों उसे दो चार दिन में दूर कर लें। मतदान के दिन मतदाताओं को घरों से निकालकर बूथ तक ले जाना और भाजपा की नीतियों और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के फायदे गिनाने के साथ ही भय, भूख, भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन की उपलब्धियां गिनानी हैं।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, मंत्री जसवंत सैनी, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, लक्ष्मीकांत धर्मपाल सिंह, प्रदेश महामंत्री सुभाष यदुवंश, गन्ना मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण के अलावा मुरादाबाद लोकसभा कोर कमेटी में लोकसभा प्रभारी अशोक पाल, लोकसभा संयोजक डॉ. विशेष गुप्ता, नगर विधायक रितेश कुमार गुप्ता, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, गोपाल अंजान, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, जिला प्रभारी राजेश यादव, वाईपी सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य सतपाल सिंह सैनी, रामपुर के सांसद व लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी घनश्याम लोधी, मेरठ के सांसद राजेंद्र अग्रवाल, मेरठ कैंट के विधायक अमित अग्रवाल, मेरठ नगर निगम के महापौर हरिकांत अहलूवालिया, अशोक कटारिया, रामपुर के विधायक आकाश सक्सेना, पूर्व मंत्री सुरेश राणा आदि मौजूद रहे।



कोर कमेटी की बैठक में पहुंचे मंत्री कपिल देव अग्रवाल। ● अमृत विचार



कोर कमेटी की बैठक में मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी , साथ में विधायक राजीव तरारा व अन्य।

### क्या बोले मंत्री

#### 17 सीटों पर जीत के लिए शाह ने दिया मूलमंत्र

17 सीटों पर जीत के लिए केंद्रीय गृहमंत्री ने मूलमंत्र दिया। बूथ प्रबंधन, पन्ना प्रमुख, बूथ कमेटी व लोकसभा कमेटी को पूरी ईमानदारी व जीत के जज्बे के साथ जुटने के लिए कहा। जनता ने इस बार भी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनाने का संकल्प लिया है। हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ अबकी बार 400 के नारे को साकार करेंगे।

**-कपिलदेव अग्रवाल,** मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार

#### बूथ जीता, चुनाव जीता से होगा अबकी बार 400 पार

बूथ प्रबंधन पर जोर देकर चुनाव जीतने का मंत्र केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिया। भाजपा की नीति रीति जनता का सर्वांगीण विकास, सबका साथ, सबका कल्याण की नीति है। प्रदेश सरकार ने इस बार रिकार्ड और समय से गन्ना मूल्य का भुगतान किया है। चीनी मिल प्रबंधन को हर हाल में समय से भुगतान करने का आदेश दिया गया था। जिस पर वह खरे उतरे।

**-लक्ष्मी नारायण चौधरी,** गन्ना व चीनी मिल मंत्री

### कलस्टर वार लोकसभा क्षेत्र

| कलस्टर | लोकसभा सीटें |
|---|---|
| मेरठ | मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर |
| सहारनपुर | सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना |
| मुरादाबाद | मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, सम्भल |
| ब्रज क्षेत्र | पीलीभीत, अलीगढ़ और मथुरा |

### वाहनों को रोका, चप्पे चप्पे पर तैनात रही पुलिस

जिस होटल में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को 17 लोकसभा सीटों की समीक्षा बैठक करनी थी, उसकी ओर से आने वाले हर रास्ते पर बैरिकेडिंग की गई थी। हाईवे से उतर पुल से नीचे आने वाले सभी रास्ते पर चेक पोस्ट पर बैरियर लगा था। पुलिस अधिकारी और पैरामिलिट्री फोर्स के जवान की नजरें चारों ओर टिकी थीं। सुरक्षा कारणों से मीडिया को भी बैठक स्थल के करीब आने से रोक दिया गया।

### बंद करा दीं आसपास की दुकानें व पेट्रोल पंप

केंद्रीय गृहमंत्री के सुरक्षा प्रोटोकॉल के चलते होटल के सामने का पेट्रोल पंप व आसपास के दुकानों को भी पुलिस प्रशासन ने बंद करा दिया था। अमित शाह का काफिला जैसे ही आने को हुआ उस मुख्य रास्ते से सभी वाहनों की आवाजाही भी रोक दी गई। फिर उनके जाने के बाद ही वाहनों को निकलने दिया गया।

### सूची में नाम होने पर ही मिला प्रवेश

होटल की गैलरी में स्टॉल लगाकर क्षेत्रवार कार्यकर्ता मौजूद रहे। पदाधिकारियों व कई सीटों के प्रत्याशियों को अंदर जाने से पहले सूची से मिलान किया गया। इसके बाद गेट पर उनका स्वागत करने के बाद कलस्टर वार काउंटर पर पार्टी का पटका, परिचय पत्र, कैप आदि देकर भेजा गया।

### साथ आने वालों को रोका

कार्यक्रम स्थल पर लगाए गए कार्यकर्ताओं ने कोर कमेटी के सदस्यों, पदाधिकारियों के अलावा उनके साथ आए लोगों को भी अंदर नहीं जाने दिया। बैठक वाले हाल में पार्टी के शीर्ष प्रबंधन के अलावा कोर कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य ही मौजूद रहे।

## स्प्रिंग फील्ड्स ने मिलेनियम क्रिकेट अकादमी को हराया

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ **शानदार बल्लेबाजी व गेंदबाजी के लिए स्प्रिंग फील्ड्स के यथार्थ को चुना गया मैन आफ द मैच**

**अमृत विचार :** रुक्मिणी क्रिकेट अकादमी के मैदान में स्प्रिंग फील्ड्स क्रिकेट अकादमी और रुक्मिणी अकादमी की ओर से चल रहे अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को मिलेनियम क्रिकेट अकादमी और स्प्रिंग फील्ड्स क्रिकेट अकादमी के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए मिलेनियम क्रिकेट अकादमी ने निर्धारित 40 ओवर में नौ विकेट खोकर 178 रन बनाए।

जवाब में उतरी स्प्रिंग फील्ड्स क्रिकेट अकादमी ने 36.4 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। टीम के लिए आरिज और अयान हुसैन ने 36-36 रन, मोहम्मद अरहम ने 28 और यथार्थ व्यस्त ने नाबाद 30 रन की पारी खेली। टीम के लिए दो विकेट और शानदार बल्लेबाजी पर यथार्थ को मैन आफ द मैच चुना गया। अंपायर की भूमिका में मोहम्मद सायम और शमशाद अल्वी रहे। इस दौरान क्रिकेट कोच बदरुद्दीन सिद्दिकी, कोच मोहम्मद हसीन, रुक्मिणी ग्रुप आफ कालेज के चेयरमैन सिद्धार्थ मलिक, मोहम्मद वसीम, शिव कुमार, तरुण चिमा, ओमदत्त शर्मा, रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

## डाक मतपत्र से मतदान के लिए प्रशिक्षण 4 को

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में डाक मतपत्र के माध्यम से अनुपस्थित मतदाताओं की श्रेणी में आने वालों को मतदान की सुविधा प्रदान की गयी है।

जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। जिसके क्रम में प्रभारी अधिकारी कार्मिक व समस्त सहायक रिटर्निंग आफिसर को निर्देश दिए गए हैं कि मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र से ऐसे मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने के लिए प्रशिक्षण की तारीख तय कर दी गई है। 4 अप्रैल को अपरान्ह 3 बजे पंचायत भवन कंपनी बाग के सभागार में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा 6, 8 और 9 अप्रैल को सुबह 9 से शाम 6 बजे तक डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा।

# निगरानी टीमों ने बरामद की 10.12 लाख की नकदी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ **पांच थाना क्षेत्रों के बैरियर पर कुल छह व्यक्तियों से बरामद की गई है नकदी**

▸▸ **50,000 रुपये से अधिक नकदी मिलने पर निगरानी टीमें मांग रही साक्ष्य**

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की दृष्टि से बनाए गए बैरियर पर एसएसटी/एफएसटी टीमों का कड़ा पहरा है। इन निगरानी टीमों ने कुल 10.12 लाख रुपये की नगदी बरामद की है। यह वह नगदी है, जिसके संबंध में संबंधित लोग पुलिस टीमों को साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाए हैं। इस धनराशि को जिला कोषागार में सुरक्षित किया गया है।

नोडल अधिकारी (निर्वाचन-पुलिस) सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि जिले में 19 एसएसटी (स्टेटिक सर्विलांस टीम) और इतनी ही एफएसटी (फ्लाइंग स्क्वायड टीम) बनाई गई हैं। यह सभी टीमें जिले के बॉर्डर पर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की जांच कर रही हैं। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए यूपी-उत्तराखंड राज्य के बॉर्डर पर अंतरराज्यीय और मुरादाबाद जिले से सटे जिलों की सीमा पर कुल 55 बैरियर बनाए हैं। ये बैरियर सीसीटीवी कैमरों से लैस हैं। बैरियर पर 24 घंटे की संपूर्ण गतिविधियों को कैमरों में रिकॉर्ड किया जा रहा है।

इन बैरियर से होकर गुजरने वाले संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की सघन जांच हो रही है।



छजलैट थाना क्षेत्र में एफएसटी टीम के साथ चेकिंग करते पुलिस अधिकारी।

### पांच दिनों में टीमों को मिली बड़ी सफलता

24 मार्च से दो अप्रैल तक के बीच में पांच थाना क्षेत्र के बैरियर पर टीमों ने बड़ी नकदी बरामद की है। इनमें बिलारी थाना क्षेत्र में निगरानी टीमों ने 24 मार्च को 1.40 लाख रुपये बरामद किए थे। इसी तरह मैनाठेर थाना क्षेत्र में टीमों ने 24 मार्च को दो लाख रुपये, मूंढापांडे क्षेत्र में 29 मार्च को चेकिंग के दौरान 2.50 लाख रुपये और भोजपुर क्षेत्र में एसएसटी प्रभारी अजीत कुमार ने 31 मार्च को 1.55 लाख रुपये बरामद किए थे। डिलारी थाना क्षेत्र में एसएसटी टीम प्रभारी रवि कुमार शर्मा ने एक अप्रैल को 1,30,500 रुपये एक व्यक्ति के पास से बरामद किए थे। दो अप्रैल को भोजपुर थाना क्षेत्र में ही एसएसटी टीम के प्रभारी राजेश कुमार वर्मा ने नई दिल्ली के एक व्यक्ति के पास से 1,36,500 रुपये बरामद किए थे। इस तरह अब तक कुल छह व्यक्तियों से एसएसटी/एफएसटी टीमों ने कुल 10,12,000 रुपये नकद बरामद किए हैं।

## भ्रम में डालने वाली कॉल्स से दूर रहने की सलाह

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** जिले के किसानों को कृषि विभाग के पोर्टल upagriculture.com के माध्यम से सोलर पंप की बुकिंग कराई गई है। इसमें जानकारी मिली है कि कुछ फर्जी संस्थाओं/असामाजिक तत्वों द्वारा किसानों को फोन कर सोलर पंप के शेष कृषक अंश की धनराशि खाता संख्या एवं आईएफएससी कोड आदि विवरण उपलब्ध कराकर जमा करने के लिए कहा जा रहा है।

उप कृषि निदेशक संतोष कुमार द्विवेदी ने बताया है कि सभी किसानों को इसके लिए जागरूक किया जा रहा है। इस तरह से फोन के माध्यम से खाता संख्या आदि उपलब्ध कराकर धनराशि जमा करने के लिए कहने वालों से सतर्क रहें। उनके झांसे में न आएं। सोलर पंप की बुकिंग विभागीय पोर्टल upagriculture.com के माध्यम से की जाती है।

**बोले मतदाता** | **इस बार महानगर की मुख्य समस्याओं को ध्यान में रखकर मतदान करेंगे मतदाता**

# स्थानीय समस्याओं को दूर करने वाला हो सांसद

### ऐसा हो हमारा सांसद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचारः** इस बार महानगर की मुख्य समस्याओं को देखते हुए मतदान करेंगे। हम चाहते है कि इस बार हमारा सांसद स्थानीय समस्याओं और शिक्षा पर ध्यान देने वाला होना चाहिए। जाति और धर्म से ऊपर उठकर बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य करने वाला जनप्रतिनिधि होना चाहिए।

19 अप्रैल को जिले में लोकसभा के पहले चरण का मतदान होना है। उससे पहले शहर की हर गली और मोहल्ले में चुनाव की चर्चा हो रही है। लोग सभी राजनीतिक दलों द्वारा उतारे गए प्रत्याशियों की चर्चा कर रहे हैं। बुधवार को अमृत विचार की टीम चुनाव का माहौल जानने के लिए महानगर के कुछ इलाकों में पहुंची। जहां लोगों ने कहा कि अब तक किसी भी सांसद ने हमारे जिले को कुछ नहीं दिया। हर बार सांसद सिर्फ चुनाव जीतकर चले जाते है और लौटकर नहीं आते। लोगों का कहना है कि इस बार हम धर्म-जाति से हटकर शिक्षा और विकास के लिए मतदान करेंगे। हम लोग इस बार ऐसा सांसद चुनेंगे जो सब को साथ लेकर चले। लोगों ने बताया कि महानगर में सबसे बड़ी समस्या जाम की है, लेकिन आज तक किसी सांसद ने इस पर ध्यान नहीं दिया। इसलिए इस बार मुख्य समस्याओं को लेकर मतदान करेंगे।



“हमारा सांसद शिक्षित होना चाहिए। जो जीतने के बाद शिक्षा के लिए काम करे। धर्म और जाति को लेकर भेदभाव न करे। सभी को साथ लेकर चले। इस बार हम ऐसे ही सांसद को जिताकर संसद भेजेंगे।

**-मोहम्मद आबिद,** करूला



“सांसद को स्थानीय समस्याओं का समाधान करना चाहिए। हमेशा ही ऐसा होता आया है कि सांसद बनने के बाद वे स्थानीय समस्याओं को भूल जाते है। सांसद ऐसा हो जो समस्याएं हल कराए।

**-डॉ. इरशाद हुसैन,** हरथला



“महानगर के कितने ऐसे इलाके हैं जहां, साफ-सफाई नहीं है। ज्यादातर जगह स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। हमें इस बार ऐसा सांसद चाहिए जो क्षेत्र का ध्यान रखे।

**-फहीम मंसूरी,** लाल बाग



“एक साल से कांठ रोड जगह- जगह से टूटी हुई है। केंद्र सरकार ने काफी काम किया है, लेकिन अच्छी सड़क मूलभूत सुविधाओं में आती है। नेता ऐसा होना चाहिए जो लोगों की परेशानियों को समझे।

**-प्रदीप,** हरथला

## भड़काऊ व घृणा फैलाने वाले विज्ञापनों पर रोक

**मुरादाबाद, अमृत विचारः** मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने भड़काऊ, भ्रामक व घृणा फैलाने वाले विज्ञापनों को मतदान के दिन और उससे एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित किए जाने पर रोक लगाने के निर्देश जारी किए हैं। राजनीतिक दल, उम्मीदवार या किसी अन्य संगठन द्वारा मतदान के दिन और उससे एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित कराने वाले विज्ञापनों की सामग्री को राज्य/जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति से पूर्व प्रमाणित कराया जाना आवश्यक है।

जिला निर्वाचन अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव में आवेदकों को विज्ञापन के प्रकाशन के प्रस्तावित तिथि 18 व 19 अप्रैल से न्यूनतम 2 दिन पूर्व कलेक्ट्रेट सभागार के ऊपर संचालित एमसीएमसी समिति के समक्ष आवेदन कर प्रकाशन के लिए उसका प्रमाणित कराया जाना अनिवार्य होगा।

# लापता 163 हिस्ट्रीशीटरों की तलाश

**169** हिस्ट्रीशीटर जेल में निरुद्ध हैं

**1008** हिस्ट्रीशीटरों को किया गया पाबंद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में होने वाले मतदान की नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। ऐसे में लापता हिस्ट्रीशीटर चुनाव में खलल डाल सकते हैं। लिहाजा पुलिस लापता 163 हिस्ट्रीशीटरों को खोज रही है। जिले में कुल 1,877 हिस्ट्रीशीटर हैं।

हिस्ट्रीशीटरों की वर्तमान गतिविधि की जांच के लिए दो महीने से पुलिस उनके गांव-घर पहुंच रही है। इस बीच में ऐसे कई हिस्ट्रीशीटर भी मिले हैं जो घर-गांव से बाहर हैं और वह दूरस्थ क्षेत्र में जीविका कमाने में व्यस्त हो चुके हैं। लेकिन, जिनके बारे में पुलिस को कोई वर्तमान गतिविधि के बारे में जानकारी नहीं मिल सकी है। वह शांति व्यवस्था के लिए जरूर चुनौती बने हैं। दूसरी ओर, जो अपराधी गांव-घर में मिले भी हैं, उनमें से एक हजार से अधिक लोगों पर पुलिस कानून व्यवस्था को लेकर संदेह जता रही है। इसीलिए ऐसे लोगों को थाना पुलिस ने चालान की नोटिस जारी कर उन्हें दो लाख रुपये या इससे भी अधिक धनराशि से पाबंद कर दिया है। नोडल अधिकारी (निर्वाचन-पुलिस) सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि चुनाव में कोई भी यदि खलल डालने का प्रयास करेगा तो पुलिस उससे काफी सख्ती से निपटेगी। वैसे भी चुनाव में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने अपराधियों पर कार्रवाई की है। इसमें गुंडा अधिनियम, जिला बदर, गैंगस्टर और अन्य कार्रवाई शामिल हैं। पुलिस की कार्रवाई से भयभीत 1609 हिस्ट्रीशीटरों ने अपराध छोड़ दिया है। ये लोग अब अपने परिवार की जीविका में व्यस्त हो गए हैं।

### 43 हिस्ट्रीशीटरों पर गुंडा एक्ट, 34 पर लगाया गैंगस्टर

लोकसभा चुनाव में शांति बनाए रखने के लिए जिले के कुल 1877 हिस्ट्रीशीटरों में पुलिस ने 1008 लोगों को 107/116 में चालान कर उनको पाबंद करने की कार्रवाई की है। इसी तरह 510 के विरुद्ध अपराध के लिए उकसाने के आरोप में (आइपीसी की धारा 110) कार्रवाई की है। यही नहीं, 43 हिस्ट्रीशीटरों के विरुद्ध गुंडा एक्ट लगाया है और 12 को जिला बदर कर दिया है। बड़ी बात ये भी है कि 34 हिस्ट्रीशीटरों के विरुद्ध गैंगस्टर लगा दिया है। गैंगस्टर लगाने में बिलारी व भोजपुर पुलिस सबसे आगे रही है। बिलारी थाने की पुलिस ने 18 और भोजपुर थाना पुलिस ने 11 हिस्ट्रीशीटरों पर गैंगस्टर में कार्रवाई कर दी है। पुलिस ने शत-प्रतिशत हिस्ट्रीशीटरों की वर्तमान गतिविधियां जांच ली हैं। इसमें 60 मृत पाए गए हैं। वर्तमान में कुल 169 हिस्ट्रीशीटर जेल में निरुद्ध हैं।

# दानिश अली समेत आठ ने किया नामांकन दाखिल

## भाजपा प्रत्याशी ने दो और सेट जमा किए, दानिश अली ने भी अपने तीन सेट जमा किए

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में होने वाले चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया चल रही है। बुधवार को इंडिया गठबंधन प्रत्याशी दानिश अली ने कलेक्ट्रेट में पहुंचकर अपना नामांकन दर्ज कराया। इसके अलावा भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने अपना तीसरा और चौथा सेट जमा किया। वहीं, दानिश अली के अलावा सात अन्य प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे।

जिले में 26 अप्रैल को मतदान होगा। जिसके लिए 28 मार्च से नामांकन प्रक्रिया चल रही है। पहले दो दिन पर्चे खरीदे जाने के बाद सोमवार को पहला नामांकन दर्ज हुआ था। भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने अपना नामांकन दाखिल कराया था। इस दौरान उनके साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह भी मौजूद रहे थे। वहीं, सोमवार को सात लोगों ने नामांकन पत्र भी खरीदे थे। मंगलवार को भी नामांकन प्रक्रिया के तहत बसपा प्रत्याशी डॉ. मुजाहिद चौधरी ने कलेक्ट्रेट में पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल किया था। इसके अलावा निर्दलीय तौर पर कुशाग्र व अमीचंद ने नामांकन दाखिल किया था।


जिला निर्वाचन अधिकारी को नामांकन पत्र सौंपते प्रत्याशी दानिश अली। ● अमृत विचार


नामांकन पत्र सौंपते तस्सवर अजान। ● अमृत विचार

**28 मार्च से नामांकन प्रक्रिया जारी, कुल 12 ने कराया नामांकन**

वहीं, बुधवार को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी दानिश अली ने अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी को अपना नामांकन पत्र दिया। उनके साथ सदर विधायक महबूब अली, कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार कटारिया, सपा जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव व पूर्व एमएलसी परवेज अली मौजूद रहे। इसके अलावा अन्य सात प्रत्याशियों ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिनमें नरेंद्र सिंह, कुमदेश कुमार, तस्सवर अजान, रामअवतार, राजपाल सिंह सैनी, विजेंद्र सिंह, काशिफ हुसैन शामिल हैं। अब तक कुल 12 लोगों ने अपना नामांकन दर्ज कराया है। वहीं, कंवर सिंह तंवर ने चार व दानिश अली ने तीन सेट जमा किए हैं।

## एक नजर

### मकान में काम करने आए मिस्त्री की बाइक चोरी

**गजरौला, अमृत विचार :** अवंतिका नगर में काम करने आए राजमिस्त्री की घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ली। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। क्षेत्र के गांव पाल निवासी राजमिस्त्री संजय बाइक से मंगलवार सुबह शहर के मोहल्ला अवंतिका नगर में काम करने के लिए आया था। वह मकान की छत पर काम कर रहा था। दिन में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। शाम को राजमिस्त्री ने नीचे आकर देखा तो उसे बाइक चोरी की जानकारी हो सकी। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। चोरी की घटना पास की दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तीन नकाबपोश युवकों ने बाइक सवार को पीटा

**बुरावली, अमृत विचार :** रहरा थाना क्षेत्र के सौरभ पुत्र ओमपाल निवासी मटीपुरा गंगेश्वरी के पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक नागर की कार चलाते हैं। मंगलवार शाम करीब साढ़े सात बजे वह गांव नवाबपुरा से बाइक से अपने गांव मटीपुरा को लौट रहा था। रास्ते में तीन नकाबपोश लोगों ने सौरभ की बाइक रुकवाई और मारपीट कर सौरभ को घायल कर दिया। आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गए तो भीड़ देख तीनों नकाबपोश बदमाश मौके से फरार हो गए। घायल सौरभ को रहरा सीएचसी में भर्ती कराया गया है। पुलिस को मामले की तहरीर दे दी गई है।

### युवक को पीटने में तीन लोगों पर मामला दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** जूस की दुकान के निकट खड़े युवक को कुछ लोगों ने पीटकर घायल कर दिया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शहर के विजयनगर मोहल्ला निवासी साहिल मंगलवार शाम जूस की दुकान के निकट खड़ा था। मोहल्ला बसंत विहार निवासी केशव वर्मा भी पहुंच गया। दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि केशव ने अपने साथियों को बुलाकर साहिल को पीटकर घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस दौरान सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने साहिल को सीएचसी में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने इस मामले में केशव, हिमांशु वर्मा, व प्रशांत के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### पैसे मांगने को लेकर मारपीट, तीन पर रिपोर्ट

**चौधरपुर, अमृत विचार :** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव श्योनाली निवासी परवीन पुत्री हसनैन ने पड़ोसी आमिर, आरिफ और रुकसाना पर पैसे को लेकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी तहरीर में परवीन का कहना है कि वह घर के बाहर खड़ी थी। तभी पड़ोस में रहने वाले आमिर, आरिफ और रुकसाना उसके पास आए और पैसों को लेकर गाली गलौज करने लगे। जब उसने गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर आमिर, आरिफ और रुखसाना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# परिजनों से नाराज युवक ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** गजरौला-नजीबाबाद रेलवे ट्रैक पर नजीबाबाद पैसेंजर ट्रेन से कटकर युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



क्षेत्र के गांव मुरादपुर निवासी 23 वर्षीय सुमित पुत्र धर्मवीर सिंह का मंगलवार सुबह परिजनों से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। जिससे वह नाराज होकर घर से चला गया। बाद में परिवार वालों ने उसकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। उसने मंगलवार देर रात गांव अहरौला तेजवन के पास नजीबाबाद पैसेंजर से कटकर आत्महत्या कर ली। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### हादसे में युवक की मौत

**डिडौली, अमृत विचार :** सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। डिडौली के शाहपुर गांव में किसान बिजेन्द्र सिंह का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी शशिदेवी व तीन बेटे हैं। 25 वर्षीय बेटा विकास कुमार दुबई में होटल में सुपरवाइजर के पद पर नौकरी करता था। मंगलवार रात विकास कुमार व साथी हर्ष शाहपुर गांव से बाइक से दिल्ली जाते समय नेशनल हाईवे स्थित हरियाना के पास पहुंचे थे। तभी जोया की तरफ से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में विकास कुमार की मौके पर मौत हो गई और साथी हर्ष घायल हो गया।



## स्पेशल बस संचालन से नौ लाख का नुकसान

**अमरोहा, अमृत विचार :** परिवहन निगम ने होली पर कई शहरों के लिए स्पेशल बसों को चलाया था। इन बसों के कारण परिवहन निगम को नौ लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है।

बुधवार को सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि होली पर परिवहन निगम ने यात्रियों की सुविधा के लिए स्पेशल बसों को चलाया था। इन बसों को एक करोड़ 25 लाख 55 हजार का लक्ष्य दिया गया था। लेकिन रोडवेज की स्पेशल बसें लक्ष्य को पूरा नहीं कर सकीं। बसों को एक करोड़ 16 लाख रुपये के आमदनी हुई। जो लक्ष्य से नौ लाख रुपये कम रही। सहायक प्रबंधक ने बताया कि होली के लिए 22 मार्च से एक अप्रैल तक बसों को चलाया था। उन्होंने बताया कि रमजान माह के प्रारंभ हो जाने के कारण रोडवेज को सवारियां कम मिलीं। जिस कारण रोडवेज की बसें लक्ष्य को पूरा नहीं कर सकीं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 10 दिन में रोडवेज एक करोड़ 16 लाख रुपए की आमदनी की थी।

# चिकित्सक ने नौकरी के नाम पर तीन लाख रुपये हड़पे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात है चिकित्सक, रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार :** किसान के बेटे की संविदा पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर चिकित्सक ने उससे तीन लाख रुपये हड़प लिए। न तो किसान के बेटे की नौकरी लगी और न ही बाद में रुपए वापस किए। बाद में चिकित्सक ने एक चेक दिया जो बाउंस हो गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी चिकित्सक के खिलाफ धोखाधड़ी, एससी-एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव ड्योढ़ी उर्फ वाजिदपुर का है। यहां पर किसान नन्हे सिंह का परिवार रहता है। उनके गांव में मुरादाबाद के निवासी राकेश चौहान यहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक के पद पर तैनात हैं। नन्हे सिंह की चिकित्सक राकेश चौहान से जान पहचान हो गई। दोनों का एक दूसरे के घर आना जाना हो गया। आरोप है कि कुछ दिन पहले राकेश चौहान ने नन्हे को उनके बेटे आशु को संविदा के पद पर नौकरी लगवाने का झांसा दिया। इसकी एवज में उनसे तीन लाख रुपये ले लिए।

इसके बाद 28 जनवरी 2023 को चिकित्सक राकेश चौहान ने किसान के बेटे के नाम एक ज्वाइनिंग लेटर भी दे दिया। वहीं इससे पहले तीन फरवरी को लखनऊ में इंटरव्यू होना भी बताया था। नन्हे सिंह जब बेटे को लेकर वहां पहुंचे तो पता फर्जी निकला। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी चिकित्सक राकेश चौहान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## 289 मतदान केंद्रों पर लगाए सीसीटीवी कैमरे

**अमरोहा, अमृत विचार :** चुनाव को शांतिपूर्ण कराने को पुलिस ने जिले के 289 मतदान केंदों पर सीसीटीवी कैमरे लगा दिए हैं।

पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि मतदान केंद्रों पर बेहतर गुणवत्ता के कैमरे लगाए गए हैं। वाईफाई नेटवर्क से सभी कैमरे पुलिस कार्यालय थाना व चौकी पर स्थापित सीसीटीवी कंट्रोल रूम से कनेक्ट किए गए हैं। स्क्रीन पर सभी मतदान केंद्रों की लाइव फीड की राउंड द क्लॉक मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके अलावा महत्वपूर्ण सीसीटीवी स्थलों की फीड स्क्रीन पर देखा जा रहा है। बताया कि अमरोहा शहर कोतवाली पुलिस ने 25, थाना अमरोहा देहात ने 29, नौगांवा सादात में 53, मंडी धनौरा ने 34, बछरायूं ने 14, गजरौला चार, रजबपुर ने 30, हसनपुर ने 15, सैदनगली ने 21, आदमपुर ने सात व रहरा थाना पुलिस ने 27 मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए हैं।

# मतदान कर अच्छे जनप्रतिनिधि को चुनें : परमानंद

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कराने के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। बुधवार को शहर के राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, गांधी इंटर कॉलेज और पूर्व माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने मतदाता जागरुकता रैली निकाली।

जिसमें बच्चों ने नारे लगाते हुए लोगों को जागरूक किया। रैली का आरंभ तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव व राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर किया। रैली नगर के रामलीला मैदान से शुरू हुई, जो शहर के मुख्य-मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। रैली से मतदाताओं को जागरूक करने एवं उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। रैली में अंकल-आंटी मान जाओ, वोट देने जरूर जाओ, बच्चा-बच्चा करे पुकार वोट देना अबकी बार जैसे नारे लगाए गए। शत प्रतिशत मतदान करने के लिए, पोलिंग बूथ पर आने के लिए, लोगों को बढ़-चढ़ कर मतदान करने के लिए जागरूक किया। जिसमें भारी संख्या में स्कूली बच्चे शामिल रहे। इस दौरान तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव ने बताया कि देश में सच्चा लोकतंत्र स्थापित करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें। पोलिंग डे के दिन सबसे पहले वोट डालने जाएं इसके बाद ही कोई दूसरा काम करें। उन्होंने कहा कि जागरूक नागरिकों से ही देश का विकास होता है। अपने वोट का इस्तेमाल कर अच्छे जनप्रतिनिधि को चुनें। प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह ने कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना तथा वोट प्रतिशत बढ़ाना है। इस अवसर पर तहसीलदार परमानंद श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह, आलोक कुमार, महेंद्र मिश्रा, नीरज कुमार सहित विभिन्न स्कूलों के बच्चें व शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।



मंडी धनौरा में मतदाता जागरुकता रैली निकालते स्कूली बच्चे। ● अमृत विचार

**लापरवाही** मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने दी चेतावनी

# 47 पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रशिक्षण से गैरहाजिर

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को लिटिल स्कालर्स अकादमी अमरोहा में पीठासीन अधिकारियों और मतदान प्रथम अधिकारियों का दो पालियों में प्रशिक्षण हुआ।

पहले दिन 47 पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रशिक्षण से गैरहाजिर रहे। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने बताया कि अनुपस्थित कार्मिक चार और पांच अप्रैल को प्रशिक्षण लें। अगर सभी प्रशिक्षण नहीं लेते हैं तो जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी के निर्देशों के क्रम में एफआईआर कराकर विभागीय कार्रवाई होगी। लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जोया रोड स्थित लिटिल स्कॉलर्स अकादमी में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम का दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम पाली सुबह नौ बजे से दोपहर 12:30 बजे तक व द्वितीय पाली दोपहर 1:30 बजे से शाम पांच बजे तक हुई। प्रशिक्षण मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, परियोजना निदेशक अमरेंद्र प्रताप के कुशल निर्देशन में मास्टर ट्रेनर्स ने दिया। मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र ने द्वितीय पाली के प्रशिक्षण के बाद जनपद अमरोहा के प्रबुद्ध मतदाताओं से ईडीसी से मतदान की प्रक्रिया बताई और मतदान हेतु शपथ दिलाई। बताया कि बुधवार को प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम का प्रशिक्षण दिया गया है। किंतु कुल 47 पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहे। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि उन्हें चार और पांच अप्रैल को मौका और दिया जाएगा। यदि वह उपस्थित नहीं होते हैं तो जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी के निर्देशों के क्रम में एफआईआर दर्ज कराते हुए विभागीय कार्रवाई की जाएगी।


कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्रा। ● अमृत विचार


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

# अवैध वसूली में तीन पर रिपोर्ट

संवाददता, अमरोहा/चौधरपुर

**अमृत विचार:** जोया में टैक्सी चलाने वालों से अवैध उगाही की जा रही है। सवारियां बैठाने को लेकर हर महीने टैक्सी चालकों से 10 हजार रुपये मांगे जाते हैं। पीड़ित टैक्सी चालक की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने दो आरोपियों का चालान कर दिया है।

मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के जोया कस्बे का है। दरअसल कोतवाली क्षेत्र के गांव पलौला निवासी नदीम अहमद ने जोया कस्बा के मोहल्ला चौधरियान निवासी दानिश पुत्र मुनाजिर हुसैन पर अवैध वसूली का आरोप लगाया है। आरोप है कि टैक्सी में सवारियां बैठाने को लेकर दानिश साथियों के साथ हर महीने 10 हजार रुपये की उगाही करता है। वह अब रोजाना 500 रुपये की मांग कर रहा है। विरोध करने पर गाली व मारपीट करता है। पीड़ित ने पुलिस से मामले की शिकायत की है। जिस पर पुलिस ने दानिश और उसके दो अन्य साथियों पर मारपीट व रंगदारी के मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। सीओ सिटी अरूण कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की है। दो आरोपियों का चालान किया गया है।

## सार-संक्षेप


बैठक करते किसान संगठन के सदस्य। ● अमृत विचार

### किसानों की नारेबाजी के दौरान मधुमक्खियों का हमला

**नौगांवा सादात, अमृत विचार :** तहसील नौगांवा सादात में बुधवार को भारतीय किसान यूनियन शंकर की बैठक हुई। बैठक में किसान समस्याओं को लेकर वार्ता कर रहे थे। जैसे ही किसानों ने नारेबाजी की, तभी मधुमक्खियों ने किसानों पर हमला कर दिया। इससे बैठक में मौजूद किसानों में भगदड़ मच गई। भारतीय किसान यूनियन के उपाध्यक्ष नेम पाल सिंह, हेमेंद्र सिंह, ओमवीर सिंह, रामवीर सिंह को मधुमक्खियों ने बुरी तरह काटकर जख्मी कर दिया। मधुमक्खियों के हमला करते ही अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यालयों के दरवाजे बंद कर लिए और जब तक मधुमक्खियां शांत नहीं हुई सभी कैद रहे। तहसील में काम के लिए आ रहे किसान व वकील घबराए हुए हैं। क्योंकि पता नहीं कब मधुमक्खियां हमला कर दें।


गजरौला में बैठक में मौजूद किसान व अन्य। ● अमृत विचार

### सीमा चौधरी महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष मनोनीत

**गजरौला, अमृत विचार :** राष्ट्रीय किसान यूनियन की पंचायत बुधवार को अतरपुरा में हुई। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि किसानों का शोषण सहन नहीं किया जाएगा। अधिकतर विवाद किसान यूनियन के द्वारा ही सुलझाए जाएंगे। किसानों का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक के दौरान 11 लोगों की कार्यकारिणी बनाई और सीमा चौधरी को महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया। युवा जिला अध्यक्ष रवि चौधरी, कोमल चौधरी, एकता चौधरी, जसवंति, मीरा चौधरी, जगवती, सुमन चौधरी, सरदार समरपाल सिंह, ऋषि पाल सिंह, चौधरी नागेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते नशा मुक्त भारत अभियान के कार्यकर्ता।

### निजी कंपनियों पर रासायनिक पानी छोड़ने का आरोप

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** राष्ट्रीय नशा मुक्त भारत अभियान के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को ज्ञापन उपजिलाधिकारी चंद्रकांता को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि गजरौला क्षेत्र में कुछ कंपनियों के उत्पादित केमिकल प्रदूषण के कारण हालात चिंताजनक हैं। इन कंपनियों द्वारा छोड़े जा रहे रासायनिक प्रदूषण ने शहर के पानी को पूरी तरह दूषित कर दिया है। जिससे नगर के लोग गंभीर बीमारियों से जूझ रहे है। राष्ट्रीय नशा मुक्ति भारत अभियान के कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी मांग पत्र भेजा है। जिसमें कंपनियों द्वारा केमिकल को नियमित छोड़ना बंद कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में कंपनियों द्वारा क्षेत्रीय लोगों को रोजगार देने की भी मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष अनिल चौधरी, जसविंदर सिंह, नीलेश कुमार वर्मा, बलजीत सिंह, शिव चौहान, कविन्द्र शर्मा सहित आदि मौजूद रहे।

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

**गजरौला, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला लक्ष्मीनगर में हो रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास अत्रि महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया और भजन सुनाए। कथा व्यास अत्रि महाराज ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाएं बहुत ही प्रशंसनीय हैं। उन्हें देखकर मन में उल्लास व उर्जा का भाव आता है। उन्होंने कहा कि बचपन में ही कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी अगुंली पर उठाकर लोगों को संरक्षण दिया था। उन्होंने कहा कि शादी समारोह व अन्य कार्यक्रमों में भोजन को व्यर्थ न जानें दें। केवल उतना ही भोजन थाली में लें जिसे आप पूरा खा लें। उन्होंने कहा कि सभी माता-पिता का सम्मान करें, जिन घरों में माता-पिता का सम्मान होता है, उन घरों में खुशियां आती हैं। भागवत कथा का श्रवण करके भगवान श्री कृष्ण से सुख, समृद्धि की प्रार्थना करें। इस अवसर पर राजीव गोयल, चन्द्रप्रकाश शर्मा आदि सहित अनेकों लोग शामिल रहे।


श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते कथावाचक।

### हैबतपुर में रैली निकाल मतदान को किया जागरूक

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** बुधवार को विकास खंड के गांव हैबतपुर चौधरियान स्थित प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्कूल चलो अभियान संबंधी रैली निकाली। रैली का आरंभ ग्राम प्रधान के पति एहसान अली ने झंडी दिखाकर किया। रैली में बच्चों ने स्कूल चलो अभियान को लेकर नारे लगाए तथा पूरे गांव में रैली निकालकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक योगेश चौधरी ने ग्रामीणों को बताया कि छह से 14 वर्ष के बच्चों का विद्यालय में निशुल्क नामांकन किया जा रहा है। जिन्हें सरकार की ओर से दी जाने वाली सभी योजनाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बताया कि रैली का उद्देश्य विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन कराना है। इसके साथ ही ड्रॉप आउट बच्चों को चिह्नित कर उन्हें भी विद्यालय में नामांकित कराना है। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र छात्राएं मौजूद रहे।


अमरोहा में वाहन की जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

### पुलिस ने चेकिंग के दौरान 410 वाहनों के किए चालान

**अमरोहा, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर जिले भर में चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 410 वाहनों के चालान किए गए। लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक कराने के लिए पुलिस अधीक्षक ने जिले की पुलिस को सख्त निर्देश दिए हैं। पिछले 24 घंटों में ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों की चेकिंग करके 410 वाहनों के चालान किया है। ट्रैफिक इंचार्ज धर्मेंद्र ने बताया इस अभियान के दौरान हेलमेट सीट बेल्ट न लगाने और बुलेट से तेज आवाज निकालने पर चालान किए गए। इसके अलावा चार पहिया वाहनों को भी चेक किया गया।

## एक नजर

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**सिरसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव फाजलपुर निवासी संतोष न्यायालय में चल रहे वाद को लेकर न्यायालय में पेश नहीं हो रहा था। न्यायालय ने संतोष को गिरफ्तार करने के लिए हजरतनगर गढ़ी थाना पुलिस को निर्देश दिया था। बुधवार को सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने संतोष को गिरफ्तार कर लिया और कानूनी कार्रवाई कर संतोष का चालान कर दिया।

### बाइकों की भिड़ंत में महिला घायल

**जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र के गांव नदरौली निवासी भूरे बुधवार को बाइक पर सवार होकर अपनी पत्नी आसवीन के साथ गांव पतरिया जुनावई मार्ग पर जा रहा था। थाना क्षेत्र में बंगाली कालोनी के पास पीछे से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे दंपती सड़क पर गिर गए और आसवीन गंभीर रुप से घायल हो गई। जबकि इस हादसे में भूरे बाल बाल बच गया। वहीं मौका मिलते ही टक्कर मारने के बाद चालक अपनी बाइक लेकर भाग गया।। सूचना मिलने पर चालक एंबुलेंस लेकर मौके पर पहुंचा और घायल आसवीन को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।

### पिता-पुत्रों ने ग्रामीण के साथ की मारपीट

**रजपुरा, अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश में खेत से घर जा रहे ग्रामीण को गांव के ही पिता पुत्रों ने मारपीट कर घायल कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव डोहरी निवासी महेंद्र की गांव के ही छोटे से किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है। बुधवार को महेंद्र खेत पर काम करने के बाद पैदल घर आ रहा था। गांव के पास पहुंचते ही छोटे ने अपने पिता व भाई के साथ मिलकर महेंद्र को रोक लिया। आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर लात घूसों व लाठी डंडों से मारपीट करते हुए महेंद्र को घायल कर दिया। अन्य परिजन मौके पर पहुंचे तो छोटे धमकी देते हुए पिता व भाई के साथ भाग गया।

# 149 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई कर सत्र का अवसान

कार्यालय संवाददाता, संभल

▸▸ कई दिनों से कम पेराई क्षमता पर चलाया जा रहा था असमोली चीनी मिल

**अमृत विचार :** चीनी मिल असमोली द्वारा पेराई सत्र 2023-24 का समापन कर दिया गया। पेराई सत्र में चीनी मिल ने 149 लाख क्विंटल गन्ने की पेराई की है।

चीनी मिल असमोली को कई दिनों से कम पेराई क्षमता पर चलाया जा रहा था। जिससे सभी किसानों की गन्ना आपूर्ति हो सके। दो दिनों से चीनी मिल 16 से 18 घंटे नो केन में बंद रही थी। जिस कारण दो अप्रैल को किसानों का गन्ना इकट्ठा करके मिल को पुनः संचालित करके पेराई सत्र का समापन किया गया। महाप्रबंधक गन्ना इंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि चीनी मिल बंदी के लिए क्षेत्र में कई दिनों से वाहनों से प्रचार प्रसार कराया गया। अभी काफी क्षेत्रफल में गन्ने की बोआई अवशेष है। जिसके लिए किसान बढ़चढ़ कर गन्ने की बोआई कर रहे हैं। चीनी मिल स्टाफ द्वारा काफी किसानों से संपर्क कर गन्ना बीज के लिए गन्ना रुकवाया गया है। जिसे जल्द ही बोआई में इस्तेमाल कर लिया जाएगा। उन्होंने सभी गन्ना आपूर्तिकर्ता किसानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बसंत कालीन गन्ना बोआई में अधिक से अधिक क्षेत्रफल में गन्ना बोआई की जाए। चीनी मिल उपाध्यक्ष हिमांशु कुमार मंगलम ने पेराई सत्र समापन पर किसानों, कर्मचारियों, ट्रांसपोर्टरों और ठेकेदारों का आभार व्यक्त किया।

## महिला ने की मकान पर कब्जा दिलाने की मांग

**चन्दौसी, अमृत विचार:** महिला ने थाना बनियाठेर में तहरीर देकर मकान पर कब्जा दिलाने की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव गुमथल निवासी महिला कांति पत्नी रामपाल ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि उसने 14 अप्रैल 2002 को गांव के एक व्यक्ति से मकान खरीदा था।

कुछ समय बाद महिला अपने मकान में ताला लगाकर बाहर चली गई। इसके बाद महिला के मकान का उसके कुछ रिश्तेदारों ने ताला तोड़ दिया और सामान निकाल लिया और मकान पर कब्जा कर लिया। जब महिला को घटना की जानकारी हुई तो वह गांव पहुंची। महिला ने अपने रिश्तेदारों से मकान पर कब्जा करने की बात पूछी तो वह लड़ाई झगड़े पर आमादा हो गए। महिला ने पुलिस से मकान पर कब्जा दिलाने की मांग की है।

### चेन्नई जीआई कार्यालय में आवेदन के बाद लखनऊ में सुनवाई के दौरान लड़ी लंबी लड़ाई

# हड्डी उद्योग को मिला जीआई टैग, कारोबारियों में हर्ष

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल के सरायतरीन में चल रहे हड्डी उद्योग को भी जीआई टैग मिल गया है। जीआई टैग मिलने की सूचना नाबार्ड के डिविजनल मैनेजर ने हैंडीक्राफ्ट वेलफेयर एसोसिएशन को दी तो कारोबारियों में खुशी का माहौल बन गया। कहा गया कि जीआई टैग मिल जाने से हड्डी उद्योग तरक्की करेगा।

नाबार्ड और जिला प्रशासन के सहयोग से जीआई फैसिलिटेटर पदमश्री विजेता डॉ.रजनीकांत के तकनीकी मार्गदर्शन में हैंडीक्राफ्ट वेलफेयर एसोसिएशन संभल द्वारा वर्ष 2022 में जीआई चेन्नई कार्यालय में आवेदन किया था। तत्कालीन आईएएस प्रशिक्षु अभिनव गोपाल द्वारा इसकी



लखनऊ स्थित नाबार्ड के कार्यालय में बोन क्राफ्ट को प्रदर्शित करते निर्यातक ताहिर सलामी, कमल कौशल वार्ष्णेय व मोहम्मद आशिफ़। ● अमृत विचार

▸▸ नाबार्ड के डिविजनल मैनेजर ने दी जीआई टैग मिलने की सूचना, कारोबारियों ने जताया आभार

प्रस्तावना व ऐतिहासिक तथ्यों को लाने में काफी मेहनत की गई। वहीं जिलाधिकारी मनीष बंसल के सतत प्रयासों से संभल को बोन उद्योग जीआई टैग दिलाने के लिए सहयोग किया गया। जिसके बाद लंबी कानूनी प्रक्रिया के तहत लखनऊ में सुनवाई चली। कारोबारी कमल कौशल वार्ष्णेय, ताहिर सलामी, मोहम्मद आसिफ द्वारा बोन उद्योग की प्रस्तुति व ऐतिहासिक तथ्यों जीआई कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किए। मेरिट के आधार पर 30 मार्च को संभल हड्डी उद्योग को जीआई टैग मिल गया।

बताते चलें कि संभल में निर्मित हड्डी सींग के उत्पाद एक जिला एक उत्पाद में शामिल हैं। सींग उद्योग को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 27 जून 2023 को जीआई प्रमाण पत्र प्रदान किया था। जिससे देश विदेश में संभल की पहचान बढ़ी है। हड्डी उद्योग को जीआई टैग मिलने पर हस्तशिल्पियों, निर्यातकों और कारोबारियों ने सरकार, नाबार्ड और जिला प्रशासन का आभार जताया है। हैंडीक्राफ्ट वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव कमल कौशल वार्ष्णेय ने कहा कि सींग के बाद हड्डी उद्योग को भी जीआई टैग मिलना बड़ी उपलब्धि है।

# नई परंपरा से माहौल बिगाड़ा तो कार्रवाई

### डीएम व एसपी ने कहा-जुमा अलविदा व ईद की नमाज मस्जिदों व ईदगाह में अदा करें

संवाददाता,बहजोई/संभल

**अमृत विचार:** ईद-उल-फितर, जुमा अलविदा व अंबेडकर जयंती पर शांति व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने लोगों से सीधा संवाद किया। समस्याओं के बारे में जानकारी की। दोनों अधिकारियों ने ईद पर जुमा अलविदा की नमाज ईदगाह व मस्जिदों में ही पढ़े जाने की अपील की। थाना प्रभारियों को हिदायत दी कि कोई नई परंपरा डालने का प्रयास करे तो सख्त कार्रवाई करें।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि कोई भी धार्मिक कार्यक्रम पारंपरिक रूप से मनाया जाए। कोई नई परंपरा नहीं डाली जाए। सार्वजनिक स्थल पर कोई धार्मिक कार्य नहीं किया जाए। सभी थाना प्रभारी इसे सुनिश्चित करेंगे। चुनाव से संबंधित प्रचार प्रसार पर



बैठक को संबोधित करते डीएम मनीष बंसल व एसपी कुलदीप सिंह गुनावत। ● अमृत विचार

▸▸ पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी को कानून व्यवस्था बनाए रखने के दिए कड़े निर्देश

राजनीतिक गतिविधि नहीं होगी। डीएम ने कहा कि अगर ऐसा होता है तो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानकर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने कहा कि धर्म से जुड़े प्रमुख लोग अपने क्षेत्र में ईदगाह व मस्जिदों में ही नमाज अदा करने के लिए लोगों को जागरूक करें। सड़कों पर नमाज नहीं होगी।

रात्रि 10 बजे के बाद कोई भी लाउडस्पीकर नहीं बजेगा। सभी थाना प्रभारी जनपद में सुरक्षा समिति बनाते हुए अपने वॉलिंटियर को सक्रिय रखेंगे। कानून व्यवस्था न बिगड़ने पाए इसका ख्याल रखेंगे। सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी की जाएगी। अगर किसी ने भी माहौल बिगड़ने का काम किया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एडीएम प्रदीप वर्मा, एडीएम न्यायिक सुशील कुमार चौबे, एएसपी अनुकृति शर्मा, श्रीशचंद्र सहित जनपद के सभी एसडीएम सीओ व थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## मिक्सर मशीन में दबकर दो मजदूर गंभीर रूप से घायल

**बहजोई, अमृत विचार:** मकान का लिंटर डालते समय मिक्सर मशीन अचानक नीचे गिर गई। जिससे मशीन के नीचे दबकर दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए बहजोई सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सक ने उनकी हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

बहजोई कोतवाली के गांव सुल्तानपुर खुर्द में राजेंद्र सिंह के यहां पर नवनिर्मित मकान का लिंटर पड़ रहा था। मिक्सर मशीन भी चल रही थी। अचानक मिक्सर मशीन टूट कर नीचे गिर गई। इससे वहां पर काम कर रहे सुल्तानपुर खुर्द के ही निवासी मजदूर बाबूराम पुत्र शंकर सिंह और चंद्रभान सिंह पुत्र भुल्लन सिंह निवासी आलपुर मशीन के नीचे आ गए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जिससे अन्य मजदूरों का ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। दोनों मजदूरों को उपचार के लिए बहजोई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। यहां से चिकित्सक ने दोनों मजदूरों का प्राथमिक उपचार करते हुए उनकी हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# फायरिंग मामले के आरोपियों की निशानदेही पर हथियार बरामद

संवाददाता,संभल

▸▸ पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दो आरोपियों को लिया था रिमांड पर

**अमृत विचार:** मुहल्ला नाला में दुकानों पर कब्जे के लिए पथराव व फायरिंग के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को रिमांड पर लेकर उनकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किये गये हथियार बरामद किये हैं।

सुबहान कुरैशी व सलीम सहित आधा दर्जन ने ज्यादा लोगों पर फरवरी माह में तमंचा से फायरिंग व पथराव करते हुए मुहल्ला में जाबिर की दुकानों पर कब्जा करने का आरोप लगा था। पुलिस ने सात नामजद व आठ अज्ञात लोगों खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। सुबहान कुरैशी व सलीम ने आत्मसमर्पण कर दिया था।

बुधवार को पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सुबहान कुरैशी व सलीम को रिमांड पर लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार हसनपुर मुंजब्ता जाने वाले मार्ग पर स्थित भूरे शाह की मजार के पास सुबहान कुरैशी व सलीम ने वारदात में इस्तेमाल दो तमंचे झाड़ियों से बरामद करा दिये।

### चोरी की बाइक के इंजन व पुर्जों सहित गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना पुलिस ने बोरी में रखकर चोरी की बाइक का इंजन व पुर्जे बेचने संभल आये के रहने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से तमंचा व पेचकस बरामद हुआ। नखासा थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि अमरोहा जिले की नगर पंचायत उझारी के मुहल्ला कुम्हारन निवासी जाकिर हुसैन बुधवार को टाट की बोरी में चोरी की बाइक का इंजन व पार्टस रखकर नखासा थाना क्षेत्र के मुहल्ला हिंदूपुरा खेड़ा व दीपासराय में बेचने की फिराक में घूम रहा था। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मुहल्ला दीपा सराय में ठंडी कोठी मार्ग स्थित गैस एजेंसी के पास जाकिर हुसैन को रोक लिया। बोरी को पुलिस ने खोलकर देखा तो उसमें बाइक का इंजन व पार्ट्स रखे हुए थे। जाकिर की तलाशी लेने पर पुलिस को तमंचा, पेचकस बरामद हुआ।

# वाल पेंटिंग कर मतदान के प्रति किया प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन ने संभल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत वाल पेंटिंग प्रतियोगिता कराई। जिसमें बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग के स्कूल, कॉलेजों के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लेकर वाल पेंटिंग करते हुए कई प्रेरणादायक नारे लिखे और चित्र उकेरे। छात्र छात्राओं ने मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के प्रेरित किया।

लोकसभा चुनाव में मतदाता अधिक से अधिक मतदान करें, इसके लिए प्रशासन कार्यक्रम आयोजित करा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने वाल पेंटिंग प्रतियोगिता कराई। जिसमें विभिन्न स्कूल कॉलेजों के छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। ईवीएम



पेंटिंग बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश देतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

▸▸ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में विभिन्न स्कूल, कॉलेजों के छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया

वेयर हाउस की दीवार पर छात्र छात्राओं ने विभिन्न नारे लिखे। जिनमें आपका मतदान लोकतंत्र की जान, वोट फॉर इंडिया, छोड़ के अपने सारे काम पहले करेंगे हम मतदान, बहाने मत बना अंगुली उठा बटन दबा, मतदान हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है, सही चुनाव समृद्ध समाज, आपका वोट ही आपकी आवाज है, माई वोट इज माई फ्यूचर आदि नारे लिखे। इसके अलावा कई चित्र उकेर कर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।

इतना ही नहीं, शिक्षिकाओं ने भी प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर मतदाताओं को संदेश दिया कि वह लोकसभा चुनाव को लेकर होने वाले मतदान में बढ़चढ़ कर भागीदारी करें।

## नोडल अधिकारी ने सील किया अवैध अस्पताल

**गुन्नौर, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने नगर में चेकिंग अभियान चलाया। नोडल अधिकारी ने अवैध अस्पताल को सील किया। छापेमारी और कार्रवाई से अवैध क्लीनिक संचालकों में खलबली मच गई।

नोडल अधिकारी डॉ. विरास यादव ने बुधवार को अचानक मेरठ-बदायूं रोड पर स्थित नेशनल नर्सिंग होम पर छापा मारा। जांच पड़ताल के दौरान अस्पताल में चिकित्सा कार्य में प्रयुक्त होने वाले उपकरण और दवाएं आदि मिलीं। नोडल अधिकारी ने बिना पंजीकरण चल रहे अस्पताल को सील कर दिया। छापेमारी की जानकारी होने पर कई संचालक अस्पतालों में ताला लगाकर भाग गए। नोडल अधिकारी ने बताया कि अवैध अस्पतालों के खिलाफ छापेमारी जारी रहेगी।

# ग्रामीण की हत्या कर शव जलाने में तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**कार्रवाई**

▸▸ मंगलवार देर शाम कय्यूम का जला शव गांव के ईंट भट्टे के पास मिला था

▸▸ आरोपियों के घरों पर दबिश दी गई लेकिन हत्थे नहीं चढ़ सके

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र ग्रामीण की हत्या कर शव जलाने के मामले में उसके भाई ने तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पोस्टमार्टम के बाद ग्रामीण का शव घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। शव को सुपुर्देखाक कर दिया गया।

थाना क्षेत्र के गांव मालपुर मिलक निवासी कय्यूम (37 वर्ष) पुत्र मकबूल सोमवार की सुबह करीब दस बजे बाइक से निकला था लेकिन वापस नहीं लौटा।

मंगलवार को देरशाम कय्यूम का जला शव गांव के ही ईंट भट्ठे के पास मिला। बाइक भी जल चुकी थी। भाई सय्यूम ने पुलिस को तहरीर देकर कहा कि कय्यूम एक अप्रैल को रामपुर न्यायालय में किसी मुकदमे की तारीख पर गया था लेकिन वापस घर नहीं आया। काफी तलाश करने पर भी कय्यूम नहीं मिला। रामपुर में जानकारी की तो पता चला कि वह वहां भी नहीं पहुंचा।

सय्यूम ने पुरानी रंजिश के चलते कय्यूम की हत्या करना बताते हुए गांव के ही रिजवान, इमरान और महजाद अली पर आरोप लगाया। पुलिस ने तीन नामजद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। मढ़न चौकी इंचार्ज उपमेंद्र मलिक ने बताया कि आरोपियों के घरों पर दबिश दी गई लेकिन हत्थे नहीं चढ़ सके।

## एसएसबी के जवानों ने निकाला पैदल मार्च

**संभल, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र में आगामी त्यौहार व लोकसभा चुनाव को लेकर क्राइम इंस्पेक्टर हारुन खान के नेतृत्व में बुधवार को एसएसबी के जवानों ने पैदल मार्च निकालकर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। पैदल मार्च कोतवाली से शुरु होकर मुख्य बाजार, पुराना अस्पताल मार्ग से रोडवेज बस स्टैंड होकर संभल मुरादाबाद मार्ग से होते हुए मुहल्ला चौधरी सराय में स्थित पुलिस चौकी के पास समाप्त हुआ।

### छात्र के अंक कम आए तो शिक्षक से मारपीट की

**संभल अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला कोट पूर्वी सरथल चौकी के पास स्थित एक स्कूल में पढ़ रहे कक्षा नौ के छात्र के अंक कम आए तो अभिभावक भड़क गए। आरोप है कि अभिभावकों ने शिक्षक के साथ मारपीट की जिससे अफरातफरी मच गई। जिसके बाद दोनों पक्ष कोतवाली पहुंचे तो विवाद यहां भी हुआ। यहां अभिभावकों की ओर से शिक्षक पर आरोप लगाया गया है, वहीं शिक्षक भी चोट दिखाकर अभिभावकों पर कार्रवाई की मांग करता रहा। काफी देर तक विवाद चला।

### मुख्य निर्वाचन आयुक्त को भेजी शिकायत

**संभल अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार विभाग के उपाध्यक्ष डॉ .अमित कुमार उठवाल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त को शिकायत भेजी है। कहा है कि राज्यमंत्री गुलाब देवी ने इंडिया गठबंधन को चोर बताया है जो किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। उन्होंने इंडिया गठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं की भावनाओं को आहत करने का प्रयास किया है। वह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर रही हैं। मामले में राज्य मंत्री के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर लोकसभा चुनाव में प्रचार से प्रतिबंधित किए जाने की मांग की है।

### वाहन की टक्कर से बारहसिंगा घायल

**किरतपुर, अमृत विचार :** बुधवार को किरतपुर से नजीबाबाद की ओर जाने वाले नेशनल हाईवे पर स्थित कोल्ड स्टोर के पास पिकअप व बारहसिंगा की टक्कर हो गई। जिसमें बारहसिंगा गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर इकट्ठा हुए राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

## रुपयों के लेनदेन को लेकर भिड़े दो पक्ष, दो महिलाएं हुईं घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में रुपयों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के बाद लाठी डंडे चले। मारपीट में दो महिलाएं घायल हो गईं।

थाना क्षेत्र के गांव बझांगी निवासी हरिबाबू की बेटी रत्नेश, रामवीर और उसकी पत्नी पुष्पा को बदायूं के थाना जरीफनगर अंतर्गत गांव रसूलपुर निवासी व्यक्ति ने आस्था कंपनी में 8-8 हजार रुपये लेकर सदस्य बनाकर सामान दिया था। जिसके बाद इन सदस्यों को भी लोगों सदस्य बनाना था लेकिन रामवीर और पुष्पा ने सदस्य नहीं बनाए। दोनों ने हरिबाबू से कहा कि तुम्हारे जरिये ही संस्था से जुड़े हैं। संस्था से रुपये वापस दिलाए जाएं। इसी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद के बाद लाठी-डंडे चले। जिसमें हरिबाबू की बेटी रत्नेश और रामवीर की पत्नी पुष्पा घायल हो गईं। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों में रुपयों के लेनदेन को लेकर झगड़ा हुआ है।

### ग्राहक को लेकर भिड़े दुकानदार ,मारपीट

**संभल, अमृत विचार :** मुहल्ला चमन सराय निवासी रिजवान उर्फ नन्हे मुहल्ला में ही फैनी व अन्य खाने पीने के सामान की दुकान चलाता है। बुधवार को रिजवान की दुकान पर सामान खरीदने ग्राहक आया था। आरोप है कि ग्राहक को लेकर पड़ोसी दुकानदार ने रिजवान से विरोध जताया। इसी बात को लेकर रिजवान का पड़ोसी दुकानदार से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पड़ोसी दुकानदार साथी के साथ मिलकर रिजवान से मारपीट करने लगा। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे तो दुकानदार धमकी देते हुए भाग गया। जिसके बाद रिजवान कोतवाली पहुंचा और दुकानदार सहित दो लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# ग्रामीण की हत्या के बाद तनाव, हिस्ट्रीशीटर और भाई फरार

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** कैला देवी थाना क्षेत्र में दिन में जान से मारने की धमकी देने के बाद रात को ग्रामीण की दुस्साहसिक तरीके से गोली मारकर हत्या की वारदात के बाद गांव में दोनों पक्षों के बीच तनाव की स्थिति हैं। पुलिस व अर्द्धसैनिक बल के जवानों ने गांव में पैदल मार्च किया। वहीं हत्याकांड में शामिल हिस्ट्रीशीटर व उसके दो भाईयों सहित चारों आरोपी फरार हैं।

थाना क्षेत्र के गांव कैलमुंडी में मंगलवार देर रात 35 वर्षीय मनोज की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात के बाद मनोज के भाई निवासी बबलू ने गांव के ही हिस्ट्रीशीटर अवधेश के अलावा उसके दो भाईयों मुकेश व सुखपाल के साथ ही मानिक सहित चार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि होली पर मनोज का गांव के ही अवधेश के



कैलमुंडी में युवक की हत्या के बाद बिलखती महिलाएं। ● अमृत विचार

▸▸ ग्रामीण की गोली मारकर हत्या करने में तीन सगे भाइयों सहित चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

साथ किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

इसी बात को लेकर अवधेश मंगलवार की शाम मनोज को जान से मारने की धमकी देकर गया था। रात को साढ़े दस बजे अवदेश अपने भाइयों व एक अन्य के साथ मिलकर घर में घुस आया और गोली मारकर मनोज की हत्या कर दी। परिजनों ने बताया कि अवधेश हिस्ट्रीशीटर है और कई बार जेल जा चुका है। वहीं मनोज की हत्या के बाद गांव में दोनों पक्षों के बीच तनातनी के हालात हैं।



गांव में पैदल मार्च करते पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवान। ● अमृत विचार

### हत्यारे पुलिस पकड़ से दूर

**संभल,अमृत विचार :** कैल मुडी गांव में दुस्साहसिक तरीके से ग्रामीण को धमकी देने के बाद उसकी हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। हत्यारों की गिरफ्तारी न होने की वजह से मृतक मनोज के परिजन नाराज हैं। हालांकि पुलिस का दावा है कि हत्यारों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें लगी हैं और जल्द गिरफ्तारी होगी।

### पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवानों ने किया पैदल मार्च

**कैला देवी/सौंधन, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव कैलमुडी में मनोज की मंगलवार की रात हत्या के बाद पैदा हुए तनाव के माहौल को देखते हुए गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है। बुधवार को थाना प्रभारी राजीव कुमार मलिक ने एसएसबी के जवानों के साथ मिलकर गांव में पैदल मार्च कर ग्रामीणों से शांति बनाए रखने की अपील की।

## एक नजर

### ससुराल वालों पर लगाया धमकी देने का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला नाला निवासी तमकीन पुत्री तसलीम ने बुधवार को कोतवाली में पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। बताया कि पांच वर्ष पहले शादी मुहल्ला महमूद खां सराय निवासी इकबाल के साथ हुई थी। तीन वर्ष पहले इकबाल ने मारपीट करते हुए तमकीन को घर से निकाल दिया था। तभी से तमकीन अपने मायके में रह रही है और इसी बात को लेकर मामला न्यायालय में विचाराधीन है। आरोप है कि मुकदमा वापस लेने को ससुराल वाले दबाव बनाते हुए तमकीन को धमकी दे रहे है। तमकीन ने तहरीर देकर पुलिस से सुरक्षा की मांग की है।

### पुलिस ने दबोचे तीन वारंटी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** पुलिस ने तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। फरार चल रहे वारंटी होशियार सिंह को गांव सैजंनी स्थित घर से गिरफ्तार किया है। जिसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। वहीं थाना बनियाठेर पुलिस ने वारंटी शिवम गोस्वामी निवासी हाथीखाना कस्बा नरौली को घर से गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा थाना कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव डारनी निवासी वारंटी सत्यवीर को पुलिस ने गांव डारनी स्थित घर से गिरफ्तार कर लिया।

### दो वारंटी गिरफ्तार अवैध शराब बरामद

**धनारी, अमृत विचार :** धनारी थाना क्षेत्र में अलग अलग जगहों से बदायूं न्यायालय के आदेश पर दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें एक वारंटी के पास से पुलिस को 50 लीटर शराब भी बरामद हुई। थाना क्षेत्र के गांव करेला की मढैया उर्फ सुल्तानगढ़ की मढैया निवासी वारंटी राजवीर बुधवार को गांव करेला जाने वाले तिराहे सुल्तानगढ़ के पास खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और 50 लीटर शराब बरामद कर राजवीर को न्यायालय बदायूं के आदेश पर गिरफ्तार कर लिया। वहीं थाना क्षेत्र के गांव भइयापुर निवासी वारंटी गजेंद्र को न्यायालय बदायूं के आदेश पर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# ब्लाक पवांसा के पास बाइक सवार दो युवकों की जान गई

## अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दोनों हलवाई का कार्य करते थे

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/संभल

**अमृत विचार:** थाना बहजोई क्षेत्र के पवांसा ब्लाक के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बाइक सवार युवकों की मौत हो गई। मृतक कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव डारनी निवासी थे। । दोनों हलवाई का कार्य करते थे। देर शाम घर वाला पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया।

मंगलवार की रात कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव डारनी निवासी प्रताप (40 वर्ष) पुत्र बादाम सिंह तथा दिनेश (38 वर्ष) पुत्र रामभरोसे बाइक पर सवार होकर पवांसा क्षेत्र में अपनी रिश्तेदारी में जा रहे थे। रात करीब नौ बजे जब बाइक सवार ब्लाक के पास पहुंचे तो सामने से आ रहे वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दिनेश की मौके पर मौत हो गई, जबकि प्रताप गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल प्रताप को उपचार के लिए जिला अस्पताल संभल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने घायल प्रताप को मुरादाबाद रेफर कर दिया। मुरादाबाद पहुंचने पर चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि दोनों हलवाई का कार्य करके परिवार का पालन-पोषण करते थे।

दिनेश की पत्नी रीना व परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। क्योंकि उसके तीन पुत्र चेतन, अनूप, अभिषेक के सिर से पिता का साया उठ गया है। दूसरी ओर प्रताप की पत्नी अनीता, एक पुत्र व दो पुत्रियां भी विलाप कर रही हैं। बुधवार की शाम दोनों के शव गांव पहुंचे तो बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए।



प्रताप व दिनेश की फाइल फोटो।

- हादसे में दिनेश की मौके पर मौत हो गई
- गंभीर रूप से घायल प्रताप ने अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम



बेनीपुर में ईंट भट्ठे पर कार्रवाई कराते एसडीएम विनय मिश्रा। ● अमृत विचार

# एसडीएम ने छापेमारी कर बंद कराया अवैध ईंट भट्ठा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में एसडीएम, खनन इंस्पेक्टर और पुलिस ने ईंट भट्ठे पर छापेमारी की। एसडीएम ने नियमों के विपरीत चल रहे ईंट भट्ठे को बंद कराते हुए ध्वस्तीकरण कराया।

एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, खनन इंस्पेक्टर मोहम्मद अलीम और कोतवाल हयातनगर संत कुमार पुलिस बल के साथ बुधवार को गांव बेनीपुर चक में स्थित ईंट भट्ठे पर पहुंचे। शिकायत थी कि ईंट भट्ठे पर मजदूरों को बंधक बनाकर रखा हुआ है। अधिकारियों ने जांच पड़ताल की तो बंधुआ मजदूरों को लेकर कोई जानकारी नहीं मिली। अलबत्ता, यह पता चला कि ईंट भट्ठे की रायल्टी जमा नहीं कराई गई। एसडीएम के निर्देश पर दमकल कर्मी ने ईंट भट्ठे में पानी डालकर आग बुझाते हुए बंद कर दिया। इतना ही नहीं, ध्वस्तीकरण भी कराया गया। एसडीएम ने ईंटों को जब्त करने के भी निर्देश दिए।

## सार-संक्षेप

### श्रीकृष्ण ने कंस के अत्याचारों से लोगों को दिलाई मुक्ति

**चन्दौसी, अमृत विचार :** गोशाला रोड पर श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को कथा वाचक अखिलेश्वर रामानुज वैष्णव दास महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र का वर्णन किया। कहा कि पूरी पृथ्वी कंस के अत्याचारों से त्राहिमाम करने लगी थी। भक्तों ने भगवान विष्णु की वंदना की और अत्याचारी कंस से मुक्ति दिलाने की प्रार्थना की। तब भगवान श्रीकृष्ण ने मथुरा के कारागार में देवकी व वासुदेव के यहां पुत्र रूप में जन्म लिया। उस समय वासुदेव भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप को कंस के पापी राक्षसों से बचाते हुए यमुना पार गोकुल में यशोदा के घर पहुंचा आए। बचपन में श्रीकृष्ण ने बाल लीलाएं की। बड़े होकर श्रीकृष्ण ने अपने मामा कंस का वध करके लोगों को उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान संजय, मृदुला मांगलिक, शोभित, पूजा गोयल, अभिषेक, शिवांगी, शिवम अग्रवाल, अनिल गोयल, बंटू शर्मा, डॉ. विवेक शर्मा, राघव मंगलम, सुरभि, सुनीता अग्रवाल, ऋतु अग्रवाल, लक्षिता, शताक्षी, साधना, सुमन, संगीता गोयल आदि मौजूद रहे।



बबराला में कथा सुनाते आचार्य रूपेंद्र भारद्वाज। ● अमृत विचार

### ध्रुव और प्रह्लाद के चरित्र का किया रोचक वर्णन

**बबराला, अमृत विचार :** सब्जी बाजार के पास आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में आचार्य रूपेंद्र भारद्वाज ने ध्रुव चरित्र, प्रह्लाद चरित्र एवं वामन अवतार का रोचक वर्णन किया। जिसे सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। कथा व्यास आचार्य रूपेंद्र भारद्वाज ने कहा कि भक्त प्रह्लाद ने माता कयाधु के गर्भ में ही नारायण नाम का मंत्र सुन लिया था। बच्चों को धर्म का ज्ञान बचपन में दिया जाता है तो वह जीवन भर उसका ही स्मरण करते हैं। ऐसे में बच्चों को धर्म व अध्यात्म का ज्ञान दिया जाना चाहिए। माता-पिता की सेवा व प्रेम के साथ समाज में रहने की प्रेरणा ही धर्म का मूल है। अच्छे संस्कारों के कारण ही ध्रुव को पांच वर्ष की आयु में भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। उन्हें 36 हजार वर्ष तक राज्य भोगने का वरदान प्राप्त हुआ था। इस दौरान विजय वार्ष्णेय, ताराचंद गुप्ता, गिरीश, कामेश, उमेश वार्ष्णेय, कमल वार्ष्णेय, नीरज वार्ष्णेय, डिंपल वार्ष्णेय, लकी, हृदेश कुमार, संगीता, अनिल गुप्ता, दिलीप आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### सती अनुसुइया की कथा सुन भाव विभोर हो गए श्रद्धालु

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव बनियाखेड़ा की मढ़ैया के शिव मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को कथा के पांचवें दिन कथा वाचक सोमवीर शास्त्री ने सती अनुसुइया की कथा सुनाई। कहा कि सती अनसुइया पतिव्रता महिला थी, जो सत्य की राह पर अटल रहती थी। एक बार भगवान विष्णु, ब्रह्मा व शंकर तीनों अनुसुइया की परीक्षा लेने उनके घर पहुंचे। जहां माता के द्वार पर जाकर कहा कि उन्हें भूख लगी है। अपने आंचल में दूध पिलाओ। इस पर सती अनुसुइया ने कहा ठीक है और उन तीनों को छोटे-छोटे बच्चे बना दिया और दूध पिलाने लगी। जब यह खबर तीनों देवियों ने सुनी तो वह माता अनुसुइया के पास पहुंची और बोली हमारे पति को मुक्त कर दो। सती अनुसइया ने तीनों को उनके मूल रूप में वापस कर दिया। इसके बाद तीनों देवी-देवता उन्हें आशीर्वाद देकर चले गए। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। कथा के दौरान काफी संख्या में महिला व पुरुष मौजूद रहे।



कथा वाचक सोमवीर शास्त्री।

### अर्द्धसैनिक बलों ने पुलिस के साथ किया पैदल मार्च

**चन्दौसी, अमृत विचार :** ईद व अन्य त्योहारों को लेकर अर्द्ध सैनिक बल ने पुलिस के साथ शहर में पैदल मार्च किया। जिसमें लोगों से त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने की बात कही गई। अप्रैल में कई त्योहार व कार्यक्रम होने हैं। जिसको लेकर शहर में शांति व्यवस्था कायम रखना पुलिस की जिम्मेदारी है। बुधवार की दोपहर एक बजे ब्रह्म बाजार पुलिस चौकी से अर्द्ध सैनिक बल के जवानों ने पुलिस के साथ पैदल मार्च किया। पुलिस व अर्द्धसैनिक बल ने शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। मार्च के दौरान पुलिस ने लोगों से त्योहार पर शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कहा कि अगर कोई त्योहार पर शांति व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करता है, तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### नामांकन में रहेंगे कड़े पुलिस प्रबंध, एएसपी ने देखी व्यवस्थाएं

**बहजोई/संभल, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए कलेक्ट्रेट पर नामांकन के दौरान कड़े पुलिस प्रबंध रहेंगे। प्रत्याशी व प्रस्तावकों के अलावा कोई बाहरी व्यक्ति नामांकन स्थल पर प्रवेश नहीं कर पायेगा। बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर निर्देश दिये। संभल लोकसभा सीट पर तीसरे चरण में चुनाव होगा। अब समय नजदीक आ रहा है तो पुलिस प्रशासन नामांकन से लेकर मतदान तक की सभी व्यवस्थाएं मुकम्मल करने में जुटा है। बुधवार को नामांकन स्थल कलेक्ट्रेट परिसर के सुरक्षा इंतजामों का खाका तैयार किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने कोतवाल सतेंद्र पंवार के साथ नामांकन स्थल पर की जाने वाले पुलिस इंतजाम की जानकारी लेकर निर्देश दिये। किस जगह पर बैरिकेडिंग लगाकर प्रत्याशी के साथ आने वाले समर्थकों को रोकना है और कहां पर वाहनों की पार्किंग की जानी है इसे लेकर चर्चा की गई। जिस गेट से प्रत्याशी नामांकन स्थल में प्रवेश करेंगे वहां पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी ताकि प्रत्याशी के साथ समर्थक अंदर न जा पायें।

## फर्जी भुगतान मामले में सचिव से जवाब-तलब

**बहजोई, अमृत विचार:** पंचायत घर के बाहर से भुगतान किए जाने तथा कंप्यूटर गायब होने के मामले में सचिव पर शिकंजा कसा जा रहा है। बीडीओ ने सचिव को नोटिस जारी कर तीन दिन में स्पष्टीकरण मांगा है।

बहजोई की ग्राम पंचायत चौपा शोभापुर में खंड विकास अधिकारी प्रेमचंद के औचक निरीक्षण में पंचायत घर बंद मिला था। वहीं पंचायत घर में सभी अभिलेख तथा कंप्यूटर गायब था। ग्रामीणों ने बताया था कि गांव में कई महीनों से कोई सफाई कर्मी नहीं है और सफाई के नाम से ग्राम पंचायत की धनराशि खर्च की गई। गो आश्रय स्थल पर केयर टेकर के लिए जिन दो लोगों के नाम पर धनराशि निकल गई। पंचायत सहायक को मानदेय तो दिया जा रहा है। लेकिन उससे कोई भुगतान नहीं कराया गया। निरीक्षण में जो भी अनियमितताएं सामने आई हैं। उसमें सबसे ज्यादा खामियों पंचायत सचिव के कार्यों की पाई गई।

# किसानों के हक की लड़ाई लड़ रही भाकियू टिकैत

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की किसान मजदूर पंचायत का आयोजन गांव बर्रई में किया गया। जिसमें संगठन का विस्तार करते हुए कई पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई।

मुख्य अतिथि भाकियू के प्रदेश महासचिव व पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रभारी विजेंद यादव ने कहा कि राजनीति पार्टियां किसानों को छलने का कार्य कर रही हैं। अभी चुनाव चल रहा है, सरकार की हर योजना जुमला साबित होती है। सरकार ने पिछले चुनाव में वायदा किया था कि किसानों का कर्जा माफ करेंगे। परन्तु ऐसा नहीं हुआ, किसान से झूठा वायदा किया गया। भाकियू राजनीति पार्टियों का विरोध न करके उनकी गलत नीतियों का विरोध करती है। उन्होंने कहा कि जब राजनीति पार्टी के नेता गांव में वोट मांगने पहुंचे तो किसान उनसे सवाल जवाब करें। सभी स्वतंत्र हैं ,किसी को भी वोट दे सकते हैं। किसान किसी भी राजनीतिक पार्टी के प्रत्याशी को चुनाव न लड़ाए और न ही प्रचार करें। अगर कोई भी पदाधिकारी ऐसा करना चाहता है तो अपने पद से इस्तीफा दे, उसके बाद ही किसी का चुनाव प्रचार करे। कहा कि जब किसान एकजुट होंगे तभी अपनी लड़ाई को मजबूती के साथ लड़ा जा सकता है।

वर्तमान में किसानों की लड़ाई भाकियू टिकैत लड़ रही है। इसलिए सभी किसान एकजुट होकर अपनी आवाज को बुलंद करे। पंचायत में कई किसानों ने भाकियू टिकैत की सदस्यता ग्रहण की।

इस दौरान जिलाध्यक्ष मनपाल सिंह, जयपाल सिंह, महेश कुमार यादव, शंकर सिंह यादव, केपी यादव, देशराज सिंह, दिनेश कुमार यादव, महावीर सिंह यादव, चंद्रपाल, रामवीर सिंह, गुलफान सिंह, शिशुपाल, हरी प्रकाश, राजेश मौर्य, कल्याण, रोहताश, विपिन यादव, संतोष, कुंवर पाल, धर्मेंद्र प्रधान, अजय पाल सिंह, वीरेश यादव, अनिल, मोहित, गणेशी लाल आदि मौजूद रहे।



ग्राम बर्रई में भाकियू की पंचायत में किसानों को संबोधित करते बिजेंद्र सिंह यादव। ● अमृत विचार

- भाकियू नेता पद से इस्तीफा देकर लड़ाएं राजनीति पार्टी के प्रत्याशी का चुनाव
- गांव बर्रई में हुई भाकियू टिकैत की किसानों और मजदूरों के साथ पंचायत

# झांकियों को अंतिम रुप देने में जुटे कारीगर

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** महाराजा निषादराज की जयंती पर पांच अप्रैल को शोभायात्रा निकाली जाएगी। जिसको लेकर कलाकार झांकियां बनाने में जुटे हैं। इस बार शोभायात्रा में दस से अधिक झांकियां निकाली जाएगी। जिसमें निषादराज का रथ आकर्षण का केंद्र रहेगा।

महाराजा निषादराज महर्षि कश्यप तुरैहा समाज समिति की ओर से शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के लिए झांकियों को बनाने में कलाकार जुटे हुए हैं। जबकि कई झांकियां तैयार हैं। कुछ झांकियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

समिति के नगराध्यक्ष वीरेंद्र कुमार तुरैहा ने बताया कि पांच अप्रैल की सुबह आठ बजे से मां खिड़कियां वाली मंदिर पर हवन व प्रसाद का वितरण होगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे से तिल वाली गली से शोभायात्रा आरंभ की जाएगी। जिसका समापन कैथल गेट स्थित दाऊ मंदिर पर किया जाएगा। इसके बाद शाम सात बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। झांकियों के बनाने में गोपाल कुमार, कृष्ण कुमार, नीरज कुमार, रितिक कुमार, सचिन कुमार, गोलू कुमार, प्रशांत कुमार जुटे हुए हैं।



शोभायात्रा के लिए बनाई जा रही झांकियों को अंतिम रुप देते कलाकार।

- पांच अप्रैल को धूमधाम से निकाली जायेगी निषादराज की शोभायात्रा

## अपहरण व दुष्कर्म में 10 साल की सजा

**बदायूं, अमृत विचार :** विशेष न्यायाधीश पोक्सो दीपक यादव ने किशोरी को फुसलाकर ले जाने के पांच साल पुराने मामले में आरोपी को दोषी पाया है। दोषी को 10 साल की सजा और 60 हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है। साथ ही जुर्माने की आधी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना वजीरगंज क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 4 जून 2018 को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 3 जून की सुबह लगभग 9 बजे उनकी नाबालिग बेटी घास लेने के लिए खेत पर गई थी। इसी दौरान टिंकू उर्फ भगवान सिंह खेत पर पहुंच गया। किशोरी से शादी करने की नीयत से उसे फुसलाकर साथ ले गए। घटना को शिकायतकर्ता के बड़े भाई ने देखा और परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने किशोरी की तलाश की लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका।





बहजोई में मतदाता जागरूकता का संदेश देते सिल्वरस्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चे।

## रंगोली बनाकर मतदान के लिए किया प्रेरित

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** सिल्वरस्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं ने रंगोली बनाकर शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। वहीं अपने अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने की बात कही।

सिल्वरस्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर में सुंदर रंगोली बनाकर मतदान के दिन शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया तो वहीं मताधिकार की ताकत के बारे में बताया। वहीं सबसे मजबूत लोकतंत्र में मतदान के दिन अपने वोट की ताकत दिखाकर अच्छी सरकार चुनने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने कहा कि छात्र-छात्राओं को मतदान के अधिकार के बारे में अपने अभिभावकों को जागरूक करना चाहिए। डॉ. राजीव कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए शपथ दिलाई। इस दौरान प्रभात कुमार व्यवस्थापिका साधना गुप्ता आदि मौजूद रहे।



राजकीय महाविद्यालय में शिविर का निरीक्षण करतीं प्राचार्य डा. प्रभा शर्मा।

# शिविर के अंतिम दिन रोवर्स रेंजर्स ने बनाए तंबू, मंकी ब्रिज और टेंट

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय संभल में रोवर्स रेंजर्स के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.प्रभा शर्मा ने स्काउट गाइड ध्वज फहराकर किया। प्राचार्य ने कहा कि हमें किसी भी काम को पूरी लगन से करना चाहिए। पढ़ाई के साथ-साथ स्वास्थ्य और समाजसेवा भी हमारा उद्देश्य होना चाहिए।

शिविर में डॉ.भीमराव आंबेडकर टोली ने तंबू, भगत सिंह टोली ने मंकी ब्रिज, रानी लक्ष्मीबाई टोली ने टेंट तथा प्रवेश द्वार बनाया। कार्यक्रम में कहा गया कि शिविर में प्रशिक्षक जिला स्काउट आयुक्त मोहित कुमार ने जो सिखाया है उसे करके लोगों को सहायता पहुंचाई जाए। इस दौरान डॉ.जीत सिंह, डॉ.तनुज कुमार, डॉ.अब्दुल रहमान, डॉ.आसिम, प्रमोद कुमार, सबा खान, चमन सिंह, सुभाष बाबू, मोहम्मद ऐजाज आदि रहे। संचालन रेंजर्स प्रभारी डॉ.नौमी प्रिया ने किया जबकि रोवर्स प्रभारी डॉ.राष्ट्रवर्धन ने धन्यवाद किया।

लापरवाही | विभिन्न स्थानों पर लगे हैं सौ से अधिक वाटर कूलर, अधिकांश शोपीस बने

# शहर के वाटर कूलर खराब, गर्मी में राहगीरों का सूखेगा गला

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** शहर में 100 से अधिक वाटर कूलर लगाए गए हैं। जिसके रखरखाव की जिम्मेदारी नगर पालिका की है। मगर अधिकांश वाटरकूलर खराब हैं, जबकि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। अब आचार संहिता के चलते उन्हें दुरुस्त नहीं कराया जा सकता। जिससे गर्मी में नागरिकों को ठंडा पानी के लिए परेशानी उठानी पड़ेगी।

नगर पालिका क्षेत्र के 25 वार्डों में 100 से अधिक वाटरलूकर लगे हैं। इनकी मरम्मत व देखरेख की जिम्मेदारी भी नगर पालिका की है। अब गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। मगर अधिकांश वाटर कूलर खराब पड़े हैं। जिसमें 40 से अधिक वाटर कूलर की मशीन तक गायब है, कुछ का अस्तित्व ही नहीं है और कुछ कंडम हालत में हैं। जो वाटरकूलर पानी दे रहे हैं, उनके टैंक की सफाई भी नहीं कराई गई है। जिससे दूषित पानी आने की शिकायत मिल रही है। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों व शहर के दुकानदार इन्हीं वाटरकूलर पर निर्भर रहते हैं। मगर इस बार लोगों को गर्मी में ठंडा पानी नहीं मिल सकेगा। क्योंकि लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू है। ऐसी स्थिति में नगर पालिका की ओर से इनकी मरम्मत नहीं कराई जा सकती। जून में चुनाव खत्म होने के बाद ही इनकी मरम्मत हो सकेगी। तब तक लोगों को ठंडा पानी के लिए इंतजार करना पड़ेगा।



कंपोजिट विद्यालय के बाहर लगे वाटर कूलर की मशीन गायब। ● अमृत विचार



मालवीय चौक पर कूलर का फाउंडेशन ही रह गया। ● अमृत विचार

- आचार संहिता के चलते नहीं हो पाएंगे दुरुस्त, गर्मी में राहगीरों को होगी दिक्कत

शहर के वाटर कूलरों का सर्वे कराया जाएगा। अगर वाटर कूलरों की मरम्मत में कुछ खर्चा होगा तो उसे नगर पालिका स्तर से कराया जाएगा। जिन वाटर कूलरों में अधिक खर्च होगा तो वह आचार संहिता हटने के बाद ही संभव है।

**-नीतू रानी,** एसडीएम

## निजी अस्पताल में महिला की मौत के बाद हंगामा

**गुन्नौर, अमृत विचार :** निजी अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। मौके पर बड़ी संख्या में एकत्र लोगों ने संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया। दो घंटे चले हंगामे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाबुझाकर मामला शांत कराया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव ईसमपुर डांडा निवासी भोले सिंह ने बताया कि वह अपनी पत्नी नीलम को 26 मार्च को डिलीवरी के लिए सरकारी अस्पताल में लाया था। वहां से आशा कार्यकत्री निजी अस्पताल ले गई। यहां आपरेशन हुआ। पत्नी की तबियत बिगड़ी तो अस्पताल संचालक ने अलीगढ़ रेफर कर दिया। बुधवार को उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद परिजन मृतका के शव को गुन्नौर ले आए और आपरेशन करने वाले अस्पताल के आगे बदायूं रोड पर शव को सड़क पर रख कर हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने अस्पताल संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया। अस्पताल के बाहर बड़ी संख्या में परिजन एकत्र हो गए।


**सम्बन्ध-विच्छेद**

मैंने अपने बड़े बेटे मोहम्मद नसीम व उसकी पत्नी गुलनार को गलत संगत व चाल-चलन की वजह से अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। उनसे मेरा या मेरे परिवार का अब कोई वास्ता नहीं है। इरशाद अहमद निवासी गांव हैबतपुर थाना हयातनगर, जनपद संभल।

**सम्बन्ध-विच्छेद**

मेरा पुत्र प्रदीप एवं उसकी पत्नी श्रीमति प्रियंका गलत संगत मे पड़ गये है और आये दिन मुझसे व मेरे परिवार से लड़ते झगड़ते रहते है एवं गाली गलौंच करते रहते है इन बुरी संगत के चलते मैंने प्रदीप एवं उसकी पत्नी प्रियंका से सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है तथा अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में ये अपने कुकृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। श्रीमति कुमरवती पत्नी बाबूराम नि0 पाठ वाली मिलक कस्बा व थाना पाकबड़ा जिला मुरादाबाद।

**आवश्यकता है**

**सहायक प्रवक्ता की**

विषय - हिन्दी
योग्यता- Ph.D या NET
रिजवान गर्ल्स डिग्री कॉलेज
अकबरपुर चैदरी कांठ
जिला मुरादाबाद (उ०प्र०)
(सम्बद्धः एम0 जे0 पी0 आर0 यू0 बरेली)
मोबाइल न० 9917521653, 9917600900

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एकं हन्यान्न वा हन्यादिषुर्मुक्तो धनुष्मता।
बुद्धिर्बुद्धिमतोत्सृष्टा हन्याद् राष्ट्रम सराजकम्।।

किसी धनुर्धर वीर के द्वारा छोड़ा हुआ बाण संभव है किसी एक को भी मारे या न मारे, मगर बुद्धिमान द्वारा प्रयुक्त की हुई बुद्धि राजा के साथ-साथ संपूर्ण राष्ट्र का विनाश कर सकती है।

## संपादकीय

# श्रमिकों की सुरक्षा

गाजा में चल रहे युद्ध के बीच इजराइल का निर्माण क्षेत्र चरमरा गया है। इजराइल में प्रशिक्षित मजदूरों की कमी का सामना कर रहे निर्माण उद्योग को बढ़ावा देने के मकसद से भारत के 60 से ज्यादा कामगारों का पहला जत्था इजराइल पहुंच गया है। आने वाले दिनों में और भारतीयों को इजराइल रवाना किया जाएगा। लगभग नौ मिलियन लोगों का देश इजराइल कृषि, निर्माण और देखभाल जैसे क्षेत्रों में विदेशी श्रम पर बहुत अधिक निर्भर करता है। इजराइल-हमास युद्ध के बीच यह आवश्यकता और भी जरूरी हो गई है जिसमें 7 अक्टूबर से गाजा में लगभग 27,000 लोग और इजराइल में लगभग 1200 लोग मारे गए हैं। श्रमिकों की कमी ने इजराइल के निर्माण उद्योग को विशेष रूप से बड़ा झटका दिया है। फलस्तीनी केंद्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार युद्ध से पहले इजराइल में काम करने वाले 150,000 से अधिक फलस्तीनियों में से दो-तिहाई निर्माण कार्य में थे। निर्माण श्रमिकों की कमी इतनी गंभीर है कि अधिकारियों का कहना है कि इजराइल के लगभग आधे निर्माण स्थल अब बंद हो गए हैं। इसके बाद वहां कामगार संकट के मद्देनजर इजराइल व भारत की सरकारों (जी 2 जी) के बीच हुए समझौते के तहत श्रमिक इजराइल गए हैं। अभी 10 हजार कामगारों को भी जल्द ही भर्ती करने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है।

इस बीच विपक्षी दल कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर हमला किया और कहा कि युद्ध प्रभावित इजराइल में नौकरियों के लिए भर्ती अभियान दर्शाता है कि देश बड़े पैमाने पर बेरोजगारी और गरीबी के दौर से गुजर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन को वर्ष 2024 में बेरोजगारी में वैश्विक वृद्धि का पूर्वानुमान है। वास्तव में दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश भारत अपने लोगों के लिए नौकरियां प्रदान करने के लिए संघर्ष कर रहा है। युद्ध लंबा चलने की स्थिति में भारतीय मजदूरों को इजराइल भेजने का प्रस्ताव इस तथ्य को स्थापित करेगा कि मौजूदा सरकार में रोजगार उपलब्ध कराने के मामले में गंभीरता की कमी है। उधर ट्रेड यूनियन उत्प्रवास अधिनियम के उल्लंघन का हवाला देते हुए श्रम संगठन इस रोजगार अभियान को चुनौती दे रहे हैं। भारत से गए श्रमिकों को 1.37 लाख रुपये (6,100 इजरायली शेकेल) का मासिक वेतन देने का वादा किया गया है। आवश्यकता है कि इजराइल में भू-राजनीतिक चुनौतियों पर विचार करते हुए मजबूत सुरक्षा प्रोटोकॉल और आकस्मिक योजनाएं स्थापित करके भेजे गए श्रमिकों की सुरक्षा एवं उनके हित को प्राथमिकता दें। आजीविका के लिए जान जोखिम में डालने वाले श्रमिकों की सुरक्षा हमारे लिए प्रमुख चिंता का विषय है।

# आखिर अधिसंख्य लोग क्यों वोट नहीं डालते



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यहां जानना जरूरी है कि आस्ट्रेलिया सहित कोई 19 देशों में वोट न डालना दंडनीय अपराध है। क्यों न हमारे यहां भी बगैर कारण के वोट न डालने वालों के कुछ नागरिक अधिकार सीमित करने या उन्हें कुछ सरकारी सुविधाओं से वंचित रखने के प्रयोग किए जाएं। आज चुनाव से बहुत पहले बड़े-बड़े रणनीतिकार मतदाता सूची का विश्लेषण कर तय कर लेते हैं कि हमें अमुक जाति या समाज या इलाके के वोट चाहिए ही नहीं।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में 18 वीं लोकसभा को चुनने का उत्सव शुरू हो चुका है। यह एक चिंता की बात है कि लोकतंत्र का मूल आधार जो 'लोक' है, वह लगभग एक तिहाई वोट डालने ही नहीं आता। गणित के नजरिए से देखें तो देश की सत्ता संभालने वाला दल कभी भी बहुमत आबादी का प्रतिनिधित्व करता नहीं। जानकर अचंभा होगा कि अभी तक 10 बार केंद्र में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी, लेकिन किसी भी बार सत्ताधारी दल को पचास फीसदी वोट नहीं मिले।

2019 के चुनाव में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या लगभग 91 करोड़ थी। मतदान हुआ 97.4फी सदी। सबसे बड़े दल बीजेपी को इसमें से मिले 37.7 फीसदी वोट अर्थात् कुल पंजीकृत मतदाताओं का महज 30 फीसदी। भला हो इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनों का वरना पहले गलत तरीके से मतदान के कारण देशभर में इतने वोट तो अवैध होते थे जिनकी संख्या दो लोकसभा क्षेत्रों के बराबर होती थी। हालांकि अब 'कोई भी पसंद नहीं' अर्थात् नोटा है।

यह विचारणीय है कि क्या वोट न डालने वाले 33 फीसदी लोगों की निगाह में चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवार या मौजूदा चुनाव व्यवस्था नालायक थी या फिर वे मतदान से सरकार चुनने की प्रक्रिया के प्रति उदासीन हैं? जिन परिणामों को राजनैतिक दल जनमत की आवाज कहते रहे हैं, वास्तव में वह बहुसंख्यक मतदाता की गैरभागीदारी का परिणाम होता है। जब कभी मतदान कम होने की बात होती है तो प्रशासन व राजनैतिक दल अधिक गर्मी या सर्दी होने, छुट्टी न होने जैसे कारण गिनाने लगते हैं।

यदि पिछले आंकड़ों को देखें तो अभी तक छह बार मतदान 60 फीसदी के पार गया है जिसमें बीते दो चुनाव- 2014 में 66.44 और 2019 में 67.40 के अलावा लोकतंत्र कि रक्षा के लिए लड़ा गया 1977 का चुनाव है जिसमें 60.49 फीसदी वोट पड़ा। फिर इंदिरा गांधी की हत्या के बाद देश की एकता-अखंडता पर खतरा दिखा और 64.1 प्रतिशत वोट देने निकले। उसके बाद बोफोर्स का हाल हुआ और मतदान 61.96 हुआ। फिर 1998 में बदलाव



के लिए वोट देने वाले 61.97 फीसदी रहे। 16 वीं लोकसभा के चुनाव के वक्त भी आम लोग महंगाई, भ्रष्टाचार से हलाकांत थे सो मतदान का प्रतिशत तब तक का सर्वाधिक रहा। ये आंकड़े बताते हैं कि जब देश की जनता को अपने गुस्से का इजहार करना होता या चुनाव असली मुद्दों पर लड़ा जाता है तो वह वोट डालने जरूर आती है।

मूल सवाल यह है कि आखिर इतने सारे लोग वोट क्यों नहीं डालते हैं? सर्वाधिक पढ़ा-लिखा, संपन्न और धनाढ्य, जागरूक और सक्रिय कहा जाने वाला देश की राजधानी का दक्षिणी इलाका हो या सटे हुए गाजियाबाद व गुरुग्राम के बहुमंजिला अपार्टमेंट, सबसे कम मतदान यहीं होता है। यही नहीं देश के सर्वाधिक साक्षर राज्य के 'देश के पहले पूर्ण साक्षर जिले' एर्नाकुलम में महज 46 फीसदी लोग ही मतदान केंद्र तक आए। यह विचारणीय है कि पढ़े-लिखे लोगों को राजनीतिक दल और सरकार के अधिक मतदान के अभियान आकर्षित क्यों नहीं कर पाते? ऐसा तो नहीं कि यह वर्ग मानता है कि राजनीतिक दलों के लिए चुनाव महज सत्ता हड़पने का साधन व इसमें जनता साध्य मात्र हैं। पिछले कुछ दिनों के दौरान बड़े स्तर पर वैचारिक प्रतिबद्धता से पड़े हुए दल-बदल भी लोगों का मतदान के प्रति मन खट्टा करते हैं। ऐसे लोगों की संख्या कम नहीं है, जो कि कहते हैं कि नागनाथ और सांपनाथ में से किसी एक को चुनने बेहतर है कि किसी को भी मत चुनो। 'कोई नृप हो हमें का हानि' या 'हमारे एक वोट से क्या होना है' या फिर 'वोट देने पर हमें क्या मिलेगा? कुछ नहीं! फिर हम अपना समय क्यों खर्च करें?' ऐसा कहने वालों की भी बड़ी संख्या है। मतदाताओं की बढ़ती संख्या के साथ-साथ उम्मीदवारों की संख्या अधिक हो रही है। इसकी तुलना में नए मतदाता केंद्रों की संख्या नहीं बढ़ी है।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाना जटिल है और उससे भी कठिन है अपना मतदाता पहचान पत्र पाना। उसके बाद चुनाव के लिए पहले अपने नाम की पर्ची जुटाओ, फिर उसे मतदान केंद्र में बैठे एक कर्मचारी को देकर एक कागज पर दस्तखत या अंगूठा लगाओ। फिर एक कर्मचारी आपकी अंगुली पर स्याही लगाएगा। एक कर्मचारी ईवीएम शुरू करेगा, उसके बाद आप बटन दबाकर वोट डालेंगे। वीवीपेट के कारण सात सेकेंड मतदाता इंतजार करेगा। पूरी प्रक्रिया में दो-तीन मिनट लग जाते हैं। प्रत्येक मतदाता केंद्र पर एक हजार से अधिक व कहीं-कहीं दो हजार तक मतदाता हैं। यदि एक मतदाता पर दो मिनट का समय आंके तो एक घंटे में अधिकतम 30 मतदाता होंगे। इसके चलते मतदाता केंद्रों के बाहर लंबी-लंबी लाईनें लग जाती हैं। देश में 40 प्रतिशत से अधिक लोग ऐसे हैं, जो कि 'रोज कुआं खेद कर रोज पानी पीते' हैं। यदि वे महज वोट डालने के लिए लाइन में लगकर समय लगाएंगे तो दिहाड़ी मारी जाएगी और शाम को घर का चूल्हा नहीं जल पाएगा।

मतदान कम होने का एक कारण देश के बहुत से इलाकों में बड़ी संख्या में महिलाओं का घर से न निकलना भी है। महिलाओं के लिए निर्वाचन में आरक्षण की मांग कर रहे संगठन महिलाओं का मतदान बढ़ाने के तरीकों पर न तो बात करते हैं और न ही प्रयास। इसके अलावा जेल में कैद विचाराधीन कैदियों और अस्पताल में भर्ती मरीजों व उनकी देखभाल में लगे लोगों, चुनाव व्यवस्था में लगे कर्मचारियों, किन्हीं कारणों से सफर कर रहे लोग, सुरक्षाकर्मियों व सीमा पर तैनात जवानों के लिए मतदान की माकूल व्यवस्था नहीं है। इनकी संख्या एक करोड़ के आसपास होती है। हालांकि अब बुजुर्ग और कई आने श्रेणियों के लिए डाक मतदान और घर जा कर वोट डलवाने की योजना आई है, लेकिन यह निहायत राजनीतिक दलों के हितों के अनुरूप चुनिंदा लोगों तक ही सीमित है। कुछ सालों पहले चुनाव आयोग ने सभी राजनैतिक दलों के साथ एक बैठक में प्रतिपत्र मतदान का प्रस्ताव रखा था। इस प्रक्रिया में मतदाता अपने किसी प्रतिनिधि को मतदान के लिए अधिकृत कर सकता है। इस व्यवस्था के लिए जन प्रतिनिधि अधिनियम 1951 और भारतीय दंड संहिता में संशोधन करना जरूरी है। संसद में बहस का आश्वासन देकर उक्त अहम मसले को टाल दिया गया।

यहां जानना जरूरी है कि आस्ट्रेलिया सहित कोई 19 देशों में वोट न डालना दंडनीय अपराध है। क्यों न हमारे यहां भी बगैर कारण के वोट न डालने वालों के कुछ नागरिक अधिकार सीमित करने या उन्हें कुछ सरकारी सुविधाओं से वंचित रखने के प्रयोग किए जाएं। आज चुनाव से बहुत पहले बड़े-बड़े रणनीतिकार मतदाता सूची का विश्लेषण कर तय कर लेते हैं कि हमें अमुक जाति या समाज या इलाके के वोट चाहिए ही नहीं। यानी जीतने वाला क्षेत्र का नहीं, किसी जाति या धर्म का प्रतिनिधि होता है। यह चुनाव लूटने के हथकंडे इस लिए कारगर हैं, क्योंकि हमारे यहां चाहे एक वोट से जीतो या पांच लाख वोट से, दोनों के ही सदन में अधिकार बराबर होते हैं। यदि कुल मतदान और जीत के अंतर के हिसाब से इलाके की जन सुविधा, मंत्री बनाना आदि तय होने लगे तो प्रतिनिधि न केवल मतदाता सूची में लोगों के नाम जुड़वाएंगे, बल्कि अधिक मतदान के लिए प्रेरित भी करेंगे।

राजनैतिक दल कभी नहीं चाहेंगे कि मतदान अधिक हो, क्योंकि इसमें उनके सीमित वोट-बैंक के अल्पमत होने का खतरा बढ़ जाता है। कोई भी दल चुनाव के पहले घर-घर जाकर मतदाता सूची के नवीनीकरण का कार्य करता नहीं और बीएलओ पहले से ही कई जिम्मेदारियों में दबे सरकारी कर्मचारी होते हैं। हमारा लोकतंत्र भी एक ऐसे अपेक्षाकृत आदर्श चुनाव प्रणाली की बाट जोह रहा हैं जिसमें कम से कम सभी मतदाताओं का पंजीयन हो और मतदान तो ठीक तरीके से होना सुनिश्चित हो सके।

## प्रसंगवश

# धर्म और धर्म संस्था का द्वंद्व कोई नई बात तो थी नहीं

कार्ल मार्क्स ने अपने देशकाल में कहा था कि धर्म अफीम है। सुस्त बनाता है, अकर्मण्य बनाता है। वैसे ही जैसे अफीम के नशे में आदमी सुस्त और प्रमाद में डूब जाता है। स्पष्ट है कि लेनिन ने अकेला यह वाक्य तो कहा नहीं होगा, इसके आगे-पीछे और वाक्य भी होंगे। वह अवतरण भी होगा, पूरा वक्तव्य भी होगा और उस वक्तव्य का समग्र परिवेश भी होगा।

समग्र परिवेश से विच्छिन्न करके वाक्य का वही अर्थ नहीं रह पाता, जो वक्ता का अभीष्ट था। देशकाल से विच्छिन्न करके इस वाक्य को नए- नए मुल्लाओं ने शाश्वत समझ लिया, जैसे वह किसी धर्मग्रंथ का वाक्य हो और आस्था-विश्वास के कारण उस पर सवाल उठाना अधर्मी, नास्तिक या काफिर बन जाने जैसा हो तो उन लोगों ने इस अफीम के नशे से दूर रहने का उपदेश किया। सेक्यूलर स्टेट की बात थी कि राज्य किसी एक पंथ या मजहब को स्वीकार नहीं करेगा, सर्वधर्म समभाव के सिद्धांत का अनुसरण करेगा, लेकिन उन लोगों ने कमर कस ली कि वे व्यक्ति व्यक्ति के स्तर तक धर्मनिरपेक्षता या उनके अनुसार नास्तिकता को लागू करके ही दम लेंगे। उन लोगों का सत्ता के सूत्र से तो संबंध था, किसी न किसी पद पर विराजमान थे, लेकिन लोकजीवन से उनका संपर्क बन ही नहीं सका ताकि अपने सिद्धांत को लेकर लोगों से विमर्श कर सकें। अपनी बात समझा सकें और दूसरों की बात समझ सकें। बस एक ही रट थी कि धर्म अवैज्ञानिक है। वे समझ रहे थे कि उनकी किताबें हैं तो लोग उनको महापुरुष समझेंगे। उनके तर्कों को अकाट्य मान लेंगे। धर्म के व्यापक रूप का अध्ययन वे करते भी क्यों? वे तो सब कुछ जान चुके थे।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

परिणाम यह हुआ कि निहित-स्वार्थ के द्वारा धर्म की जो कुत्सित व्याख्या हो रही थी, वह और भी अधिक तेजी के साथ होने लगी। धर्म और धर्मसंस्था का द्वंद्व कोई नई बात तो थी नहीं। कृष्ण ने इन्द्र पूजा को चुनौती क्यों दी थी? बुद्ध और महावीर ने, क्यों धर्म की अभिनव व्याख्या की? कबीर, नानक ने उन रूढ़ियों को क्यों चुनौती दी? क्यों खड़े हुए? सूफी संतों ने शरीयत पर सवाल क्यों खड़ा कर दिया? दयानंद, विवेकानंद, अरविंद और महात्मा गांधी ने धर्म की व्याख्या क्यों की? ये बातें उनके कोर्स में ही नहीं थीं। परिणाम धर्म का मंच उन लोगों के पास चला गया अथवा चला जाने दिया गया, जो अपने धर्मग्रंथ को भी पढ़ पाने की योग्यता से वंचित हैं। कैसे-कैसे स्वामी, मठाधीश, महंत, भगवान, बापू, अवतार, रहीमराम टाइप गुरु उग आए। शास्त्र के ऐसे-ऐसे व्याख्याता, सामने आए, जो शुद्ध उच्चारण भी नहीं कर सकते। रसगुल्ला खाओ, कृपा आना शुरू हो जाएगा। कोटि-कोटि प्रणाम। अंधे अंधा ठेलिया दोनों कूप पड़ंत। दोनों ओर अतिवाद है। मरकजी मौलाना कह रहा था न। मौलाना ही क्या? बाकी जगहों पर भी हाल वैसा ही है। देश में ही नहीं। संसार में, धर्म के नाम पर धर्मसंस्थाओं का बोलबाला है। कुछ खलीफाओं ने तो धर्म को आतंक ही बना दिया है। नीम-हकीम खतरे जान, नीम मुल्ला खतरे ईमान। विश्व धर्मसंसद बैठे और कहे कि यह धर्म की कुत्सित व्याख्या है। यह अधर्म है। धर्म मनुष्यता है। दया, करुणा धर्म हैं। धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो। प्राणियों में सद्भावना हो। विश्व का कल्याण हो।

धर्म और धर्म-संस्था अथवा धर्म के तंत्र के अंतर को जानना आवश्यक है। दोनों में आकाश-पाताल का अंतर है। विश्व के किसी धर्म-पंथ को देख लीजिए। वैभव के बीच महलों में रहने वाला पोप ईसा मसीह का प्रतिनिधि कैसे हो सकता है? क्या सामान्य मुल्ला मुहम्मद साहब के विवेक का प्रवक्ता माना जा सकता है?

क्या सामान्य ग्रंथी गुरु नानक या गुरु तेग बहादुर अथवा गुरु गोविंद सिंह जैसा है? क्या सामान्य जैनमुनि को महावीर वर्धमान माना जा सकता है? क्या महास्थविर को महात्मा बुद्ध कह सकते हैं? क्या शंकर-पीठ का महंत आदिशंकराचार्य की प्रतिमूर्ति है? ईसा मसीह और पोप का अंतर बुद्ध और महास्थविर का अंतर, महावीर और मुनि का अंतर, मुहम्मद साहब और मुल्ला का अंतर, गुरु नानक और ग्रंथी का अंतर, कबीर और कबीरमठ के महंत का अंतर, आदिशंकराचार्य और पीठस्थ महंत का अंतर धर्म और धर्म के तंत्र का अंतर है। एक धर्म है और दूसरा धर्मसंस्था?

# राजनीति में पांव जमाने को पैसा बड़ी शर्त

राजनीति में पांव जमाने के लिए पैसा सबसे बड़ी शर्त है। इसमें धन बल के साथ दबंग छवि भी अब जरूरी लगती। देश में लोकसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। किसी भी लोकतांत्रिक राज्य में सरकार का संचालन जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों के द्वारा होता है। किसी भी सशक्त लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव आवश्यक है। यदि चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता रहेगी, तभी राष्ट्र मजबूत होगा।

संविधान निर्माताओं का यही मानना था इसीलिए बहुत सारे ऐसे प्रावधान किए गए हैं, जो लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने में सहायक सिद्ध होते हैं। आम नागरिक भी इसी बात से वास्ता रखता है, परंतु राजनीति के गिरते स्तर पर ही नहीं, लोकतंत्र के निर्वहन में ही प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र संस्था है। संविधान ने इस संस्था को पूर्ण अधिकार दिए हैं ताकि यह निष्पक्ष चुनाव करा कर लोकतंत्र को जीवित रख सके। कहा जा सकता है कि संविधान का अनुच्छेद 324 निर्भय और निष्पक्ष चुनाव की गारंटी देने हेतु चुनाव आयोग के लिए कुंड के समान है, जो इस संस्था को तमाम अधिकारों से संपन्न कर मजबूती प्रदान करता है, परंतु बहुधा देखा जाता है कि सशस्त्र बलों की तैनाती के बावजूद पोलिंग बूथ पर बाहुबल का प्रयोग और बाहरी तत्वों का अवैधानिक हस्तक्षेप रहता है, जो निःसंदेह संविधान की आत्मा को कुरेदने वाली गतिविधियां हैं।

मतदाताओं को रिझाने के अलग-अलग हथकंडे, भीड़ जुटाने के तरीके लोकतंत्र के हित में बिल्कुल भी नहीं हैं। डॉ. राजेंद्र प्रसाद और लाल बहादुर शास्त्री जी जैसे लोगों का



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

मतदाताओं को रिझाने के अलग-अलग हथकंडे, भीड़ जुटाने के तरीके लोकतंत्र के हित में बिल्कुल भी नहीं हैं।

जमाना तो अब रहा नहीं कि तनख्वाह भी पूरी नहीं लेंगे, सादा खाना खाएंगे, अपने टिकट पर यात्रा करेंगे और रात को तख्त के बिस्तर पर सो जाएंगे। आज तो ऐसा नेता निरा बेवकूफ कहलाएगा। अपने ही घर में उसकी कोई कद्र नहीं होगी। बाहर तो पूछिए मत। सबसे बड़ी बात, राजनीति में प्रवेश करने के लिए कोई निर्धारित शैक्षिक योग्यता नहीं। अक्षर ज्ञान ही काफी है। आपराधिक चरित्र हो तो भी चलेगा, बल्कि अच्छा दौड़ लेगा।

अपने कार्यकाल में अकूत संपति जमा करके ये आने वाली कई पुश्तों का भलाकर जाते हैं। वोट मांगने तो आते हैं, उसके बाद पांच साल तक नजर नहीं आते। क्या कभी देखा उस नेता को दोबारा पैदल चलते हुए, जो आपके घर-आंगन में वोट मांगने पैदल चलकर आया था? काले शीशे वाली गाड़ियों में जब इनकी सवारी निकलती है तो आप पहचान भी नहीं पाएंगे। पहचान भी गए तो रोकने या बात करने की हिम्मत नहीं कर पाएंगे। घोषणापत्र के जो पर्चे घर घर बांट जाते हैं, वह बाद में किसे याद रहते हैं। हां बेवकूफ सी जनता जरूर इन्हें दराज या अलमारी में संभाल कर रखती है कि जब नेताजी जीत जाएंगे तो यह सारे वादे पूरे करेंगे और अगर नहीं करें तो उन्हें यह पर्चे दिखाएंगे। जनता पांच साल किसी तरह इंतजार करती है और सत्ता परिवर्तन का सपना देखती है। उसे लगता है कि लोकतंत्र में पांच साल बाद दूसरी लहर आएगी और सत्ता बदल जाएगी जो उसकी दुखती रगो का इलाज करेगी। मगर नामभर के लिए सत्ता जरूर बदल जाती है, पर शासकीय कार्य प्रणाली वही रह जाती है। उनका आचार व्यवहार पहले वालों से इतना मिलता है कि यकीन मानिए कुछ भी नहीं बदलता।

जनता पांच साल के लिए फिर निरीहता का आवरण ढक लेती है और ये सत्ता के सुघड़ दावेदार कछुए के मानिंद अपने सुरक्षा कवच के भीतर अगले पांच साल के लिए सबकी नजरों से दूर सुरक्षित। अपवाद हर जगह होते हैं। राजनीति में भी हैं। कुछ कर्मठ राजनीतिज्ञ जनता के बीच रहने वाले, उसके दुख दर्द को समझने वाले भी आपको इन्हीं लोगों के बीच में मिल जाएंगे पर बेहद कम। जिन राजनेताओं को जनता सिर माथे पर बैठाती है, माई बाप समझती है, उनका गैर जिम्मेदाराना व्यवहार समझ नहीं आता।

क्या आपको आता है? तमाम वादे और दावे कर वोटरों को लुभाया जाता है और चुनाव के बाद वही ढाक के तीन पात आखिर मतदाता होने पर गर्व कैसे महसूस करे कोई नागरिक? उम्मीद है कि हम आगामी लोकसभा चुनाव में बुद्धि और विवेक से अपने मतदान का प्रयोग करेंगे और चुनी गई सत्ता के द्वारा वायदे पूरे न होने पर सवाल करने में भी पीछे नहीं हटेंगे। इसी में लोकतंत्र का सार निहित है।

## सोशल फोरम

# विज्ञान और नियम से ऊपर उठे लोग

फलों के भंडारण और ट्रांसपोर्ट के सेक्टर में क्रांति आ चुकी है। बिक्री के वास्ते पूरा संसार फल के ठेलों पर मुहैया है। ब्राजील का आम, चीन का ड्रैगन फ्रूट, न्यूजीलैंड की किवी, इंग्लैंड की स्ट्रॉबेरी। साल के किसी भी महीने कोई भी फल खाया जा सकता है।

एक जमाना था कि दांत में बीज न फंसता तो अमरूद का सड़ा निकलना तय हुआ करता था। अब फोम की जाली लगा अमरूद आता है। उसमें बीज ही नहीं होता और मीठा इस कदर कि कई दफा शक होने लगता है कि अमरूद के नाम पर कोई फिरंगी फल खरीद लाए हैं। इस वाले अमरूद ने कौड़ियों के दाम मिल जाने वाले उस नितांत स्थानीय फल की मिट्टी पलीद कर दी है जिसके बारे में ज्ञानरंजन और मार्केज कहानियां और वीरेन डंगवाल कविताएं लिखा करते थे। सेबों को चमकाने में स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाला मोम इस्तेमाल किया जाता है।



अशोक पांडे
हल्द्वानी

चाकू से उसे खुरचे जाने वाला वीडियो सबने कम से कम एक बार जरूर देखा होगा, लेकिन सेब के बाजार में सबसे सनसनीखेज चीज है सेबों पर लगे स्टिकर। थोड़ी सी रिसर्च की तो पाया इनको लेकर कड़े अंतर्राष्ट्रीय मानक बने हुए हैं। इन स्टिकर्स पर बारकोड छपे होने चाहिए और वह भी अलग-अलग तरीके के। उसे ऑर्गेनिक तरीके से उगाया गया है और उसकी जेनेटिक इंजीनियरिंग कर पाना संभव न हो तो बारकोड पांच संख्याओं का होगा और 9 से शुरू होगा। 8 से शुरू होने वाला बारकोड बताएगा कि सेब को ऑर्गेनिक तरीके से उगाया तो गया है, लेकिन उसकी जेनेटिक्स में कृत्रिम तरीके से सुधार किया हुआ है। चार अंकों वाले कोड बताते हैं कि फल को उगाने में पारंपरिक कीटनाशकों या केमिकल्स का इस्तेमाल हुआ है। इन स्टिकर्स की भी अलग-अलग किस्में हैं। इसके अलावा स्टिकर्स में लगने वाली सामग्री को बायो डिग्रेडेबल भी होना चाहिए।

हम विज्ञान और नियम से ऊपर उठे हुए लोग हैं। इसलिए दुनिया का कोई भी नियम हम पर लागू नहीं होता। बायो डिग्रेडेबल और ऑर्गेनिक-फॉर्गेनिक के चक्कर में हम पड़ते ही नहीं। हमने पहले से ही अपना स्टीकर तैयार कर रखा है-'बेस्ट क्वालिटी'। इस स्टिकर के चिपकाने भर से ही सारे पाप धुल जाते हैं।

**-फेसबुक वॉल से**

# भयानक जल संकट की आहट

पानी का संकट साल दर साल बढ़ता ही जा रहा है, जो क्षेत्र कुछ दशक पहले तक पानी से भरपूर थे, वहां से भी पानी के अभाव की खबरें मिलने लगी हैं। यदि स्थिति में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो वह दिन दूर नहीं जब दुनिया की एक बड़ी आबादी पानी के संकट का सामना करेगी।

संयुक्त राष्ट्र संघ की एक ताजा रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि वर्ष 2050 तक दुनिया भर में लगभग तीन अरब लोग ऐसे होंगे, जो पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे होंगे। अनुमान है कि इसकी सबसे ज्यादा मार भारत में ही पड़ेगी। हाल ही में आई उक्त रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने एक विस्तृत अध्ययन के बाद कहा है कि नदियां इतनी दूषित हो चुकी होंगी कि उन का पानी मानव और वन्य जीवों सभी के लिए ही 'असुरक्षित' हो जाएगा। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु विज्ञान पर काम करने वाली समिति द्वारा जारी उक्त रिपोर्ट में कहा गया है कि साल में कम से कम एक महीना ऐसा होता है जब दुनिया की लगभग आधी आबादी जल संकट का सामना करती है। रिपोर्ट के अनुसार बढ़ती मांग और ग्लोबल वार्मिंग वैश्विक स्तर पर पानी की सप्लाई के सामने सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। इसके साथ ही जल प्रदूषण भी एक बड़ी समस्या है जिसके कारण जल संकट का खतरा और भी बढ़ता जा रहा है।

वैज्ञानिकों का मानना है कि अभी हमारे पास विकल्प हैं और स्थिति को बेहतर बनाया जा सकता है। अतः हमें समय रहते स्थिति को शीघ्र सुधारने के लिए गंभीरता से प्रयास आरंभ कर देने चाहिए। पानी में नाइट्रोजन प्रदूषण को रोकने के विषय में वैज्ञानिकों का मानना है कि पानी की स्थिति को खराब होने से रोका जा सकता है और कुछ हद तक उसे बेहतर भी बनाया जा सकता है। इसके लिए ज्यादा सक्षम खाद का इस्तेमाल करना होगा और शाकाहार को प्रोत्साहित करना होगा तथा अधिकतर वैश्विक जनसंख्या को जल संसाधन की सुविधाओं से जोड़ना होगा। दुनियाभर में पानी का संकट विकराल रूप धारण करता जा रहा है। लगभग आठ अरब वाली हमारी प्यारी धरती पर लगातार जनसंख्या का दबाव बढ़ रहा है। परिणाम स्वरूप पानी की खपत भी बढ़ रही है।



दिनेश चंद्र शर्मा
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

अध्ययन बतलाते हैं कि फिलहाल कृषि क्षेत्र पानी की सबसे ज्यादा खपत करता है। विश्व में मौजूद मीठे जल का 70 फीसदी हिस्सा कृषि में खर्च होता है। पानी की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भूजल का ज्यादा से ज्यादा दोहन हो रहा है। इसी कारण दुनियाभर के भूजल भंडार में हर साल 100-200 घन किलोमीटर की कमी आ रही है। यह बहुत ही चिंताजनक स्थिति है। ग्लोबल वॉर्मिंग की वजह से हो रहे जलवायु परिवर्तन के कारण अब प्रतिवर्ष दुनिया के कुछ भाग बाढ़ का शिकार हो रहे हैं तो कुछ गंभीर सूखे का सामना कर रहे हैं।

तापमान में एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने पर नमी सात फीसदी बढ़ती है। नमी बढ़ने का अर्थ है कि असमय तेज वर्षा, बाढ़, भूस्खलन, फसलों की बर्बादी और पेयजल का दूषित होना। स्पष्ट है कि आज एक भयानक जल संकट की आहट स्पष्ट सुनाई दे रही है। उपरोक्त स्थिति को देखते हुए हम सभी का दायित्व है कि हम अपने और अपनी भावी पीढ़ियों के सुंदर और सुखमय भविष्य के लिए जल को संरक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास करें।

# बुच्ची धारणाएं

लगभग दो हफ्ते गए, सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच ने भारतीय शेयर बाजार की महीनों चलती रैली पर अपना विचार दिया कि वह रैली, जो छोटी और मध्यम पूंजी की कंपनियों के स्टॉक्स के बाजार मूल्य में बेतहाशा बढ़त के चलते रही, एक बुलबुले की तरह है, जो कभी भी फूट जा सकता है। श्रीमती बुच के इस ऑब्जर्वेशन पर शेयर बाजार की भयानक प्रतिक्रिया देखी गई और स्टॉक्स के मूल्य मुंह के बल गिर गए। हजारों निवेशकों ने खरबों की पूंजी गंवा दी। लगने लगा कि विदेश में प्रवृत्त मंदी का असर भारत में भी आ फैला। ब्रिटिश अर्थशास्त्री जेएम केंस ने कहा था कि बड़े लोगों के कथन का बहुत गहरा प्रभाव होता है, तब जब वे सही बात कहें और तब भी जब कि वे गलत बात कह दें।



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

अब श्रीमती बुच ठहरीं सेबी की चेयरपर्सन और सेबी है शेयर बाजार की नियामक संस्था। येषां निमेषणोन्मेषे जगतां प्रलयोदयौ (उनकी पलकें मुंदती तो फना होती है/पलकें खुलती तो चमन बन के निखरती दुनियां)। तो उनके कथन का गंभीर अर्थ लिया बाजार ने। बेतरीके की बिकवाली शुरू हुई। म्युचल फंड वालों की घिग्घी बंध गई। निवेशक पिट गए, हताश, लेकिन शेयर बाजार ने घायल नाग की तरह पलटवार हमला किया और फिर से जबर्दस्त तेजी लौट आई। अब श्रीमती बुच ने अपना बयान बदल लिया है। उन्होंने कहा है कि छोटे और मध्यम दर्जे की कंपनियां इतना अच्छा कर रही हैं कि विदेशी निवेशक उन पर लट्टू हैं। भारतीय पूंजी बाजार में वे जबर्दस्त निवेश कर रहे हैं। मतलब, यह रैली बुलबुला नहीं है। कुछ लोग यह भी कह रहे हैं कि हालांकि विदेशी पूंजी अपने घर में आती हुई मंदी से डर गई है। अतः वह भारतीय शेयर बाजार में पनाह ले रही है।

काबिल-ए-गौर बात है कि विदेशी पूंजी भारत के उद्योगों में निवेश करने में रुचि नहीं ले रही है, परंतु भारत के शेयर बाजार में रुचि ले रही है। इसका अर्थ है कि विदेशी पूंजी वास्तविक विनियोग करने की मंशा नहीं रखती। उनकी रुचि अल्पकालीन है। उनकी रुचि भारत की विकासशीलता में न होकर केवल फायदा लूटने में है। मतलब यह भी है कि अगर उनके अपने देश की स्थिति में सुधार हुआ तो विदेशी पूंजी भारत को दगा देने में देर नहीं करेगी। यह स्थिति चिंतनीय है। यह भी मजेदार बात है कि बड़ी पूंजी वाली कंपनियों के स्टॉक्स सर झुकाए, नैनन में नीर लिए, गुमसुम खड़े हैं। यह भी भूलना नहीं है कि भारत में इलेक्शन होने वाला है। पूंजी बाजार से इसके गहरे ताल्लुकात हैं। मंदी का असर चुनाव पर पड़ेगा और भारत के भविष्य पर भी।

लोकसभा चुनाव में मुद्दों को लेकर अमृत विचार ने जनता से बातचीत की तो पाया कि लोग महंगाई, बेरोजगारी, किसान आंदोलन, चुनावी बांड और सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग जैसे सवालों को महत्वपूर्ण तो मानते हैं, लेकिन वोट देने के सवाल पर मोदी के मुकाबले दूसरा नेता नहीं होने, राम मंदिर बनने, धारा-370 हटने और विकसित भारत का जिक्र करते हुए प्रदेश में गुंडाराज की जगह कानून का राज स्थापित होने को विमर्श के केंद्र में रख देते हैं। प्रस्तुत है जनता के साथ संवाद में निष्कर्ष का मंथन...



# ब्रांड मोदी पर गारंटी का टैग मुद्दों से भरा भाजपा का बैग

मनोज त्रिपाठी, कानपुर

**अमृत विचार।** ब्रांड मोदी पर गारंटी का टैग और राम मंदिर के साथ विकसित भारत के लिए भाजपा ने अबकी बार, 400 पार का नारा देकर मोदी 3.0 के चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की थी। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जब मैदान में उतरे तो उन्होंने अपने अंदाज में विपक्षी गठबंधन को पहले परिवारवाद के कठघरे में खड़ा किया फिर दो मुख्यमंत्रियों के जेल जाने के बाद अभियान को भ्रष्टाचार पर प्रहार में केंद्रित कर दिया। अपने बीते दो कार्यकाल को ट्रेलर बताते हुए यह तक कह दिया कि आगे और बड़े काम होने हैं। इसके मुकाबले विपक्षी इंडिया गठबंधन पटना, मुंबई और दिल्ली में रैलियां करने के बाद भी मुद्दों के लिहाज से अपना चुनावी अभियान पटरी पर नहीं ला पाया है, तो इसकी बड़ी वजह उसके द्वारा उछाले जा रहे सवाल मुद्दे से ज्यादा मोदी विरोध जैसे हैं, यह आकलन संवाद में 45 फीसदी लोगों ने व्यक्त करते हुए साफ कहा कि इसी कारण दो मुख्यमंत्रियों के जेल जाने के बाद गठबंधन ने सहानुभूति लेने की कोशिश तक सिमट गया।

### मुद्दे बनाना और उनसे बने माहौल का फायदा उठाना

- लोगों ने साफ कहा कि चुनाव मुद्दों और उनके जरिए बने माहौल के आधार पर जीता जाता है, भाजपा और उसके नायक मोदी यह बात भलीभांति जानते हैं, जबकि विपक्ष मोदी सरकार के खिलाफ वैसा कोई चुनावी मुद्दा खड़ा नहीं कर पा रहा है, जिसे हथियार बनाकर भाजपा का विजय रथ रोक सके। यही बात 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की सबसे बड़ी ताकत नजर आ रही है।

- मंदिर और विकसित भारत के जयघोष के साथ भ्रष्टाचार पर प्रधानमंत्री का लगातार करारा प्रहार
- महंगाई, बेरोजगारी, किसान, चुनावी बांड व एजेंसियों के बेजा इस्तेमाल के सवालों पर नहीं हलचल

### महंगाई, बेरोजगारी, किसान और चुनावी बांड को नहीं मिल पा रही धार

- तेजी से आगे बढ़ते चुनावी अभियान और बदलती परिस्थितियों में सीएए, समान नागरिक संहिता, किसान आंदोलन, फसलों की एमएसपी जैसे मुद्दे नेपथ्य में जाते दिख रहे हैं और राष्ट्रवाद से प्रेरित कच्चातिवु द्वीप जैसे मुद्दे फाइलों से बाहर आ गए हैं। इसके मुकाबले विपक्षी गठबंधन के हाथ महंगाई, बेरोजगारी, चुनावी बांड, नेताओं के यहां छापे, सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग जैसे मुद्दों को मुखरता से उठाने में तंग नजर आ रहे हैं।

### कांग्रेस भी गारंटी लाई पर जनता के बीच तक नहीं पहुंच पाई

- भाजपा के अनुसार मोदी की गारंटी युवाओं के विकास, महिलाओं के सशक्तिकरण, किसानों के कल्याण और हाशिए पर पड़े उन कमजोर लोगों के लिए है, जिन्हें दशकों से नजरअंदाज किया गया है। इसके मुकाबले कांग्रेस ने भी अपनी गारंटी पेश कीं, लेकिन उन्हें जनता के बीच ले जाकर परवान नहीं चढ़ा पा रही है।

### बयानों पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच जनता हुई मगन

- मतदान का वक्त जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, जनता की सीधी जरुरत से जुड़े वास्तविक मुद्दों की जगह पर राजनीतिक दलों के निजी हित से पैदा हुए सियासी मुद्दे हावी होते जा रहे हैं। तमाम दलों और उनके नेताओं की ओर से केवल एक-दूसरे पर बयानों से ही आरोप-प्रत्यारोप किया जा रहा है। जनता क्या चाहती है, आम जनता के सामने वास्तविक समस्याएं क्या है, चुनाव को लेकर जनता के मन में क्या चल रहा है, जैसे सवाल टीवी की बहस और सोशल मीडिया से गायब होते जा रहे हैं।

गाजीपुर में यह पहला चुनाव है जब माफिया डॉन मुख्तार अंसारी का कोई प्रभाव नहीं हैं। ऐसे में बड़ा सवाल है कि उसकी मौत का कितना, कहां और क्या असर होगा। पिछले चुनाव के मुकाबले इस बार सपा-बसपा के अलग-अलग लड़ने का फायदा भाजपा को मिलने की संभावना है।

# गुंडाराज का खात्मा बनाम सहानुभूति

विनय जायसवाल, मऊ

**अमृत विचार।** पूर्वांचल की सबसे चर्चित लोकसभा सीटों में गाजीपुर शामिल है। गाजीपुर को 'लहुरी काशी' यानी छोटी काशी भी कहा जाता है। इसकी वजह काशी की तरह गंगा यहां भी उत्तर वाहिनी हैं। इस शहर को तुगलक वंश के सैय्यद मसूद गाजी ने बसाया था। एशिया में सबसे बड़े अफीम के कारखाने के लिए विख्यात इस शहर ने वामपंथी, दक्षिणपंथी, मध्यमार्गी या दलित उभार, राजनीति की हर धारा को आगे बढ़ाया है। माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद इस बार यहां चुनाव और धारदार हो गया है। इसकी वजह यह है कि मुख्तार के भाई मौजूदा सांसद अफजाल अंसारी सपा के टिकट पर मैदान में हैं। पिछला चुनाव वह बसपा से जीते थे। भाजपा ने अभी इस सीट पर प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। शीर्ष नेतृत्व बदली परिस्थितियों के मद्देनजर जिताऊ नाम पर मंथन कर रहा है, जबकि बसपा किसी मजबूत यादव चेहरे की तलाश में है। गाजीपुर में सातवें चरण में एक जून को मतदान होना है।

### बेटा दावेदार पर चौंका सकते मनोज सिन्हा बृजेश सिंह, अलका राय के भी नाम

गाजीपुर लोकसभा सीट पर अगर अंसारी परिवार का दबदबा है तो भाजपा का भी आधार कम नहीं है। वर्तमान में जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा की यहां अच्छी पैठ मानी जाती है। वह तीन बार इस सीट से सांसद रहे हैं, हालांकि 2019 में चुनाव हार गए थे। इस बार भाजपा से उनके बेटे अभिनव सिन्हा दावेदारी कर रहे हैं। लेकिन कहा यह भी जा रहा है कि तेलंगाना की राज्यपाल सौंदर्यराजन की तरह पद से इस्तीफा देकर मनोज सिन्हा भी मैदान में उतर सकते हैं। पूर्व विधायक कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय का नाम भी दावेदारों में लिया जा रहा है, तो सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर यहां से बृजेश सिंह को चुनाव लड़ाने के लिए सीट अपने खाते में मांग रहे हैं।



### 2019 का जनादेश

| | प्रत्याशी | वोट |
|---|---|---|
| बसपा | अफजाल अंसारी | 566082 |
| भाजपा | मनोज सिन्हा | 446690 |
| सुभासपा | रामजी | 33,877 |

### 2014 का जनादेश

| | प्रत्याशी | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | मनोज सिन्हा | 306929 |
| सपा | शिवकन्या कुशवाहा | 274477 |

- वर्तमान सांसद अफजाल अंसारी गाजीपुर से पहली बार 2004 और दूसरी बार 2019 में सांसद बने थे।
- पिछले लोकसभा चुनाव में बसपा-सपा का गठजोड़ होने से उन्होंने भाजपा प्रत्याशी मनोज सिन्हा को एक लाख से ज्यादा वोटों से हरा दिया था।

2004 में पहली बार और दूसरी बार 2019 में सांसद बने थे

**अफजाल अंसारी**



### गाजीपुर में निकल रहीं टोलियां

- गाजीपुर में अफजाल अंसारी और उनका परिवार क्षेत्र में लगातार भ्रमण कर रहा है। उनके समर्थन में मुस्लिम युवाओं के साथ यादव मतदाताओं की टोलियां सुबह ही क्षेत्रों में निकल जाती हैं और लोगों को यह बताने में जुटी हैं कि उनके अपने मुख्तार अंसारी की हत्या हुई है। परिवार का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। इसका बदला चुनाव में अफजाल को जिताकर लेना है। अफजाल को उम्मीद है कि मुख्तार की मौत से उपजी सहानुभूति उन्हें जीत दिलाएगी, जबकि भाजपा नेतृत्व यह मानता है कि मोदी की गारंटी, पीएम किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला समेत अन्य योजनाओं के लाभार्थी और गुंडाराज खात्मे के साथ अपराध मुक्त उत्तर प्रदेश के दम पर इस कठिन सीट पर भी जीत हासिल करने में दिक्कत नहीं आएगी।

### यहां हर दल को मिलती रही जीत

- गाजीपुर सीट पर सपा, बसपा, भाजपा, कांग्रेस सभी दल चुनाव जीत चुके हैं। 1952, 1957 और 1962 में कांग्रेस जीती थी, इसके बाद लगातार दो चुनावों में भाकपा ने लाल झंडा फहराया। 1977 में जनता पार्टी के गौरीशंकर पांडेय जीते। 1980 व 1984 के बाद कांग्रेस यहां जीत दर्ज नहीं कर सकी।
- 1996 में पहली बार इस सीट पर भाजपा के मनोज सिन्हा जीते लेकिन 1998 में सपा के ओमप्रकाश सिंह ने सीट भाजपा से छीन ली, हालांकि भाजपा ने 1999 में पुन: मनोज सिन्हा पर यकीन किया और वह जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। इसके बाद लगातार दो चुनावों में सपा का कब्जा रहा।
- 2014 की मोदी लहर में मनोज सिन्हा ने यहां भी कमल खिला दिया। लेकिन 2019 में भाजपा को यहां हार का सामना करना पड़ा।

### राजभर व निषाद साथ आने से भाजपा के लिए अनुकूल माहौल

- इस बार चुनाव में सपा के साथ कांग्रेस है तो भाजपा के साथ राजभरों की नुमाइंदगी करने वाले सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर और निषाद, बिंद, केवट का प्रतिनिधित्व करने वाले वाली निषाद पार्टी है। यहां राजभर और निषाद मतदाता जिधर जाते हैं उसका पलड़ा भारी हो जाता है। हालांकि यादवों की सर्वाधिक संख्या है इसके बाद दलित, राजभर और मुस्लिम मतदाता हैं।

### पांच में चार विधानसभा सीटों पर सपा काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में आने वाली पांचों विधान सभाओं में किसी पर भी भाजपा का कब्जा नहीं है। सैदपुर, गाजीपुर सदर, जंगीपुर और जमनिया विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा है जबकि जखनिया सीट पर सुभासपा का विधायक है। 2022 के चुनाव में इस सुभासपा का सपा के साथ गठबंधन था। लेकिन अब वह भाजपा के साथ खड़ी है।



जीतेंगे बाजी

बेंगलुरु नार्थ से भाजपा की उम्मीदवार शोभा कारनदलाजे के कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकारों ने कार्यकर्ताओं का मन मोह लिया।

# एमपी में उमा भारती घर बैठीं स्मृति ईरानी संभालेंगी मोर्चा

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा के नामांकन में नहीं पहुंची उमा भारती
- विधान सभा चुनाव से नाराजगी, अब मध्य प्रदेश में स्टार प्रचारक भी नहीं

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

**अमृत विचार।** मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की कथित भितरघात का जवाब देने के लिए भाजपा हाई कमान ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को तैयार किया है। वह प्रदेश में उन स्थानों पर जाएंगी जहां उमा के अंतर्विरोध से पार्टी को नुकसान की आशंका है। इसकी शुरुआत स्मृति ने बुधवार को खजुराहो संसदीय क्षेत्र से कर दी। वहां प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के नामांकन में जब उमा भारती ने आने में असमर्थता जताई तो दिल्ली से स्मृति ईरानी को पहुंचना पड़ा। उमा भारती खजुराहो से चार बार सांसद रह चुकी हैं। अब भाजपा केंद्रीय कार्यालय ने मध्य प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में स्मृति ईरानी का चुनाव कार्यक्रम तैयार कर दिया है। गत वर्ष हुए विधानसभा चुनाव में उमा भारती की खामोशी को ध्यान में रखते हुए उनको हाई कमान ने स्टार प्रचारकों की सूची से भी हटा दिया है।



स्मृति ईरानी।



उमा भारती।

### खजुराहों में उमा के वर्चस्व की परीक्षा

भाजपा सूत्रों के मुताबिक उमा भारती के वर्चस्व की परीक्षा उनके अपने संसदीय क्षेत्र खजुराहो से हो जाएगी। यहां पर भाजपा अच्छी स्थिति में है। पार्टी को पता चला है कि खजुराहो से इंडिया गठबंधन ने ऐन वक्त पर अपना जो प्रत्याशी बदला है उसके पीछे भी उमा भारती की महिला, पिछड़ा वर्ग की राजनीति है। इसी के तहत यह कुप्रचार किया जा रहा है कि प्रदेश में भाजपा की एकमात्र तेजतर्रार महिला नेता (उमा) को किस तरह दरकिनार किया जा रहा है। गठबंधन में मध्य प्रदेश की 29 में खजुराहो सीट सपा को मिली है। सपा ने पहले भोपाल के डा. मनोज यादव को टिकट दिया था। लेकिन दो दिन बाद ही बदलकर बुंदेलखंड निवाड़ी की पूर्व विधायक मीरा यादव को उतार दिया, ताकि यह संदेश लोगों तक पहुंचाया जाए कि विपक्ष ने पिछड़ा वर्ग से महिला को टिकट दिया है। अब पूरे चुनाव को सवर्ण बनाम पिछड़ा वर्ग में बदलने की योजना है। इस क्षेत्र में विधानसभा की सभी सीटें भाजपा के पास है। इसलिए शर्मा का पलड़ा फिलहाल भारी है। पिछली बार भाजपा के मुकाबले कांग्रेस ने राज नगर के पूर्व विधायक नाती राजा की पत्नी कविता सिंह को टिकट दिया था। लेकिन वह भारी अंतर से चुनाव हार गई थीं।

# कांग्रेस के लिए बंजर हो चुकी हमीरपुर सीट, छोड़ी उम्मीद

राजेश सिंह, हमीरपुर

**अमृत विचार।** कभी हमीरपुर लोकसभा सीट पर भी कांग्रेस की तूती बोलती थी, लेकिन 1989 के बाद असर खत्म हो गया। 1996 में कांग्रेस ने इस सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के बेटे सुनील शास्त्री को चुनावी मैदान उतार कर वापसी की कोशिश की, लेकिन जनता ने नकार दिया। अब तो पार्टी ने मान लिया है कि यहां उसका जनाधार रसातल में पहुंच गया है। यही वजह है कि सपा से गठबंधन में सीट उसी के पास है।

कांग्रेस की विजय यात्रा की शुरुआत 1952 में मन्नूलाल द्विवेदी की जीत से हुई। अगले दो चुनाव भी कांग्रेस के ही खाते में रहे। 1967 में कांग्रेस के मन्नूलाल द्विवेदी चुनाव हार गए। 1971 में स्वामी ब्रह्मानंद चुनाव जीते। आपातकाल की विरोधी लहर का खामियाजा 1977 में कांग्रेस को यहां भी भुगतना पड़ा। लेकिन 1980 में कांग्रेस फिर इस सीट पर काबिज हो गई। 1984 में भी परचम फहराने में कामयाब रही। इसी के बाद से ऐसी फिसली कि वोट प्रतिशत में तेजी के साथ गिरावट आई और चुनाव दर चुनाव में पार्टी चारों खाने चित हो गई। वर्ष 1999 में वोट प्रतिशत घटकर मात्र 1.52 रह गया।

हालांकि 2004 में गंगा चरण राजपूत व 2009 में सिद्ध गोपाल साहू ने अपने दम पर कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ाया। तब गंगा चरण को 18.49 प्रतिशत व सिद्ध गोपाल साहू को 23.93 फीसद वोट मिले। 2014 और 2019 में कांग्रेस से प्रीतम सिंह किसान चुनाव लड़े, लेकिन उन्हें एक बार 4.05 व 10.66 फीसद वोट ही मिल सके। लगातार पिछले नौ लोकसभा चुनाव कांग्रेस हार चुकी है। इस दल के ज्यादातर नेता व कार्यकर्ता अपनी निष्ठा बदल कर दूसरे दलों का दामन थाम चुके हैं। ऐसे में पार्टी का संगठन भी कमजोर हो चुका है।

लखनऊ लोकसभा सीट

2019 में भाजपा के राजनाथ सिंह ने शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम को तीन लाख 47 हजार वोटों से हराया था

# मुलायम ने जेल में रखा हाथ, रविदास ने नहीं छोड़ा साथ

दिव्यभान श्रीवास्तव, लखनऊ

**अमृत विचार।** देश की हॉट सीट में लखनऊ भी एक है। यहां से रक्षा मंत्री और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष राजनाथ सिंह तीसरी बार चुनावी मैदान में हैं। उनके सामने सपा के वरिष्ठ नेता और विधायक रविदास मेहरोत्रा हैं। यह सीट भाजपा का गढ़ मानी जाती है लेकिन सपा उम्मीदवार की स्थानीय स्तर पर पकड़ से इंकार नहीं किया जा सकता है। लखनऊ सीट पर 5वें चरण में चुनाव होना है इसके लिए 20 मई को वोटिंग होगी।

लखनऊ लोकसभा सीट से सपा उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा 2022 के विधानसभा चुनाव में लखनऊ मध्य से विधायक बने थे। वह कॉलेज के दिनों से राजनीति में सक्रिय हैं। जमीनी संघर्ष वाले नेता माने जाते हैं। उनके नाम एक अनोखा रिकॉर्ड भी है। वह 251 बार जेल जाकर लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में सबसे ज्यादा जेल जाने का रिकॉर्ड दर्ज करा चुके हैं। रविदास खुद कहते हैं कि उन्हें जनता की आवाज उठाने के चक्कर में अक्सर जेल जाना पड़ा। रविदास ने केकेसी विद्यालय से पहली बार छात्रसंघ का चुनाव लड़ा और उपाध्यक्ष बने। उनकी मुलायम सिंह यादव से जेल में मुलाकात हुई। इसके बाद रविदास ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। मुलायम सिंह यादव का करीबी गिने जाने के कारण सपा सरकार में उन्हें अहम विभाग सौंपे गए थे। पिछले विधानसभा चुनावों में रविदास मेहरोत्रा ने मोदी-योगी लहर के बावजूद लखनऊ मध्य से भाजपा प्रत्याशी को 10 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था। वह पहली बार 1989 में जनता दल के टिकट पर लखनऊ पूर्वी से विधायक बने थे। साल 2012 में लखनऊ मध्य से सपा के टिकट पर चुनाव जीता। लेकिन अखिलेश सरकार में कैबिनेट मंत्री होने के बावजूद वह 2017 के विधानसभा चुनाव में लखनऊ मध्य से हार गए थे। अब अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव का टिकट देकर उन्हें राजनाथ की जीत की हैट्रिक तोड़ने का लक्ष्य सौंपा है।



- 251 बार जेल जा चुके सपा प्रत्याशी विधायक रविदास मेहरोत्रा के सामने राजनाथ का रथ रोकने की चुनौती
- पांच बार अटल बिहारी सांसद रहे, एक बार लालजी टंडन अब 2014 से लगातार दो बार राजनाथ सिंह

### हैट्रिक मारने से नहीं चूकेंगे राजनाथ सिंह

इस सीट पर साल 1991 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने भाजपा की जो जीत का झंडा गाड़ा, वह अब तक लहरा रहा है। तब से सपा और कांग्रेस ने कितने ही प्रत्याशियों को लखनऊ से लड़ाया, लेकिन भाजपा इस सीट पर अजेय है। लखनऊ पूर्व पीएम और भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे अटल बिहारी बाजपेयी की कर्मभूमि रहा है। पांच बार अटल बिहारी बाजपेयी यहां से सांसद रहे। एक बार लालजी टंडन और 2014, 2019 से लगातार दो बार राजनाथ सिंह सांसद हैं। इस बार राजनाथ के लिए मौका जीत की हैट्रिक लगाने का है।

### तीन विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा

- लखनऊ लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा क्षेत्र लखनऊ पश्चिम, लखनऊ उत्तरी, लखनऊ पूर्वी, लखनऊ मध्य और लखनऊ कैंट शामिल हैं। 2022 के विधानसभा चुनावों में 3 सीटों पर भाजपा ने कब्जा किया था। लखनऊ की आबादी इस समय 50 लाख गिनी जाती है। 2019 के आंकड़े के अनुसार लखनऊ में कुल 19 .37 लाख वोटर थे। 2024 में लखनऊ जिले में मतदाताओं की संख्या 39 लाख 53 हजार हो गई है। इसमें पुरुष 20 लाख 82 हजार हैं और साढ़े 18 लाख महिला वोटर हैं।

### पश्चिमी और मध्य विधान सभा में बढ़त से सपा को इस बार जीत का भरोसा

- लखनऊ सीट पर पिछले चुनाव में राजनाथ सिंह ने 6 लाख 33 हजार से ज्यादा वोट हासिल किए थे, जबकि सपा प्रत्याशी पूनम सिन्हा, जो शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी हैं, को मात्र 2 लाख 85 हजार वोट मिले थे। राजनाथ ने 3 लाख 47 हजार वोटों के अंतर से चुनाव जीता था। पिछले लोकसभा चुनाव में लखनऊ सीट पर लगभग 55 फीसदी वोटिंग हुई थी। यहां तीसरे नंबर पर कांग्रेस रही थी, जिसके आचार्य प्रमोद कृष्णम को 1 लाख 80 हजार 11 वोट मिले थे।



# अमेठी की चुनावी रणभूमि में राजीव से भिड़ी थीं मेनका

**1984** के लोकसभा चुनाव में गांधी परिवार की आपसी लड़ाई आई थी सामने | **4,36,263** कुल वोट पड़े थे उस चुनाव में | **3,65,041** वोट राजीव व मेनका को मिले थे 50163 वोट

नीरज श्रीवास्तव, परशदेपुर रायबरेली

**अमृत विचार:** 1984 में अमेठी लोकसभा का चुनाव ऐसा था, जिसमें गांधी परिवार का आपसी टकराव देश के सामने आया था। काफी चर्चित रहे 1984 के चुनाव में गांधी परिवार के दो सदस्य राजीव गांधी और मेनका गांधी ही एक दूसरे के खिलाफ अमेठी से चुनावी मैदान में उतर गए थे। हालांकि राजीव के सामने मेनका की जमानत जब्त हो गई थी।

31 अक्टूबर 1984 को इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी प्रधानमंत्री बन चुके थे। राजीव गांधी उस समय अमेठी से सांसद थे। 26 दिसंबर 1984 को आम चुनावों की तिथि निर्धारित हो गई थी। राजीव गांधी फिर से अमेठी से चुनावी मैदान में थे। इंदिरा गांधी की हत्या के बाद गांधी परिवार में चल रही अंदर खाने की लड़ाई बाहर आ गई । मेनका गांधी ने उस समय प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी के खिलाफ अमेठी से 'संजय विचार मंच' से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। गांधी परिवार के ही दो सदस्य एक दूसरे के सामने थे। एक तरफ प्रधानमंत्री राजीव गांधी थे तो दूसरी तरफ निर्दलीय मेनका गांधी। लोगों की जनभावनाएं दोनो तरफ थी।

पुराने लोगों का कहना है कि अमेठी की जनता बड़ी दुविधा में थी कि एक तरफ इंदिरा गांधी की हत्या के बाद जनता की सहानभूति राजीव

**अतीत के झरोखे से**

गांधी के साथ थी वहीं दूसरी ओर नन्हें वरुण गांधी को गोद में लिए अमेठी के सांसद रहे संजय गांधी की विधवा पत्नी मेनका गांधी के प्रति आत्मीय लगाव। मेनका गांधी की सभाओं में भीड़ तो उमड़ती थी लेकिन ये भीड़ वोट में तब्दील नहीं हो सकी। इंदिरा गांधी की हत्या से उमड़ी सहानभूति की लहर में अमेठी की जनता ने राजीव गांधी को चुना। मेनका गांधी की जमानत नहीं बच पाई।


राजीव गांधी।


बेटे वरुण के साथ मेनका गांधी।

### 31 प्रत्याशी थे चुनावी मैदान में

1984 के चुनाव में कांग्रेस से राजीव गांधी व दूरदर्शी पार्टी से कुंवर ब्रजेश सिंह चुनावी मैदान में थे। जबकि मेनका गांधी सहित 29 उम्मीदवार निर्दलीय ही चुनावी रणभूमि में उतरे थे। हालांकि मुख्य मुकाबला राजीव व मेनका के बीच ही माना जा रहा था।

# चौका लगाएंगे पाल या मात देगी गठबंधन की चाल

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार:** 2024 के चुनावी पिच पर डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र से चुनाव मैदान में भाजपा का बल्ला चला तो जगदंबिका पाल का चौका लगना तय है। इस लोकसभा के चुनावी पिच पर अभी तक बसपा और इंडिया गठबंधन कोई खिलाड़ी 2024 के चुनावी मैदान में नहीं उतारा है। इंडिया गठबंधन और बसपा ऐसे चेहरे की तलाश कर ही रही है। जो जगदंबिका पाल जैसे राजनीति के माहिर खिलाड़ी को मात दे सके।

भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में पहली बार उन्होंने 2004 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े थे परंतु उन्हे हार का मुंह देखना पड़ा था। किंतु वह जनता के बीच लगे रहे और 2009 के चुनाव में 20 साल बाद डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में जगदंबिका पाल ने कांग्रेस से जीत दर्ज कराई। इसके बाद 2014 में जगदंबिका पाल ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा भाजपा ने उन पर अपना विश्वास जताते हुए 2019 में प्रत्याशी बनाया। 2019 में सपा-बसपा का गठबंधन था 2019 का चुनाव काफी रोचक रहा। बसपा प्रत्याशी आफताब आलम ने उस समय गजब का बैटिंग करते हुए मुकाबला किया किंतु उस चुनाव में जगदंबिका पाल ने 105000 मतों से सपा बसपा गठबंधन प्रत्याशी आफताब आलम को हरा दिया ।


जगदंबिका पाल

● **विनय शंकर त्रिपाठी हो सकते हैं इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार**

भाजपा ने पुन जगदंबिका पाल पर अपना विश्वास जताते हुए तीसरी बार 2024 के चुनावी पिच पर प्रत्याशी के रूप में उतार दिया है। किंतु अभी तक इंडिया गठबंधन और बसपा प्रत्याशी का दूर-दूर तक कहीं भी नामोनिशान नहीं दिखाई पड़ रहा है। मतदाता की निगाहें इस आस से दोनों प्रत्याशियों के आने की बाट जोह रहे हैं। कि शायद कोई पाल को आउट कर सके।

सपा प्रत्याशी के रूप में ब्राह्मण चेहरा विनय शंकर त्रिपाठी की चर्चा लगातार चल रही है डुमरियागंज संसदीय सीट से पिच पर बैटिंग करने उतरते हैं तो यहां का चुनाव काफी रोचक हो जाएगा। यहां के चुनाव में ब्राह्मण और मुस्लिम मतदाता की अहम भूमिका जीत के लिए रहती है, और अगर विनय शंकर त्रिपाठी चुनावी समर में उतरते हैं तो लोकसभा डुमरियागंज का चुनाव काफी रोचक हो सकता है।

# पहले जितनी थी गोंडा-बलरामपुर की आबादी, अब उतने एक क्षेत्र में मतदाता

## पांच गुना बढ़े मतदाताओं तक पहुंचना हुआ दुष्कर, प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया सहित अन्य प्लेटफार्म का सहारा

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** 1951 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में प्रचार के जो साधन थे अब वे बदल गए। हर घर तक पहुंचने की उम्मीदवारों की ललक भी कम हो गई। संसाधन बदल गए, मानक बदल गए और चुनाव कराने वाली एजेंसी के नियम भी बदल गए। मतदान का तरीका बदल गया। 1951 में मतदाताओं में जो उल्लास था और विश्वसनीयता थी वह भी बदल गई। एक जीप के आने पर गांव के युवा व लड़के पर्चा लूटने तथा बिल्ला मांगने के लिए जुटते थे वह तरीका भी बदल गया। इसका कारण विकास की ओर बढ़ते भारत तथा सुरसा की तरह मुहं फैलाए जनसंख्या है।

1551-52 में जब देश का पहला चुनाव हुआ था तो गोंडा-बलरामपुर की कुल आबादी 18 लाख के करीब थी। और अब दोनों को मिलाकर कुल आबादी 70 लाख से अधिक हो गई है। गोंडा और बलरामपुर लोकसभा के उम्मीदवार का चयन तब करीब 10-12 लाख मतदाता करते थे और 36 लाख से अधिक मतदाता करेंगे।

बात करते हैं 1951 में गोंडा की। गोंडा जिले की कुल आबादी 1877671 थी। इसमें तीन तहसीलें व आठ नगर निकाय शामिल थे। उस वक्त बलरामपुर भी गोंडा जिले का भाग था। तीन तहसीलों में गोंडा तहसील की कुल आबादी 455738, तरबगंज तहसील की आबादी 428824 तथा उतरौला तहसील क्षेत्र की आबादी 901242 थी। इसके अलावा गोंडा नगर पालिका में 32749, कटरा बाजार में 2261, खरगूपुर में 3420, करनैलगंज में 8386, नवाबगंज में 5825, बलरामपुर में 23130, तुलसीपुर में 7338 तथा उतरौला नगर में 8738 लोग निवास करते थे।

1951 में भी गोंडा में दो लोकसभा क्षेत्र था। एक गोंडा तथा दूसरा बलरामपुर। दोनों लोकसभा क्षेत्र की कुल आबादी 18 लाख के करीब थी और 74 साल बाद भी दो ही लोकसभा है जिसकी कुल आबादी 70 लाख से अधिक है। एक लोकसभा क्षेत्र में उस दरम्यान 5 से 7 लाख मतदाता अपना रहनुमा चुनते थे अब 18 लाख से अधिक मतदाता अपने सांसद का चुनाव करते हैं। आबादी के लिहाज से यदि लोकसभा क्षेत्र का पुनर्गठन होता है तो गोंडा और बलरामपुर में तीन लोकसभा क्षेत्र बन सकते हैं।

### गोंडा लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाता

| विधानसभा | कुल मतदाता | पुरुष | महिला | थर्ड जेंडर |
|---|---|---|---|---|
| गोंडा | 352430 | 187839 | 164561 | 30 |
| मेहनौन | 372559 | 200352 | 172196 | 11 |
| मनकापुर | 333968 | 178042 | 155926 | 00 |
| उतरौला | 426913 | 231116 | 195767 | 30 |
| गौरा | 327327 | 176726 | 150593 | 08 |
| कुल | 1813197 | 974075 | 839043 | 79 |
| गोंडा जिले में बढ़े मतदाता – 74 हजार | | विलोपित– | 48 हजार | |

### बलरामपुर-श्रावस्ती

| विधानसभा क्षेत्र | कुल मतदाता | पुरूष | महिला | थर्ड जेंडर |
|---|---|---|---|---|
| बलरामपुर सदर | 418992 | 227634 | 193383 | 10 |
| तुलसीपुर | 377515 | 203213 | 174283 | 19 |
| गैसड़ी | 360708 | 192889 | 167794 | 25 |
| श्रावस्ती | 421161 | 222338 | 198809 | 14 |
| भिनगा | 393415 | 210270 | 183143 | 2 |
| कुल– | 1971791 | 1056344 | 917412 | 70 |

### परिसीमन में कुछ विधानसभा क्षेत्र जुड़े कुछ कटे

● 2009 में हुए लोकसभा के परिसीमन में कई लोकसभा क्षेत्रों में बदलाव हो गया। कैसरगंज लोकसभा में बाराबंकी के जो क्षेत्र शामिल थे वे 2009 में हट गए और गोंडा जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र तरबगंज, कटरा बाजार व करनैलगंज को शामिल किया गया। इसी तरह गोंडा लोकसभा में शामिल कटरा बाजार, करनैलगंज को हटा दिया गया और नए नाम से बनी गौरा विधानसभा, उतरौला विधानसभा क्षेत्र के साथ गोंडा, मेहनौन व मनकापुर को शामिल किया गया। बस्ती में जिले की डिक्सर विधानसभा क्षेत्र को हटा कर तरबगंज किया गया और इसे करनैलगंज में शामिल किया गया। ऐसे ही बलरामपुर लोकसभा क्षेत्र का नाम श्रावस्ती कर दिया गया और श्रावस्ती के दो विधानसभा क्षेत्रों के साथ बलरामपुर की तीन विधानसभा क्षेत्रों को जोड़ दिया गया।

### घर-घर तो दूर अब गांव तक नहीं पहुंच पा रहे उम्मीदवार

● पहले के आम चुनावों में उम्मीदवार दिन रात चलकर हर मतदाता तक पहुंचने का प्रयास करते थे। 1951 में सड़कें भी नहीं थीं। चकरोड़, लीक के रास्ते धूल उड़ाते जब नेता जी गांव की ओर बढ़ते थे तो गांव के लोग स्वयं एकत्र होकर उनकी बात सुनते थे। लेकिन अब गांव तक पक्की सड़क होने के बावजूद उम्मीदवार गांवों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। इसलिए नुक्कड़ नाटक, जनसभा तथा सोशल मीडिया या अन्य साधनों से उम्मीवार आम मतदाता तक अपनी बात पहुंचा रहे हैं।



**हर बार बदला उम्मीदवार, दल बदलकर ही दोबारा संसद पहुंचे सांसद**

# किसी भी दल ने दोबारा नहीं बनाया अपने सांसद को प्रत्याशी




राजू जायसवाल, बहराइच

**अमृत विचार:** बहराइच सीट से वर्ष 1952 से वर्ष 2019 तक हुए लोकसभा चुनाव में किसी एक प्रत्याशी को निरंतर दो बार टिकट नहीं मिला है। इसे संयोग ही कहा जायेगा। हालांकि भाजपा के पदम सेन चौधरी और तत्कालीन कांग्रेस नेता आरिफ मोहम्मद खान ने कुछ वर्षों के अंतराल में दो बार जीत दर्ज कर संसद का रुख जरूर किया है।

बहराइच लोकसभा का गठन वर्ष 1952 में हुआ था। गठन के बाद इस बार वर्ष 2024 में 18वा प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। हालांकि इस सीट पर संयोग कहें या किसी पार्टी के पास सक्षम प्रत्याशी न होना कहा जाए तो गलत नहीं होगा। वर्ष 1952 से वर्ष 2024 लोकसभा चुनाव की बात करें तो बहराइच सीट से लगातार किसी एक प्रत्याशी को किसी भी पार्टी ने टिकट नहीं दिया है। तत्कालीन कांग्रेस नेता आरिफ मोहम्मद खान ने वर्ष 1984 और वर्ष 1989 का चुनाव जनता दल के टिकट से लड़ा और चुनाव भी जीता था। लेकिन पार्टी अलग होने के चलते वह रिकार्ड नहीं बना सके। इसके बाद केरल के राज्यपाल

**▸▸ आरिफ ने ही लगातार दो बार दल बदलकर जीती सीट**

**बहराइच में शामिल हैं यह विधानसभा क्षेत्र**

बहराइच सीट में पांच विधान सभा क्षेत्र के मतदाता मतदान करते हैं। इनमें बहराइच, बलहा, मटेरा, नानपारा और महसी विधान सभा के मतदाता मतदान कर सांसद का चुनाव करेंगे।

आरिफ मोहम्मद खान ने वर्ष 1998 के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ते हुए जीत का परचम फहराया था। इसी तरह भाजपा पार्टी से वर्तमान विधान परिषद सदस्य पदम सेन चौधरी ने वर्ष 1996 और 1999 के चुनाव में जीत दर्ज की थी। इस पर पुनः भाजपा ने वर्तमान सांसद अक्षयवर लाल का टिकट काटते हुए उनके पुत्र डॉक्टर आनंद गोंड को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में साफ है कि बहराइच सीट से किसी एक पार्टी का प्रत्याशी निरंतर चुनाव नहीं लड़ पाया है।

**मतदाताओं की संख्या एक नजर में (बहराइच)**

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 2602762 है। |
| पुरुष मतदाता | 1373392 |
| महिला मतदाता | 1229288 |

### अब तक हुए चुनाव जीते प्रत्याशी

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रफी अहमद किदवाई | कांग्रेस | 1952 | आरिफ मो0 खां | जनता दल | 1989 |
| सरदार जोगेन्द्र सिंह | कांग्रेस | 1957 | रुद्र सेन चौधरी | भाजपा | 1991 |
| राजा राम सिंह | स्वतन्त्र पार्टी | 1962 | पद्मसेन चौधरी | भाजपा | 1996 |
| के के नायर | जनसंघ | 1967 | आरिफ मो0 खान | बसपा | 1998 |
| पण्डित बदलू राम | कांग्रेस | 1971 | पदमसेन चौधरी | भाजपा | 1999 |
| ओम प्रकाश त्यागी | जनतापार्टी | 1977 | रुबाब सईदा | सपा | 2004 |
| मुजफ्फर हुसैन | कांग्रेस | 1980 | कमल किशोर | कांग्रेस (अजा) | 2009 |
| आरिफ मो0 खां | कांग्रेस | 1984 | सावित्रीबाई | भाजपा | 2014 |
| | | | अक्षयवर लाल | भाजपा | 2019 |

# भाजपा का अभेद्य दुर्ग रहा है लखनऊ का पश्चिम विधानसभा क्षेत्र

पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में वर्ग विशेष के मतदाता अधिक, फिर भी नहीं लग पा रही सेंध | भाजपा प्रत्याशी को दोनों पार्टी के प्रत्याशियों से अधिक वोट मिला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** चुनावी महासमर का आगाज हो चुका है और सभी पार्टियों ने अपनी राजनीतिक बिसात बिछा दी है। एक-दूसरे को पटखनी देने के लिए तैयारी की जा रही है, मगर इंडिया गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी के सामने चुनौती होगी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वोट बैंक में सेंध लगाने की। क्योंकि आंकड़े बताते हैं कि 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में वर्ग विशेष वाली पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को चारो खाने चित कर दिया था।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले अलग ही माहौल बन चुका था। यूपीए के दस वर्षों के शासन को देख चुके मतदाता बदलाव के मूड में थे। साथ ही मोदी लहर भी अपने चरम पर थी। भाजपा नेतृत्व ने प्रधानमंत्री पद के लिए मोदी को चेहरा घोषित कर दिया था। मोदी के



चेहरे के साथ ही भाजपा सत्ता के महासंग्राम में कूदी थी। लखनऊ संसदीय सीट से राजनाथ सिंह को उम्मीदवार बनाया गया था। लखनऊ संसदीय सीट के तहत पांच विधानसभाएं आती हैं। इसमें कैंट विधानसभा को भाजपा का गढ़ माना जाता है। जबकि पश्चिम विधानसभा सीट पर एक वर्ग विशेष के मतदाता निर्णायक की भूमिका में होते हैं। भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह को पश्चिम विधानसभा से 1,01,373, कांग्रेस प्रत्याशी रीता बहुगुणा जोशी को 65,949 और सपा प्रत्याशी अभिषेक मिश्रा को 11,249 मत मिले। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में राजनाथ सिंह को पश्चिम विधानसभा से 1,15,491, सपा प्रत्याशी पूनम सिन्हा को 61,005 और कांग्रेस प्रत्याशी आचार्य प्रमोद कृष्णम को 47,791 वोट मिले थे। दोनों दलों में कोई भी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के दुर्ग को नहीं भेद सका।

इस बार इंडिया गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी ने रविदास मल्होत्रा को प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस मल्होत्रा के पक्ष में जोर-शोर से प्रचार करेगी। चार जून को ही पता चल सकेगा कि सपा-कांग्रेस क्या एकसाथ आने के बाद भाजपा के अभेद दुर्ग पश्चिम विधानसभा में परचम लहरा पाते हैं या नहीं।

**रणनीति** अंबेडकर नगर सीट पर त्रिकोणीय संघर्ष के बन रहे आसार, नामांकन से पहले ही बढ़ी सरगर्मी

# बसपा नेताओं के भरोसे भाजपा और सपा की नैया

## मिशन 80 को भेदने के लिए सपा ने बैठाई गणित, बसपा छोड़कर आये नेताओं पर ही सपा व भाजपा का दांव

पदमाकर पाण्डेय,लखनऊ

**अमृत विचार:** भाजपा के लिए मिशन 80 को साधने के तहत उप्र. की अंबेडकर नगर सीट पर भी विजय हासिल करना चुनौती होगी। यहां पुराने और मौजूदा बसपा नेताओं के बीच ही आपस में टक्कर है। हालांकि मुख्य मुकाबला भाजपा और सपा के बीच माना जा रहा है। दरअसल, पिछली बार चुनाव में जीते सांसद रितेश पाण्डेय बसपा छोड़ने के बाद अब भाजपा के टिकट पर यहां से किस्मत अजमा रहे हैं। सपा ने साढ़े तीन दशक से राजनीति में जमे पूर्व बसपा नेता लालजी वर्मा को मैदान में उतारा है। वहीं, बसपा ने कलाम शाह को प्रत्याशी बनाया है। इसके बाद भी भाजपा की राह आसान नहीं मानी जा रही क्योंकि यह सीट मुस्लिम-दलित बाहुल्य है।

ऐसे में अंबेडकर नगर सीट को भाजपा की ओर से ब्राम्हण प्रत्याशी देना, किसी प्रयोग से कम नहीं। वैसे भी क्षेत्र का राजनीतिक इतिहास बताता है कि यह सीट भाजपा के लिए सहज कभी नहीं रही है। 2014 में यहां पर भाजपा



ने मोदी लहर में जीत दर्ज थी, मगर 2019 में स्थितियां फिर से विपरीत हो गई, जब सपा-बसपा गठबंधन में बसपा के प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ने भाजपा के मुकुट बिहारी को करीब 96 हजार से अधिक वोटों से पराजित किया था।

रितेश पांडेय की इस जीत में पिता व पूर्व सांसद राकेश पाण्डेय के दबदबे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वो भी बसपा से सांसद रह चुके हैं और वर्तमान में सपा से विधायक हैं। गंभीर सवाल तो यह है कि क्या इस चुनाव में वह अपने पुत्र का समर्थन करेंगे या फिर अपनी पार्टी के उम्मीदवार




लाल जी वर्मा का?

दूसरी तरफ लाल जी वर्मा के राजनीतिक व्यक्तित्व की बात की जाये तो, बसपा के लालजी वर्मा व राम अचल राजभर, जमीनी स्तर के नेताओं का जिले में खासा प्रभाव है। इन्होंने दशकों से अपनी राजनीति के बल पर जिले में बसपा को रोपा है। इन्हीं की वजह से लोकसभा सीट व विधानसभा की पांचो सीटें ज्यादातर समय बसपा के कब्जे में रही है, या फिर सपा के पाले में गई है।

मौजूदा समय में ये दोनो ही नेता, सपा का दामन थाम चुके हैं। इनके सपा में जाने के बाद ही 2022 में अंबेडकर नगर अंतर्गत पांचों विधानसभा सीटो पर सपा ने परचम लहराया था। अंबेडकर नगर के पूर्व जिला अध्यक्ष मिथलेश त्रिपाठी का दावा है कि भाजपा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ही नहीं, उनके पूरे परिवार का क्षेत्र में खासा जनाधार है। वह सपा के मंच से दूर हैं और भाजपा प्रत्याशी का समर्थन कर रहे हैं।

अंबेडकरनगर के जलालपुर विधानसभा सीट से सपा विधायक राकेश पाण्डेय बीते दिनों राज्यसभा के चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों का समर्थन करने वाले सपा के सात विधायकों में शामिल थे। इसके बाद उन्होंने पुत्र रितेश के समर्थन में प्रचार करना शुरू कर दिया है। चर्चा है कि वह खुद भी भाजपा का दामन थामना चाहते हैं।

## अफजाल अंसारी की अपील पर सुनवाई टली

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी करार गाजीपुर के पूर्व बसपा सांसद अफ़ज़ाल अंसारी के मामले में हाईकोर्ट बार एसो. के चुनाव के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। अगले सप्ताह सुनवाई की संभावना है। सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष होनी थी। कोर्ट ने मुख्य रूप से कहा कि पक्षों को मुकदमे की अगली सुनवाई पर रहना आवश्यक है। गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में अंसारी को गाजीपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने गाजीपुर के मुहम्मदाबाद पुलिस स्टेशन में दर्ज मुकदमे में 29 अप्रैल 2023 को 4 साल की सजा सुनाई थी।

# भ्रामक व घृणा फैलाने वाले विज्ञापनों पर रोक

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग ने भ्रामक व घृणा फैलाने वाले विज्ञापनों पर रोक का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया है। साथ ही, प्रतिबंधित दिवसों की समय-सारिणी निर्धारित कर दी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन के दौरान किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार, किसी अन्य संगठन या व्यक्ति द्वारा मतदान के दिन और उससे एक दिन पूर्व प्रिंट मीडिया में प्रकाशित कराये जाने वाले विज्ञापनों की सामग्री को राज्य व जिला स्तरीय एमसीएमसी समिति से प्रमाणित कराया जाना आवश्यक है। प्रथम चरण का मतदान दिवस 19 अप्रैल को है, प्रतिबंधित दिवस 18 व 19 अप्रैल है। द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल को है, इस चरण के प्रतिबंधित दिवस 25 व 26 अप्रैल है। तृतीय चरण के लिए प्रतिबंधित दिवस छह व सात मई है। चतुर्थ चरण के प्रतिबंधित दिवस 12 व 13 मई, पांचवे चरण के लिए प्रतिबंधित दिवस 19 व 20 मई, छठवें चरण के लिए प्रतिबंधित दिवस 24 व 25 मई और सातवें चरण के लिए प्रतिबंधित दिवस 31 मई व एक जून निर्धारित है।

## बसपा ने लखनऊ से सरवर मलिक को उतारा

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव के लिए बसपा ने बुधवार को तीसरी सूची जारी कर दी। दर्जन भर प्रत्याशियों की सूची में दो मुस्लिम नेता भी शामिल हैं। लखनऊ से सरवर मलिक, मोहनलालगंज से राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान और उन्नाव से अशोक कुमार पांडेय को प्रत्याशी बनाया गया है। मैनपुरी में डिंपल यादव के सामने डॉ.गुलशन देव शाक्य को उतारा गया है। मथुरा सीट पर प्रत्याशी बदल दिया गया है। बसपा ने राज्य की 80 में 36 सीटों पर प्रत्याशी उतार दिये हैं।

### लोकसभा चुनाव में टिकट कटने व उनके रोने पर नाराजगी जताई

# संघमित्रा का रोना ओछी हरकत: स्वामी प्रसाद

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**





**अमृत विचार :** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने बेटी व भाजपा सांसद संघमित्रा मौर्य के लोकसभा चुनाव में टिकट कटने व उनके रोने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि यह ओछी हरकत है। टिकट कटने पर उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए था।

पत्रकारों के सवालों के जवाब में मौर्य ने कहा कि पार्टी टिकट काटती है तो भी इस पर किसी को रोने का अधिकार नहीं है। वह इस तरह की राजनीति को पसंद नहीं करते। राजनीति में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। उन्हें अपने पिता से सबक लेना चाहिए था। उन्होंने कहा कि उन्होंने कभी भी पद की चिंता नहीं की। बसपा से लेकर भाजपा व बाद में सपा से विधान परिषद सदस्य पद से इस्तीफा देने में उन्होंने देरी नहीं की। उन्होंने कहा कि यह दलितों, पिछड़ों व महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई है। विचार की लड़ाई है। संघमित्रा के उनकी पार्टी में शामिल होने के संभावना के सवाल पर उन्होंने कहा कि वह बदायूं से सांसद हैं, अपने भविष्य का फैसला खुद करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें पहले से लग रहा था कि भाजपा उनका टिकट काटेगी।

मालूम हो कि संघमित्रा मौर्य बदायूं से सांसद हैं, पर इस बार भाजपा ने उनका टिकट काट कर दुर्विजय सिंह शाक्य को प्रत्याशी बनाया है। बदायूं में मंगलवार को आयोजित एक कार्यक्रम में वह मंच पर फूट-फूटकर रो पड़ी थीं। हालांकि, खुद संघमित्रा ने इसका खंडन किया। उन्होंने सफाई देते हुए कहा था कि उनकी आंखों में आंसू का राजनीतिक अर्थ नहीं लगाया जाना चाहिए। उनका कहना था कि उनके बगल में राज्यमंत्री गुलाब देवी उन्हें राजा दशरथ की कहानी सुना रही थीं। कहानी सुनते-सुनते कुछ भावनात्मक पल आया, जिसकी वजह से आंसू आ गए थे।

## सार-संक्षेप

### सात जिलों के महाविद्यालयों में शिक्षकों के पद खाली

**लखनऊ, अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध लखनऊ सहित सात जनपदों के कई महाविद्यालयों में शिक्षकों के पद खाली हैं। रजिस्ट्रार ने महाविद्यालयों को रिक्त पद भरने के निर्देश दिए हैं। समय पर पद न भरने वाले महाविद्यालयों पर कार्रवाई की जाएगी। लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, बाराबंकी, रायबरेली और उन्नाव के कई जनपदों के महाविद्यालय लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। सीतापुर जनपद के श्रीकृष्णा एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में बीबीए, बीसीए, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान विषय के प्रवक्ताओं की कमी है। सीतापुर के खैराबाद स्थित बीएस एजूकेशनल महाविद्यालय में सहा प्राचार्य का पद रिक्त है। इसे भरने के लिए आवेदन मांगे गए हैं।

### मॉडल पर दर्ज है दो करोड़ हड़पने की रिपोर्ट

**कानपुर, अमृत विचार :** लखनऊ के एक प्रोडक्शन हाउस मालिक के खिलाफ नजीराबाद थाने में दुष्कर्म की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराने वाली मॉडल अपने ही जाल में फंसती नजर आ रही है। बुधवार को पुलिस को जानकारी हुई कि गंभीर आरोप लगाने वाली मॉडल के खिलाफ लखनऊ के पीजीआई थाने में प्रोडक्शन हाउस मालिक ने पहले ही धोखाधड़ी कर दो करोड़ रुपये हड़पने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करा रखी है। नजीराबाद थानाक्षेत्र निवासी कारोबारी की बेटी ने पुलिस को बताया था कि लखनऊ पब्लिक स्कूल के पास रहने वाले हेमंत कुमार राय श्रेया इंटरटेनमेंट और प्रोडक्शन कंपनी के मालिक है। आरोप है कि हेमंत कुमार ने तीन-चार एल्बम में काम दिलाने के नाम पर उससे दुष्कर्म किया। नजीराबाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। बुधवार को पुलिस को जानकारी हुई मॉडल के खिलाफ लखनऊ के पीजीआई थाने में दो करोड़ की धोखाधड़ी की रिपोर्ट पहले से दर्ज है।

### भक्ति पथ पर लग रहे रंग-बिरंगे कैनोपी

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनवमी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को तेज धूप से बचाने के लिए भक्ति पथ से हनुमानगढ़ तक आकर्षक रंगीन कपड़ों से छायादार कैनेपी लगाए जा रहे हैं। मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार और विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार ने बुधवार को संयुक्त रूप से रामपथ और भक्ति पथ का निरीक्षण किया। श्रृंगारघाट बैरिया से हनुमानगढ़ तक जाने वाले मार्ग पर भीड़ नियंत्रण के लिए अटैम्ड बैरियर और चार लाइनों में रेलिंग लगाई जाने की व्यवस्था को सात अप्रैल तक पूरा करने का निर्देश दिया है। हनुमान गढ़ी के प्रमुख साधु संतों से भी मुलाकात कर मंदिर परिसर में बढ़ाये जाने वाले व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मंडलायुक्त ने बताया कि भक्ति पथ पर धूप से बचाव के लिए एक समान ऊंचाई पर पर्दों से कैनोपी को तैयार कर रहे हैं। जो देखने में वह सुंदर भी लगे और धूप से श्रद्धालुओं का बचाव करे। चार से पांच दिन में पूरे मार्ग को कैनेपी से ढक दिया जाएगा।

### नागरिकता को लेकर भ्रम पैदा कर रहा विपक्ष : राजनाथ



**गाजियाबाद, एजेंसी :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को विपक्षी दलों पर नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के बारे में मुस्लिम समुदाय में भ्रम पैदा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भारत में रहने वाला कोई भी मुसलमान अपनी नागरिकता नहीं खोएगा। गाजियाबाद में पार्टी के लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग के समर्थन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि भाजपा जाति, पंथ और धर्म के आधार पर राजनीति नहीं करती, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए दृढ़ है। उन्होंने कहा कि हमने कहा था कि अगर हमारी सरकार बनी तो हम एक नागरिकता कानून बनाएंगे। और मैं आपको बताना चाहता हूं कि (2014 में) गृह मंत्री बनने के बाद मैंने प्रधानमंत्री से बात करके यह प्रक्रिया शुरू की थी लेकिन राज्यसभा में स्पष्ट बहुमत नहीं होने के कारण यह विधेयक वहां पारित नहीं हो सका था, जबकि लोकसभा में यह पारित हो गया था। सिंह ने कहा कि बाद में जब अमित शाह गृह मंत्री बने तो उन्होंने यह जिम्मेदारी अपने कंधों पर ली और विधेयक संसद के दोनों सदनों में पूर्ण बहुमत से पारित हुआ।

### योगी ने अति आत्मविश्वास से बचने की दी सलाह

**वाराणसी, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में चुनाव की रणनीति बनाने के लिए बुधवार को पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां रोहनिया स्थित भाजपा कार्यालय में लोकसभा चुनाव प्रबंधन संचालन समिति के साथ बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री की रिकॉर्ड जीत के लिए कार्यकर्ताओं को मंत्र दिया। मुख्यमंत्री का पूरा जोर बूथ मजबूती पर था। योगी ने यहां कहा कि चुनाव में प्रधानमंत्री को विजय मिलेगी, इसमें किसी को संदेह नहीं है। मत प्रतिशत बढ़ेगा, इसमें भी संदेह नहीं है, लेकिन अति आत्मविश्वास सदैव घातक होता है। अति आत्मविश्वास से बचते हुए कार्य करना होगा। प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल शक्ति केंद्र के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बूथ पर एक साथ इकट्ठा होकर बैठें और रणनीति तय करें कि इस बूथ क्षेत्र में कितने घर हैं। उनसे संपर्क करें। केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों व विकास योजनाओं की जानकारी आमजन से साझा करें।

# मानवाधिकार आयोग में मुख्तार अंसारी की मौत पर रिपोर्ट दर्ज

## सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी की पहल पर दर्ज हुआ मामला

**कार्यालय संवाददाता, बांदा**

**अमृत विचार:** मुख्तार अंसारी की मौत के मामले पर बवाल अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है। जहां एक ओर सीजेएम के आदेश पर न्यायिक और जिलाधिकारी के निर्देश पर मामले की मजिस्ट्रेटीयल जांच की जा रही है, वहीं इस मामले पर सेवानिवृत्त आईपीएस और आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर की पहल पर मानवाधिकार आयोग में भी रिपोर्ट दर्ज हो गयी है। हालांकि मानवाधिकार आयोग के समक्ष जेल अधीक्षक ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। मंडल कारागार में निरुद्ध पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की 28 मार्च की रात हार्ट अटैक से मौत हो गई थी।

मौत के बाद जहां प्रशासनिक अमला सकते में आ गया, वहीं समाजसेवी संगठनों से लेकर राजनीतिक दलों तक ने माफिया की मौत पर संदेह जताते हुए मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की थी। मुख्तार के परिजनों ने भी जेल प्रशासन पर हत्या का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया था। इससे पहले मुख्तार ने बाराबंकी की अदालत में वकील के जरिए प्रार्थनापत्र देकर जेल प्रशासन पर भोजन के साथ स्लो प्वाइजन देने का गंभीर आरोप लगाया था। आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रिटायर्ड आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने भी मानवाधिकार आयोग को शिकायत भेज कर मौत के हालातों की बिंदुवार जांच कराने की मांग उठाई थी। शिकायत में ठाकुर ने कहा था कि जब मुख्तार और उसके परिजन हत्या का षड्यंत्र रचने का आरोप लगा रहे थे और मुख्तार लगातार अपनी तबीयत खराब होने की बात कह रहा था तो उसे अस्पताल में रखकर समुचित उपचार मिलना चाहिए था, जबकि मौत के दो दिन पहले बीमार होने पर प्रशासन उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज में भर्ती तो कराया लेकिन उपचार के बाद उसे वापस जेल भेज दिया गया।

### मुख्तार की मौत पर दो जांच कमेटियां सक्रिय

मंडल कारागार में बंद रहे माफिया मुख्तार अंसारी की मौत पर गठित दो जांच कमेटियां सक्रिय हो गई हैं। जहां एक ओर सीजेएम भगवान दास गुप्ता के आदेश पर नामित न्यायिक जांच अधिकारी एसीजेएम प्रथम गरिमा सिंह और जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के आदेश पर नामित मजिस्ट्रेटीयल जांच अधिकारी अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार ने मंडल कारागार पहुंचकर जांच तेज कर दी है। दोनों ही अधिकारी लगभग दो घंटे जेल के अंदर मौजूद रहे। सूत्रों की मानें तो एसीजेएम प्रथम गरिमा सिंह और ने जेल पहुंचकर जेल प्रशासन की मौजूदगी में जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। सभी बिंदुओं का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद जेल के स्टाफ से पूछताछ की। जेल में स्थित मुख्तार की बैरक नंबर 16 को पहले ही सील किया जा चुका है, ताकि साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ न की जा सके। वहीं मजिस्ट्रेटीयल जांच अधिकारी एडीएम राजेश कुमार ने भी अपनी जांच तेज करते हुए जेल पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। एडीएम ने सार्वजनिक सूचना जारी करके 15 अप्रैल तक संबंधित व्यक्तियों से लिखित, मौखिक अभिकथन, साक्ष्य या बयान प्रस्तुत करने को बुलाया है।

## डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ, विधि संवाददाता :** बीस लाख रुपए की जीएसटी रिफ़ंड करने के एवज में दो लाख रुपए घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य धनेंद्र कुमार पांडेय की जमानत अर्जी को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश अजय श्रीवास्तव ने खारिज कर दिया है। अभियुक्त को विजिलेन्स टीम ने पिछले माह रिश्वत की रकम लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। अदालत के समक्ष सरकारी वकील महेश कुमार त्रिपाठी एवं कमल अवस्थी ने बताया कि आरोपी धनेंद्र कुमार पांडेय एक्सपोर्ट कंपनी आर्डेम डाटा सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि से बीस लाख रुपए का जीएसटी लौटाने की एवज में दो लाख रुपए की घूस मांग रहा था। कंपनी के अधिकारियों ने आरोपी की शिकायत विजिलेंस के एसपी डॉ अरविंद चतुर्वेदी से की थी जिस पर आरोपों की जांच करने के बाद विजिलेंस टीम ने वाणिज्य कर कार्यालय से आरोपी को घूस लेते हुए गिरफ्तार किया था।

## परिणामों की घोषणा के 30 दिनों के भीतर दाखिल चुनाव याचिका ही स्वीकार्य

**विधि संवाददाता, प्रयागराज**

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक चुनाव याचिका पर विचार करते हुए कहा कि चुनाव याचिका चुनाव में असफल उम्मीदवार या किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा दाखिल की जा सकती है, जिसका नामांकन पत्र चुनाव में खारिज कर दिया गया हो या वार्ड के किसी निर्वाचक द्वारा भी दाखिल की जा सकती है। निर्वाचक को चुनाव याचिका दाखिल करते समय यह ध्यान रखना होता है कि चुनाव के परिणाम की घोषणा के 30 दिनों के भीतर चुनाव याचिका दाखिल की जाए, अगर ऐसा नहीं किया जाता है तो याचिका पोषणीय नहीं मानी जाएगी। इसके साथ ही अगर शिकायतकर्ता संबंधित वार्ड का निर्वाचक नहीं है और वह विपक्षी की अयोग्यता को सिद्ध करने में सफल होता है तब ऐसी स्थिति में चुनाव याचिका स्वीकार करने योग्य होगा। वर्तमान मामले में याची द्वारा कथित तौर पर जनहित याचिका दाखिल कर बताया गया है कि विपक्षी द्वारा नामांकन फार्म और चुनावी सामग्रियों में खुद को डॉक्टर के रूप में दर्शाया गया है, जिस कारण वह पार्षद के रूप में संबंधित वार्ड में निर्वाचित हो गया है। विपक्षी नगर पंचायत, सिसौली, मुजफ्फरनगर में 4 मई 2023 को सभासद चुना गया था। अतः उनका नामांकन और चुनाव निरस्त किया जाए। हालांकि विपक्षी के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याची को उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1959 की धारा 62 के प्रावधानों के तहत चुनाव याचिका दायर करनी चाहिए थी और वह निर्धारित समय के भीतर दाखिल नहीं की गई है, इसलिए वर्तमान याचिका सुनवाई योग्य नहीं है, जबकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि चुनाव याचिका केवल चुनाव में उम्मीदवार द्वारा दाखिल की जा सकती है और किसी ग्रामीण के द्वारा नहीं। इस दृष्टि से वर्तमान याचिका सुनवाई योग्य है, लेकिन मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की पीठ ने राजीव कुमार की याचिका को आधारहीन मानते हुए खारिज कर दिया।

## कांग्रेस में नकुल दुबे का टिकट कटा, दो प्रत्याशियों की घोषणा

**लखनऊ, अमित विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश की दो सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित किए। इसमें पूर्व मंत्री नकुल दुबे का टिकट काट दिया गया है। सीतापुर लोकसभा सीट से नकुल दुबे के स्थान पर राकेश राठौर को प्रत्याशी घोषित किया गया है, जबकि मथुरा से मुकेश धनगर को प्रत्याशी बनाया गया है। कांग्रेस अब तक 14 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। अमेठी, रायबरेली व प्रयागराज सीट पर अभी प्रत्याशियों की घोषणा नहीं हुई है। अमेठी व रायबरेली सीट पर संशय बरकरार है। हालांकि, रायबरेली से प्रियंका गांधी व अमेठी से राहुल गांधी को प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चा है। कांग्रेस के अब तक घोषित प्रत्याशियों में सहारनपुर से इमरान मसूद, अमरोहा से दानिश अली, गाजियाबाद से डॉली शर्मा, बुलंदशहर से शिवराम वाल्मीकि, मथुरा से मुकेश धनगर, कानपुर से आलोक मिश्रा, वाराणसी से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय आदि शामिल हैं।

# लंबे समय से गायब डॉक्टरों पर सरकार हुई नरम

- नदारद 742 डॉक्टरों में कुछ को बर्खास्त कर मामला ठंडे बस्ते में

**राज्य ब्यूरो,लखनऊ**

**अमृत विचार :** डॉक्टरों की कमी का दंश झेल रहे स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने में राज्य सरकार के भी हाथ पांव फूलने लगे हैं। विभागीय निर्देशों को ठेंगा दिखाकर, पांच साल से ज्यादा समय से नदारद रहने वाले 742 डॉक्टरों में मुश्किल से पांच दर्जन डॉक्टरों को बर्खास्त कर भय दिखाने का माहौल बनाया, मगर डॉक्टरों के रुख में बदलाव नहीं हुआ। जिसके बाद शासन ने कार्रवाई के हथियार को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन का कहना है डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई रोकी नहीं गई है, समय आने पर निर्णय लिया जायेगा।

मनमानी करने वाले डॉक्टरों पर लगाम लगाने के लिए शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने ऐसे हजारों डॉक्टरों को नोटिस भेजनी शुरू की, कई-कई नोटिस का जवाब न देने वाले, पांच साल से ज्यादा अवधि से गायब 742 डॉक्टरों की सूची शासन को भेज दी। शासन स्तर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा समय-समय पर दो-दो, चार-चार डॉक्टरों को सूचीबद्ध कर बर्खास्त तक कर दी गई। संदेश देने का प्रयास किया कि यह बेअंदाज डॉक्टरों के प्रति सरकार सख्त है और अगर जल्द ही ज्वाइन नहीं किया तो बर्खास्त करने से गुरेज नहीं करेगी। मगर, इन डॉक्टरों पर कोई असर नही हुआ, विभाग की स्थितियां आज भी जस की तस बनी हुई हैं। लिहाजा शासन ने ही मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। विभागीय सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में सरकारी डॉक्टरों की घोर कमी है, नए डॉक्टर आ नहीं रहें हैं, मुंहमांगे दाम पाने के बाद भी ज्वाइन नहीं कर रहें हैं। अगर, नदारद डॉक्टरों को भी बर्खास्त कर दिया तो कागजों में डॉक्टरों की संख्या और कम हो जायेगी। मुद्दा राजनैतिक बन सकता है, इसलिए सरकार ने चुप्पी साध ली है।

## वर्ग पहेली-29

**बाएं से दाएं**

3. 1. जिसपर पूर्ण रूप से प्रभाव पड़ा हो 2. तर-बतर, लतपथ 3. भीगा, गीला 4. अभिभूत, ओतप्रोत, अभिपन्न।

5. रास्ते का खाना और ख़र्च, मार्ग व्यय, पाथेय।

6. 1. आधारस्वरूप 2. जड़ से संबंध रखने वाला 3. बिलकुल प्रारंभिक 4. नींव या बुनियाद के रूप में होने वाला।

9. 1. गली, मार्ग 2. चित्रशाला 3. चित्रों की पंक्ति 4. चित्रांकित दीवार या पट्ट।

10. 1. सिर या किसी अंग का बाल साफ़ करना, मूंड़ा जाना 3. ठगा जाना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. एक प्रकार का आभूषण जो बांह में पहनते हैं, बाज़ूबंद, केयूर 2. कवच 3. ज़िरहबख़्तर।

2. 1. औषधियों से बना वह गाढ़ा और चिकना लेप जो घाव आदि पर लगाया जाता है 2. घाव की दवा। (मु.) -लगाना : राहत पहुंचाना।

4. 1. रज़ामंद होने की अवस्था या भाव, राज़ी-ख़ुशी, सहमति 2. स्वीकृति, मंज़ूरी।

7. 1. हाथी के पांव को बांधने का सिक्कड़, आंदू 2. बेड़ी।

8. 1. पोई नामक पौधा 2. पोई नामक पौधे की पत्ती।



### वर्ग पहेली -28 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 चा | ब | |
| 2 सू | झ | बू | 3 झ | | | 4 उ |
| | | | 5 प | ढ़ा | लि | खा |
| | 6 शं | 7 सि | का | | | ड़ |
| 8 कं | | ल | | 9 मै | | प |
| था | | हि | | थि | | छा |
| | 10 को | ला | ह | ल | | ड़ |

## सुडोकू -108

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | 7 | | | | 1 | |
| 8 | | | | 4 | | | 2 | |
| 9 | | 5 | | | | 3 | | 6 |
| | 3 | | | 9 | 5 | | 8 | |
| 6 | | | 3 | | | | | 7 |
| | 4 | | 8 | 1 | | | 5 | |
| 3 | | 2 | | | | 5 | | 1 |
| | 8 | | | 3 | | | | 4 |
| | 1 | | | | 6 | 9 | | |

### सुडोकू -107 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 1 | 6 | 8 | 5 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 2 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 |
| 1 | 6 | 7 | 8 | 2 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 1 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 8 | 1 | 3 | 4 | 7 | 2 | 5 | 6 | 9 |
| 5 | 2 | 4 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 अप्रैल गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 16.14 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-श्रवण 20.12 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

**मेष** — आज आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। दूसरों की निंदा करने से बचें। जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बनाकर रखें। व्यवसाय में नए ऑर्डर मिल सकते हैं, जो आपके लिए काफी महत्वपूर्ण होने वाले हैं।

**वृष** — आज आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। संतान की गतिविधि से आप कुछ व्यथित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। विदेश यात्रा की योजना बन सकती है। नकारात्मक प्रवृत्ति के सहकर्मियों के साथ परेशानी होगी।

**मिथुन** — आज परिवार का सहयोग न मिलने से कुछ काम रुक सकते हैं। बड़े भाई-बहनों को लेकर परेशानी होगी। भावुक होकर कोई बड़ा निर्णय न लें। आपको धैर्यवान होकर काम करना चाहिए। अपनी दिनचर्या को असंतुलित न होने दें।

**कर्क** — आज अनावश्यक चिंता न करें। आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी। आप भोग-विलास का भरपूर आनंद लेंगे। आप समझदारी से उलझे मामलों को सुलझा लेंगे। समाज में आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपको शिक्षा में काफी मेहनत करनी पड़ेगी।

**सिंह** — आज राजनीतिक व्यक्तियों को मान-सम्मान मिलेगा। सूझ-बूझ के साथ मामलों को सुलझा लेंगे। नजदीकी मित्र आपका काफी अच्छा सहयोग करेंगे जिसके कारण आप तनाव मुक्त महसूस कर सकते हैं।

**कन्या** — आज दांपत्य संबंधों में नजदीकी बढ़ेगी। खानपान में लापरवाही न करें। वाणी में संयम अवश्य रखें। अनचाही यात्रा करने से आपको बचना चाहिए। अपरिचित लोगों के कारण नुकसान हो सकता है। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में दबदबा बढ़ेगा।

**तुला** — आज माता से सलाह लेना आपके लिए लाभकारी होगा। विवाहेतर संबंधों से स्वयं को दूर रखें। महत्वपूर्ण कार्य रुक सकते हैं। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। घुटनों में दर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज नए संपर्कों का लाभ उठाएंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। प्रेम संबंधों को लेकर तनाव दूर होगा। जीवनसाथी के साथ पर्यटन के लिए जा सकते हैं। आप काफी सहज महसूस करेंगे। व्यापार में नई शुरुआत कर सकते हैं।

**धनु** — आज जॉब में आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। वैवाहिक संबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। मानसिक दबाव से छुटकारा मिलेगा। घर का वातावरण सुखद रहेगा। परिवार के साथ आप कहीं घूमने जा सकते हैं। माता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है।

**मकर** — आज प्रियजनों के साथ हास्य-विनोद में शाम बिताएंगे। व्यापार की प्रगति से हर्षित होंगे। परीक्षा परिणामों में शानदार परिणाम प्राप्त होंगे। परिवार का माहौल सौहार्दपूर्ण रहने वाला है। जॉब में उच्च पद मिल सकता है।

**कुंभ** — आज पुरानी यादों को लेकर मन व्यथित होगा जिसके कारण आत्मविश्वास में कमी महसूस करेंगे। दूसरों की बातों पर ज्यादा विश्वास न करें। दिनचर्या थोड़ी अव्यवस्थित रहेगी। वाणी में कटुता के कारण रिश्तों में दरार आ सकती है।

**मीन** — आज मूल्यवान वस्तु उपहार में मिल सकती है। आप परेशान लोगों की मदद करने की कोशिश करेंगे। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं। पति-पत्नी के आपसी संबंध मधुर रहेंगे। व्यवसाय में आपकी आय में बढ़ोतरी होगी।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
जान से प्यारा — दोपहर : 12.00
मजाल — रात : 07.00

**&pictures**
धड़क — सुबह : 10.54
साइलेंस ... — रात : 08.00

**Sony Pix**
लाइफ — सुबह : 11.25
मॉन्स्टर हंटर — रात : 09.00

**Zee Cinema**
क्रांति — सुबह : 08.45
बीवी हो तो ऐसी — रात : 07.20

**Colors Cineplex**
कल हो न हो — सुबह : 07.57
फिर हेरा फेरी — शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टकला बीवी से पूछता है- कैसा लग रहा हूं?
बीवी- अजी छोड़ो भी
टकला- अरे बता ना
बीवी- अजी रहने दो अब मैं क्या बताऊं
टकला - अरे बता भी तुझे मेरी कसम अरे बता भी तुझे मेरी कसम
बीवी - ऐसे लग रहे हो जैसे फटे हुए मौजे से अंगूठा बाहर निकल आया हो।

बैंक मैनेजर- ये कैसे हस्ताक्षर हैं?
संजू- यह हस्ताक्षर मेरी दादी के हैं
बैंक मैनेजर- ऐसे अजीब हस्ताक्षर? नाम क्या है उनका?
संजू- जलेबी बाई।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 890।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना: 75 से 76 रुपये मसूर: 88 से 90 रुपये मलका: 82 से 85 रुपये अरहर: 118 से 125 रुपये उड़द: 95 से 101 रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104-106 रुपये मूंग छिलका: 102 रुपये मूंग साबुत: 100 रुपये चना देसी: 80 रुपये चना काबली: 145 से 160 राजमा लाल: 155 रुपये राजमा चित्ता: 145 लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद: 98 रुपये।

## एक नजर

### विस्तारा एयरलाइन ने 26 और उड़ानें रद कीं

**मुंबई।** चालक दल की अनुपलब्धता के कारण उड़ानें रद होने के बीच विस्तारा के शीर्ष अधिकारियों ने बुधवार को पायलटों के साथ बैठक की। इसमें नए अनुबंध और ड्यूटी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि टाटा समूह की एयरलाइन ने बुधवार को 26 उड़ानें रद कीं। गौरतलब है कि संशोधित वेतन संरचना के विरोध में पायलटों के एक वर्ग ने पिछले कुछ दिन से बीमार होने की सूचना देकर छुट्टी ली है। इससे विस्तारा के लिए मुश्किलें खड़ी हो गईं हैं और एयरलाइन ने पिछले दो दिन में 100 से अधिक उड़ानें रद की हैं।

### यूएई को अतिरिक्त प्याज निर्यात की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 10,000 टन अतिरिक्त प्याज के निर्यात की अनुमति दी। इसके पहले भाजपा सरकार ने पिछले महीने यूएई को 14,400 टन प्याज के निर्यात की मंजूरी दी थी।

# नई सरकार वाणिज्य नियमों को करे आसान

## पहले 100 दिन के लिए जीटीआरआई ने दी सलाह, निर्यात को बढ़ावा देने पर दे ध्यान

नई दिल्ली, एजेंसी



ई-वाणिज्य नियमों को आसान करने, शुल्क वापसी योजना का नकद वितरण, एक राष्ट्रीय व्यापार तंत्र की स्थापना और भारत के व्यापार समझौतों की प्रभावशीलता पर एक रिपोर्ट प्रकाशित करना नई सरकार के 100 दिन का एजेंडा होना चाहिए। आर्थिक शोध संस्थान 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव' (जीटीआरआई) ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा कि प्रमुख फलों और सब्जियों के उत्पादों के लिए तंत्र का पता लगाने के वास्ते ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का सुझाव दिया गया है।

ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी एक उन्नत डेटाबेस तंत्र है जो एक व्यावसायिक नेटवर्क के भीतर पारदर्शी जानकारी साझा करने की अनुमति देता है। रिपोर्ट में विशेष आर्थिक क्षेत्रों को छूट के आधार पर घरेलू बाजार में सामान बेचने की अनुमति देना और दवा सामग्री, सौर सेल, ईवी बैटरी और मोबाइल फोन घटकों जैसे महत्वपूर्ण आयात के लिए चीन पर निर्भरता को कम करने आदि का भी सुझाव दिया गया। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा-पहले 100 दिन (एक नई सरकार के लिए) शासन और नीति की दिशा निर्धारित करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण होते हैं...। भारत में लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को शुरू होगा और मतों की गिनती चार जून को की जाएगी। चुनाव सात चरण में होने हैं।

शोध संस्थान ने यूरोपीय जलवायु विनियमन के प्रतिकूल प्रभावों का मुकाबला करने के लिए एक कार्य योजना तैयार करने; गठबंधन बनाने, डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) में बेहतर परिणामों के लिए साझेदारी को मजबूत करने; डब्ल्यूटीओ कानून कितने भेदभावपूर्ण हैं और उनमें बदलाव की जरूरत है इस बात पर प्रकाश डालने और विनिर्माण योजनाओं में प्रोत्साहनों का मानकीकरण करने आदि के सुझाव दिए। इसके साथ ही रिपोर्ट में कहा गया कि राष्ट्रीय व्यापार तंत्र (एनटीएन) सभी आवश्यक दस्तावेजों तथा सूचनाओं को ऑनलाइन जमा करने को केंद्रीकृत करने के अलावा, सीमा शुल्क, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी), शिपिंग कंपनियों, बंदरगाह और बैंक के साथ अलग-अलग बातचीत की आवश्यकता को समाप्त करने के अलावा सभी निर्यात-आयात संबंधी अनुपालन को ऑनलाइन सक्षम करने में मदद करेगा। श्रीवास्तव ने एनटीएन की वकालत करते हुए कहा कि विशिष्ट विभागों पर केंद्रित मौजूदा प्रणालियां तेजी से विकसित नहीं होती और व्यापक प्रक्रियाओं को भी कुशलतापूर्वक नहीं संभाल पाती। उन्होंने कहा है कि नई व्यावसायिक प्रक्रिया के तहत तैयार एनटीएन भारत के लिए आवश्यक है।

### दूरसंचार विभाग ने स्पेक्ट्रम नीलामी 17 दिन बढ़ाकर 6 जून की

**नई दिल्ली।** दूरसंचार विभाग ने स्पेक्ट्रम नीलामी 17 दिन आगे बढ़ाकर 6 जून कर दी है। आवेदन आमंत्रित करने के लिए जारी नोटिस में बुधवार को इस संदर्भ में संशोधन किये गये। विभाग ने बोलीदाताओं के लिए नकदी को सुगम बनाने के लिए बैंक गारंटी और बयाना राशि जमा की गारंटी भी कम कर दी है। नोटिस संशोधन के अनुसार, लोकसभा परिणामों की घोषणा के बाद लाइव नीलामी की शुरुआत की नई तारीख 20 मई से बदलकर 6 जून कर दी गई है। परीक्षण के तौर पर नीलामी अब 13 और 14 मई के बजाय 3 जून को होगी। सरकार मोबाइल सेवाओं के लिए लगभग 96,317 करोड़ के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी। विभाग ने पश्चिम बंगाल सर्किल में 900 मेगाहर्ट्ज बैंड में नीलामी के लिए ब्लॉक की संख्या भी घटाकर 44 कर दी है।

# सरकार ने 1,000 टन काला नमक चावल के निर्यात पर शुल्क हटाया

- अभी तक निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क लागू था
- काला नमक गैर-बासमती चावल की है एक किस्म

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार ने छह निर्दिष्ट सीमा शुल्क केंद्रों के माध्यम से 1,000 टन तक काला नमक चावल की किस्म के निर्यात पर शुल्क हटा दिया है। अभी तक काला नमक चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क लागू था।

वित्त मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, चावल की इस किस्म के 1,000 टन तक के निर्यात पर शुल्क छूट बुधवार से प्रभावी होगी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने मंगलवार को निर्दिष्ट सीमा शुल्क केंद्रों के माध्यम से 1,000 टन तक काला नमक चावल के निर्यात की अनुमति दी थी। काला नमक गैर-बासमती चावल की एक किस्म है, जिसके निर्यात पर पहले प्रतिबंध था। चावल की इस किस्म के निर्यात को छह सीमा शुल्क केंद्रों के माध्यम से अनुमति दी गई है। ये केंद्र वाराणसी एयर कार्गो; जेएनसीएच (जवाहरलाल नेहरू कस्टम्स हाउस), महाराष्ट्र; सीएच (कस्टम हाउस) कांडला, गुजरात; एलसीएस (भूमि सीमा शुल्क स्टेशन) नेपालगंज रोड; एलसीएस सोनौली; एवं एलसीएस बरहनी हैं।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 78,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 70,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 52,900-53,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 69,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 68,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 77,300 |
| चांदी तैयार | 77,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 68,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 67,600 |
| चांदी पक्की | 765 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 68,800 |
| चांदी आभूषण | 76,800। |

# फोर्ब्स की सूची में मुकेश अंबानी दुनिया के नौवें सबसे अमीर व्यक्ति

- गौतम अडाणी वैश्विक सूची में 17वें स्थान पर पहुंचे

नई दिल्ली, एजेंसी



रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के प्रमुख मुकेश अंबानी सबसे अमीर भारतीय बने हुए हैं। 'फोर्ब्स' की दुनिया के अरबपतियों की सूची में अंबानी शीर्ष 10 में आ गए हैं। वह दुनिया के नौवें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज का कारोबार तेल से लेकर दूरसंचार क्षेत्र में फैला हुआ है।

फोर्ब्स के अनुसार, अंबानी (66) की संपत्तियां 116 अरब डॉलर की हैं। इससे पिछले साल यानी 2023 में उनकी संपत्तियों का मूल्य 83.4 अरब डॉलर था। गौतम अडाणी दूसरे सबसे अमीर भारतीय हैं और वैश्विक सूची में 17वें स्थान पर हैं। उनकी संपत्ति 84 अरब डॉलर है। 2023 में अमेरिकी शॉर्ट सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च की एक रिपोर्ट जारी होने के बाद एक समय उनकी संपत्ति 2022 के 90 अरब डॉलर से घटकर 47.2 अरब डॉलर रह गई थी। अडाणी समूह ने हालांकि सभी आरोपों का खंडन किया था।

### सोना 830 रुपये की बढ़ोत्तरी के साथ नए रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में सोने की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 830 रुपये के उछाल के साथ 69,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। यह दूसरा मौका है जब इस सप्ताह सोने के दाम रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचे हैं। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 68,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 1,700 रुपये के जोरदार उछाल के साथ 80,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई।

# भारत जल्द ही बनाएगा अपना पहला वाणिज्यिक कच्चा तेल रणनीतिक भंडारण

- सरकार ने उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई का किया गठन

नई दिल्ली, एजेंसी




दुनिया का तीसरे सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत जल्द ही कच्चे तेल का अपना पहला वाणिज्यिक रणनीतिक भंडारण बनाने की योजना बना रहा है। किसी भी आपात स्थिति में आपूर्ति बाधा से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है।

सरकार ने देश में रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार तैयार करने और उसके परिचालन के लिए विशेष इकाई इंडियन स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व लि. (आईएसपीआरएल) का गठन किया है। इस इकाई ने कर्नाटक के पादुर में 25 लाख टन भूमिगत भंडारण बनाने के लिए बोलियां आमंत्रित की हैं। निविदा दस्तावेज से यह जानकारी मिली है।

आईएसपीआरएल ने पहले चरण में तीन स्थानों पर 53.3 लाख टन का भंडारण बनाया था। ये तीन जगह आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम (13.3 लाख टन) कर्नाटक में मेंगलोर (15 लाख टन) तथा पादुर (25 लाख टन) हैं। तेल के भंडारण के लिए ये भूमिगत चट्टानी गुफाएं हैं। दूसरे चरण के तहत, आईएसपीआरएल की पादुर-दो में 5,514 करोड़ रुपये की लागत से वाणिज्यिक सह रणनीतिक भूमिगत पेट्रोलियम भंडार तैयार करने की योजना है। इसमें जमीन के ऊपर संबंधित सुविधाएं भी शामिल है। इस निर्माण कार्य में 25 लाख टन कच्चा तेल के रणनीतिक भंडार के लिए निर्माण शामिल हैं।

# राष्ट्रीय



### भाजपा में शामिल हुए कांग्रेस नेता और मुक्केबाज विजेंदर सिंह

**नई दिल्ली।** मुक्केबाजी में भारत के पहले ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर सिंह, बुधवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। अप्रैल 2019 में कांग्रेस में शामिल होकर राजनीति में कदम रखने वाले सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जमकर सराहना की और कहा कि उनके नेतृत्व के कारण विदेशों में खिलाड़ियों का मान-सम्मान बढ़ा है।

## वायनाड लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के दौरान भाजपा पर भड़के राहुल गांधी

# संविधान को नष्ट करने का प्रयास कर रही आरएसएस

वायनाड (केरल), एजेंसी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को वायनाड लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया और एक विशाल रोड शो कर अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत की। उन्होंने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर भारत के संविधान और लोकतांत्रिक ढांचे को 'नष्ट करने की कोशिश' का आरोप लगाया। राहुल गांधी सुबह हेलीकॉप्टर से वायनाड पहुंचे और उन्होंने कलपेट्टा से सिविल स्टेशन तक रोड शो किया जहां उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों समेत लोगों की भारी भीड़ को संबोधित किया। अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा और अखिल भारतीय कांग्रेस




कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी ने पार्टी नेताओं के साथ वायनाड जिले में अपना नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले एक रोड शो निकाला। ● एजेंसी

कमेटी (एआईसीसी) महासचिव के सी वेणुगोपाल समेत पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ पहुंचे राहुल ने वायनाड जिलाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा। वायनाड जिलाधिकारी रिटर्निंग अधिकारी भी हैं।

अपना नामांकन दाखिल करने के बाद गांधी ने पत्रकारों से कहा कि लोकसभा चुनाव लोकतंत्र और भारत के संविधान को बचाने की लड़ाई है। उन्होंने कहा-एक तरफ वे ताकतें हैं जो इस देश के लोकतंत्र और संविधान को नष्ट करना चाहती हैं और दूसरी तरफ वे ताकतें हैं जो हमारे देश के संविधान और लोकतांत्रिक ढांचे की रक्षा कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य लोग हैं जो देश में संविधान और लोकतंत्र को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं।

### खरगे ने की घर-घर गारंटी अभियान की शुरुआत

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने लोकसभा चुनाव के लिए बुधवार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से पार्टी के 'घर-घर गारंटी' अभियान की शुरुआत की और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'गारंटी' लोगों को नहीं मिली, लेकिन उनकी पार्टी जो गारंटी दे रही है, उन पर वह अमल करेगी। पार्टी का यह चुनावी अभियान पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित है। इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' वाला कार्ड घर-घर जाकर वितरित करेंगे। पार्टी का लक्ष्य आठ करोड़ परिवारों तक पहुंचने का है। खरगे ने उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में इस अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस के पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' का उल्लेख किया। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा-इन गारंटी के कार्ड हमारे लोग घर-घर बांटेंगे। वह लोगों को बताएंगे कि हमारी सरकार आने के बाद हम क्या क्या काम करेंगे। उन्होंने कहा-हम लोगों को गारंटी देते हैं कि हमारी सरकार हमेशा गरीबों के साथ रहेगी और गरीबों के लिए काम करेगी।

## एक नजर

### भाजपा नेता सुशील कुमार ने कैंसर से पीड़ित होने की दी जानकारी

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने बुधवार को बताया कि उन्हें छह माह पहले ही कैंसर से पीड़ित होने की बात पता चली है और वह पार्टी के लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान में भाग नहीं ले सकेंगे। सुशील मोदी (72) को भाजपा ने राज्य के लिए अपने स्टार प्रचारकों में शामिल किया था और अपनी चुनाव घोषणापत्र समिति का सदस्य नियुक्त किया था। सुशील मोदी ने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर लिखा, ''मैं पिछले छह महीने से कैंसर से जूझ रहा हूं। मुझे लगता है कि अब लोगों को यह जानकारी देने का वक्त आ गया है। मैं लोकसभा चुनाव के लिए कुछ नहीं कर पाऊंगा।

### अकाली नेता की आईएएस बहू ने दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता सिकंदर सिंह मलूका की पुत्र-वधू और पंजाब कैडर की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी परमपाल कौर सिद्धू ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने की अटकलों के बीच अपना इस्तीफा दिया है। परमपाल 2011 बैच की आईएएस अधिकारी थीं।

# न्यायालय ने अजित पवार नीत राकांपा से जारी विज्ञापनों का मांगा ब्योरा

नई दिल्ली, एजेंसी

**घड़ी चुनाव चिह्न के आवंटन का मामला**



उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) से उसके आदेश के अनुपालन के तहत समाचार पत्रों में डिस्क्लेमर (दावा अस्वीकरण) के साथ जारी किए गए विज्ञापनों का ब्योरा देने को कहा। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में राकांपा (अजित पवार गुट) को इस 'डिस्क्लेमर' के साथ प्रचार करने का निर्देश दिया था कि पार्टी को 'घड़ी' चुनाव चिह्न के आवंटन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाले धड़े की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से जारी विज्ञापनों का विवरण देने को कहा। दरअसल, शरद पवार गुट ने आरोप लगाया था कि अजित पवार गुट अदालत के 19 मार्च के आदेश का अनुपालन नहीं कर रहा है। इस पर पीठ ने कहा-रोहतगी, आप इस संबंध में (अपने मुवक्किल से) जानकारी हासिल कीजिए कि इस आदेश के बाद कितने विज्ञापन जारी हुए। यदि वह (अजित पवार) इस प्रकार का बर्ताव कर रहे हैं तो हमें इस पर फैसला करना पड़ेगा। किसी को भी जानबूझकर हमारे आदेश का गलत मतलब निकालने का अधिकार नहीं है। शरद पवार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि 19 मार्च को इस अदालत ने तर्कों के साथ एक आदेश पारित किया था, जिसमें उनसे (अजित पवार धड़े से) अखबारों में यह विज्ञापन जारी करने को कहा गया था कि 'घड़ी' चुनाव चिह्न आवंटन का मामला अदालत में विचाराधीन है और उन्हें इस चिह्न के इस्तेमाल की अनुमति इस आधार पर दी गई है कि यह शीर्ष अदालत के अंतिम फैसले के अधीन होगा। सिंघवी ने कहा-अब, उन्होंने निर्देश का अनुपालन नहीं किया है और उनके द्वारा बिना 'डिस्क्लेमर' के विज्ञापन जारी किये जा रहे हैं। उन्होंने इस अदालत के समक्ष एक आवेदन भी दायर किया है, जिसमें इस आदेश में छूट दिए जाने का अनुरोध किया गया है।

# बिना समय गंवाए जांच एनआईए को सौंपने का आदेश

कोलकाता, एजेंसी

**दाड़ीभीत उच्च विद्यालय में हिंसा का मामला**

कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने उत्तरी दिनाजपुर जिले के दाड़ीभीत उच्च विद्यालय में हिंसा मामले में बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार से एकल पीठ के आदेश का पालन करने को कहा।

एकल पीठ ने दाड़ीभीत उच्च विद्यालय में हिंसा की घटना में दो युवकों की मौत और अन्य के घायल होने की घटना की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने का निर्देश दिया था।

मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवज्ञानम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने एनआईए को जांच स्थानांतरित करने को चुनौती देने वाली राज्य सरकार की अपील पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त करते हुए एकल पीठ के आदेश पर कोई अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया। खंडपीठ ने राज्य को बिना समय बर्बाद किए जांच एनआईए को स्थानांतरित करने के एकल पीठ के आदेश को लागू करने का निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि राज्य की अपील पर फैसले के अनुरूप इसका क्रियान्वयन होगा।

# धनखड़ ने 12 नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा सदस्यता की दिलाई शपथ

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को 12 नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई। राज्यसभा सचिवालय के अनुसार श्री धनखड़ ने राज्यसभा में आयोजित संक्षिप्त शपथ ग्रहण समारोह में इन सदस्यों को शपथ दिलायी। शपथ लेने वालों में बिहार से भाजपा की धर्मशीला गुप्ता, बिहार से ही राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा और संजय यादव , गुजरात से भाजपा के गोविंदभाई लालजीभाई ढोलकिया, हरियाणा से भाजपा के सुभाष चंद्र बराला, हिमाचल से भाजपा के हर्ष महाजन, कर्नाटक से कांग्रेस के जी सी चंद्रशेखर, एमपी से डॉ. एल मुरूगन, एमपी से कांग्रेस के अशोक सिंह, महाराष्ट्र से कांग्रेस के चंद्रकांत हंडोरे,महाराष्ट्र से ही भाजपा की मेधा विश्राम कुलकर्णी और यूपी से भाजपा की साधना सिंह शामिल हैं।

### बीजापुर में करीब 12 घंटे तक चली मुठभेड़ 13 नक्सली मारे गए

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के घने जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच लगभग 12 घंटे तक चली मुठभेड़ में तीन महिला नक्सलियों समेत 13 नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुरक्षाबलों की इस सफलता के लिए सराहना करते हुए, इसे राज्य में नक्सल विरोधी अभियान में मिली सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बताया। बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत लेंड्रा गांव के जंगल में हुई इस मुठभेड़ के बाद सुरक्षाबलों ने मंगलवार को 10 नक्सलियों के शव बरामद किए थे।

# इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचार और परिवार बचाओं गठबंधन: नड्डा

- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राजस्थान की जनसभा में लगाया आरोप

झालावाड़ (राजस्थान), एजेंसी



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने इंडिया गठबंधन को भ्रष्टाचार बचाओं और परिवार एवं पार्टी बचाओं गठबंधन करार देते हुए आरोप लगाया है कि इसके नेताओं को देश से कोई लेना देना नहीं हैं और ये केवल परिवार एवं पार्टी बचाने में लगे है, इससे ज्यादा कुछ नहीं हैं जबकि भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को आगे ले जाने में लगी है।

नड्डा बुधवार को यहां लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी दुष्यंत सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन दो ही चीजों का गठबंधन हैं, एक तो भ्रष्टाचार बचाओं और दूसरा परिवार एवं पार्टी बचाओं गठबंधन। उन्होंने कहा कि इसमें परिवार की पार्टियां जिसमें अध्यक्ष, पार्लियामेंटरी बोर्ड, जनरल सेक्रटरी आदि में परिवार के लोग और यह गठबंधन परिवारवादी पार्टियों का गठबंधन हैं। उन्होंने कहा कि इसके नेताओं ने ऐसी कोई जगह नहीं छोड़ी जहां घोटाला और भ्रष्टाचार नहीं किया हो। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के द्वारा शराब घोटाला करने सहित कई नेताओं द्वारा घोटाला करने का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता सोनियां गांधी एवं राहुल गांधी बेल पर हैं, केजरीवाल जेल में हैं और गठबंधन के आधे नेता जेल में हैं और आधे नेता बेल पर हैं।

### स्वतंत्र, शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव कराएं अधिकारी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बुधवार को यहां राज्यों और केंद्र की प्रवर्तन एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक में लोकसभा चुनावों और कुछ राज्यों की विधान सभा के चुनावों की इस समय चल रही प्रक्रिया को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश दिए। आयोग ने बैठक के बाद कहा कि सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों और केंद्रीय एजेंसियों के प्रमुखों को शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त आम चुनाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने प्रत्येक राज्य/केंद्रशासित प्रदेश से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू ने भी भाग लिया। कुमार ने अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।



## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 04 | 203 |
| रियान पराग (आरआर) | 03 | 181 |
| हेनरिक क्लासेन (एसआरएच) | 03 | 167 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 03 | 07 |
| मयंक यादव (एलएसजी) | 02 | 06 |
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 03 | 06 |

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| राजस्थान रॉयल्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +1.249 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.976 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | +0.483 |
| गुजरात टाइटंस | 03 | 02 | 01 | 00 | 04 | -0.738 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | +0.204 |
| पंजाब किंग्स | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.337 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.876 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -1.347 |
| मुंबई इंडियंस | 03 | 00 | 03 | 00 | 00 | -1.423 |

# पंजाब के बल्लेबाजों के सामने गुजरात के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती

**अहमदाबाद, एजेंसी**

मयंक यादव की तूफानी गेंदबाजी के सामने ध्वस्त हुए पंजाब के बल्लेबाजी क्रम को गुरुवार को यहां मोटेरा की धीमी पिच पर गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पंजाब किंग्स ने विरोधी के मैदान पर अपने पिछले दो मुकाबले गंवाए हैं और टाइटंस के खिलाफ हार से उसकी राह मुश्किल हो सकती है। दूसरी तरफ टाइटंस की टीम पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट की आसान जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी है।

पंजाब किंग्स की टीम के पास पिछले मैच में मयंक की गति का कोई जवाब नहीं था और उसके शीर्ष क्रम के अधिकांश बल्लेबाज नियमित रूप से 150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे इस तेज गेंदबाज का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे। मयंक बल्लेबाजों के शरीर को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा के सामने पंजाब किंग्स को अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। मोहित नकल बॉल, धीमे बाउंसर और वाइड यार्कर का काफी अच्छा इस्तेमाल करते हैं और इस साल आईपीएल में मयंक के अलावा ऐसे तेज गेंदबाज अधिक सफल रहे हैं जो अच्छी धीमी गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। इससे शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों को अलग तरह की चुनौती का सामना करना होगा जिन्हें गेंद का बल्ले पर आना पसंद है। पिछले मैच में पैर की मांसपेशियों में हल्की चोट के बाद अगर लियाम लिविंगस्टोन अनुपलब्ध रहते हैं तो पंजाब की मुसीबत और बढ़ जाएगी। पंजाब को इसके अलावा राशिद खान और नूर अहमद की फिरकी का भी सामना करना होगा। टाइटंस की टीम में शामिल अफगानिस्तान के तीसरे खिलाड़ी अजमतुल्लाह ओमरजई अपने ऑलराउंड कौशल से पंजाब किंग्स की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। पंजाब की बल्लेबाजी से अधिक चिंता का विषय उसकी गेंदबाजी है, विशेषकर डेथ ओवरों में। दस लाख डॉलर से अधिक की कीमत पर टीम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों में से एक हर्षल पटेल ने मौजूदा सत्र में अब तक निराश करते हुए 11.41 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं। उन्होंने अब तक सभी तीन मैच में अपने कोटे के चार ओवर पूरे किए हैं। राहुल चाहर ने भी काफी निराश करते हुए 11.37 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं।

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रोबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, सुशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार। **पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया , विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु। **समय :** मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# कोलकाता ने दिल्ली कैपिटल्स को 106 रनों से रौंदा

## सुनील नरेन और अंगकृष रघुवंशी ने जड़े अर्धशतक, कोलकाता के वैभव व वरुण ने तीन-तीन विकेट झटके



सुनील नरेन

**विशाखापटनम, एजेंसी**

सुनील नरेन के 85 रन और अंगकृष रघुवंशी की 54 रनों की तूफानी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स ने बुधवार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 106 रनों से हरा दिया है।

273 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिल्टस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में पृथ्वी शॉ 10 रन का विकेट गवां दिया। उसके बाद मिचेल मार्श और अभिषेक पोरेल बिना खाता खोले ही पवेलियन लौट गये। ऐसे संकट के समय कप्तान ऋृषभ पंत और डेविड वॉर्नर के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। वॉर्नर 13 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुये। ऋृषभ पंत ने 25 गेंदों में पांच छक्कों और चार चौकों की मदद से 55 रनों की पारी खेली। वहीं ट्रिस्टन स्टब्स ने 32 गेंदों में चार चौके और चार छक्कों की मदद से 54 रन बनाये। अक्षर पटेल खाता भी नहीं खोल सके। सुमित कुमार सात रन, रसिख सलाम एक रन और एनरिक नॉर्टजे चार रन बनाकर आउट हुये। दिल्ली कैपिटल्स की टीम 17.2 ओवर में 166 रन पर ढ़ेर हो गई। दिल्ली की चार मैचों में यह तीसरी हार है। कोलकाता की ओर से वरुण चक्रवर्ती और वैभव अरोड़ा ने तीन-तीन विकेट लिये। मिचेल स्टार्क ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। सुनील नरेन और आंद्रे रसल को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले कोलकाता नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को जीत के लिए 273 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां डॉ. वाई एस राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में कोलकता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया।

- **दिल्ली कैपिटल्स की ओर से ऋषभ पंत ने सर्वाधिक 55 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 54 रनों की पारी खेली**

बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता के लिए फिल सॉल्ट और सुनील नरेन की सलाम जोड़ी ने पहले विकेट के लिए अच्छी शुरुआत करते हुए 60 रन जोड़े। पांचवें ओवर में नॉर्टजे ने फिल सॉल्ट को 18 रन पर आउट कर कोलकाता को पहला झटका दिया। इसके बाद आईपीएल में पर्दापण कर रहे अंगकृष रघुवंशी ने सुनील नरेन के साथ दूसरे विकेट के 104 रनों की ताबड़तोड़ साझेदारी करते हुए 27 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 54 रन बनाते हुए अपना पहला अर्धशतक लगाया। वहीं सुनील नरेन ने 39 गेंदों में सात चौकों और सात छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में 85 रन ठोक डाले। कप्तान श्रेयस अय्यर 11 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुये। आंद्रे रसल ने 19 गेंदों में चार चौके और तीन छक्कों की सहायता से 41 रन बनाये। रिंकू सिंह ने आठ गेंदों में तीन छक्कों और एक चौके की मदद से 26 रन ठोके। रमनदीप सिंह दो रन बनाकर आउट हुये। वेंकटेश अय्यर पांच रन और मिचेल स्टार्क एक रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 272 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। खेल के दौरान दिल्ली को धीमे ओवर रेट के कारण और एक अतिरिक्त फील्डर दायरे अंदर करना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से एनरिक नॉर्टजे ने तीन विकेट लिये। इशांत शर्मा ने दो विकेट लिये। खलील अहमद और मिचेल मार्श को एक-एक विकेट मिला।

### कोलकाता 272/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 22

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल साल्ट का स्टब्स बो नॉर्किया | 18 | 12 | 4/0 |
| सुनील नरेन का पंत बो मार्श | 85 | 39 | 7/7 |
| अंगकृष रघुवंशी का शर्मा बो नॉर्किया | 54 | 27 | 5/3 |
| आंद्रे रसेल बो शर्मा | 41 | 19 | 4/3 |
| श्रेयस अय्यर का स्टब्स बो अहमद | 18 | 11 | 0/2 |
| रिंकू सिंह का वॉर्नर बो नॉर्किया | 26 | 08 | 1/3 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 05 | 02 | 1/0 |
| रमनदीप सिंह का साव बो शर्मा | 02 | 02 | 0/0 |
| मिचेल स्टार्क नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** खलील 4-0-43-1, इशांत 3-0-43-2, नॉर्टजे 4-0-59-3, रसिख 3-0-47-0, सुमित 2-0-19-0, अक्षर 1-0-18-0, मिचेल 3-0-37-1

### दिल्ली 166/10

17.2 ओवर, अतिरिक्त : 16

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेविड वार्नर बो स्टार्क | 18 | 13 | 2/1 |
| पृथ्वी शॉ का चक्रवर्ती बो वैभव | 10 | 07 | 2/0 |
| मिशेल मार्श का रमनदीप बो स्टार्क | 00 | 02 | 0/0 |
| अभिषेक पोरेल का नरेन बो वैभव | 00 | 05 | 0/0 |
| ऋषभ पंत का श्रेयस बो चक्रवर्ती | 55 | 25 | 4/5 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का स्टार्क बो चक्रवर्ती | 54 | 32 | 4/4 |
| अक्षर पटेल का मनीष बो चक्रवर्ती | 00 | 01 | 0/0 |
| सुमित कुमार का मनीष बो नरेन | 07 | 06 | 0/1 |
| रशिक धर सलाम का सॉल्ट बो वैभव | 01 | 05 | 0/0 |
| एनरिक नॉर्टजे का श्रेयस बो रसेल | 04 | 06 | 0/0 |
| ईशांत शर्मा नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** मिशेल स्टार्क 3-0-25-2, वैभव अरोड़ा 4-0-27-3, आंद्रे रसेल 1.2-0-14-1, सुनील नरेन 4-0-29-1, वरूण चक्रवर्ती 4-0-33-3, वेंकटेश अय्यर 1-0-28-0

## खेल डायरी

### बेंगलुरु मैराथन में दौड़ेंगे 96 वर्ष के दत्तात्रेय

**बेंगलुरु।** 96 वर्ष के एन एस दत्तात्रेय 28 अप्रैल को यहां होने वाली टीसीएस विश्व 10के बेंगलुरु 2024 मैराथन में भाग लेने वाले सबसे उम्रदराज धावक होंगे। वह पहले भी इस रेस में हिस्सा ले चुके हैं। पांच साल पहले लंबी दौड़ में पदार्पण करने वाले दत्तात्रेय कई मैराथन और वॉकाथन में प्रतिभागी रह चुके हैं। उन्होंने कहा,''पहली मैराथन के बाद ही मुझे लगा कि मैं इसमें जारी रख सकता हूं। मैंने फिट रहने के लिये शुरूआत की थी और जल्दी ही यह मेरे जीवन का हिस्सा बन गया। अगर आपके पास अपार दौलत है लेकिन आप उसे भोग नहीं सकते तो क्या फायदा। स्वास्थ्य बहुत जरूरी है, पैसा नहीं।''

### रोनाल्डो की सऊदी अरब में एक और हैट्रिक

**आभा (सऊदी अरब)।** दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 72 घंटे के अंतराल में अपनी दूसरी हैट्रिक लगाई जिसकी मदद से अल नासर ने सऊदी प्रो लीग में आभा को 8-0 से करारी शिकस्त दी। रोनाल्डो ने पहले हाफ में तीन गोल किए और दो गोल करने में मदद की। उनके इस प्रदर्शन की बदौलत सऊदी अरब में नौ बार के चैंपियन अल नासर ने बड़ी जीत हासिल की। पुर्तगाल के इस स्टार खिलाड़ी की लीग के वर्तमान सत्र में यह तीसरी हैट्रिक है। उन्होंने शनिवार को अल नासर की अल ताई पर 5-1 से जीत के दौरान भी हैट्रिक बनाई थी। वह अभी तक लीग में 29 गोल कर चुके हैं और इस मामले में शीर्ष पर काबिज हैं। अल नासर लीग की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर बना हुआ है।

### अनमोल कजाकिस्तान चैलेंज के प्री क्वार्टर फाइनल में

**अस्ताना।** भारत की युवा खिलाड़ी अनमोल खरब ने हमवतन मालविका बांसोड़ की कड़ी चुनौती से पार पाकर बुधवार को यहां कजाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता और मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन 17 वर्षीय अनमोल ने मालविका को 59 मिनट तक चले मैच में 21-13, 22-20 से पराजित किया। विश्व में 333वें नंबर के खिलाड़ी अनमोल अगले दौर में इंडोनेशिया की 21 वर्षीय खिलाड़ी नुरानी रातू अज़ाहरा से भिड़ेंगी। अनमोल को इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में कजाकिस्तान की कामिला स्मगुलोवा से वॉकओवर मिला।

### टी20 शृंखला में न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे ब्रेसवेल

**ऑकलैंड।** न्यूजीलैंड ने अपने शीर्ष खिलाड़ियों के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में व्यस्त होने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ इस महीने शुरू होने वाली पांच मैच की टी20 शृंखला के लिए ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को कप्तान नियुक्त किया है। यह पहला अवसर होगा जबकि 33 वर्षीय ब्रेसवेल न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे। न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिच सेंटनर और केन विलियमसन जैसे खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं, जबकि आगे के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए टिम साउदी के नाम पर विचार नहीं किया गया। चोटिल होने के कारण ब्रेसवेल पिछले साल मार्च से बाहर थे।

### अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने कथित उत्पीड़न की मौखिक शिकायत पर जांच खत्म की

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को कहा कि उसने एक पुरूष कर्मचारी द्वारा महिला कर्मचारी के उत्पीड़न की मौखिक शिकायत पर जांच खत्म कर दी है क्योंकि कथित पीड़िता और दूसरा पक्ष मामले को आगे नहीं बढाना चाहते थे। पिछले सप्ताह एआईएफएफ मुख्यालय की एक महिला कर्मचारी ने पुरूष सहकर्मी द्वारा उत्पीड़न की मौखिक शिकायत की थी लेकिन कोई औपचारिक आरोप नहीं लगाया था । एआईएफएफ ने एक बयान में कहा कि आंतरिक शिकायत समिति जांच आगे बढाने की स्थिति में नहीं है क्योंकि कथित पीड़िता और अन्य पक्ष मामले को आगे खींचना नहीं चाहते लिहाजा जांच खत्म की जाती है ।

### निकहत, लवलीना समेत अन्य मुक्केबाज तुर्की में लेंगे प्रशिक्षण

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले विश्व चैंपियन निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन समेत भारतीय मुक्केबाज तुर्की में विशेष शिविर में प्रशिक्षण लेंगे। युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉपस) के तहत तुर्की में प्रशिक्षण शिविर में निकहत और लवलीना के साथ शामिल होंगी। मुक्केबाजों को दो कोच और एक फिज़ियो भी उपलब्ध कराया जाएगा। उल्लेखनीय है कि निकहत और लवलीना ने पिछले वर्ष एशियन गेम्स 2023 में आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए मुक्केबाजी में भारत के लिए कोटा हासिल किया था।

# चोटिल शिवम मावी आईपीएल से हुए बाहर

**बेंगलुरु, एजेंसी**

लखनऊ सुपर जायंट्स (एचएसजी) के तेज गेंदबाज शिवम मावी चोटिल होने के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से बाहर हो गए हैं। सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट में यह नहीं बताया कि चोट कहां लगी है। उन्होंने कहा, "मैं टूर्नामेंट को बहुत याद करूंगा। मैं यहां पर चोट के बाद आया था और सोचा था कि अपनी टीम के लिए मैच खेलूंगा और अच्छा करूंगा। लेकिन दुर्भाग्य से चोटिल होने की वजह से मुझे टूर्नामेंट छोड़ना होगा।"



उन्होंने कहा, "क्रिकेटर को इसके लिए मानसिक तौर पर मजबूत होना पड़ता है। अगर आपको चोट लगी है तो आपको यह देखने की जरूरत है कि वापसी के लिए क्या किया जा सकता है, आपको किन चीजो का ख्याल रखना है।" उन्होंने कहा, "हमारी बहुत अच्छी टीम है, मैं टीम के लिए बाहर से चीयर करूंगा और उम्मीद है कि हम जीतेंगे।" एलएसजी ने मावी की जगह किसी अन्य का चयन नहीं किया है। टीम के पास अभी मैट हेनरी, शमार जोसेफ, मोहसिन खान, मयंक यादव, यश ठाकुर, अरशद खान और युद्धवीर सिंह जैसे तेज गेंदबाज हैं।

### मुस्तफिजुर रहमान का सनराइजर्स के खिलाफ खेलना संदिग्ध

**नयी दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान टी-20 विश्वकप से पहले वीजा लेने के संबंध में स्वदेश लौट गए हैं ऐसे में उनका शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ होने वाले अगले मैच में खेलना संदिग्ध माना जा रहा है। मुस्तफिजुर ने अपनी कटर्स और अधिक गति से सीएसके के आक्रमण को धार दी है। वह तीन मैचों में 15.14 की औसत और 8.83 की इकॉनमी से सात विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। सीएसके के लिए शुरुआत करते हुए सात में से चार विकेट उनके 10 गेंद के भीतर आए है। यह कारनामा उन्होंने 22 मार्च को चेपॉक में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले मैच में किया था।

# श्रीलंका ने दूसरा टेस्ट जीत क्लीन स्वीप किया

**चट्टोग्राम (बांग्लादेश), एजेंसी**

तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा ने 50 रन देकर चार विकेट लिये जिससे श्रीलंका ने बुधवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश को 192 रन से हराकर दो मैच की शृंखला में क्लीन स्वीप किया। श्रीलंका ने पहला टेस्ट मैच 328 रन से जीता था तथा दूसरे मैच में जीत से उसने बांग्लादेश में टेस्ट मैच नहीं हारने का रिकॉर्ड बरकरार रखा।

श्रीलंका ने इससे पहले टी20 शृंखला में 2-1 से जीत हासिल की थी। वनडे शृंखला में हालांकि वह इसी अंतर से हार गया था। बांग्लादेश ने 511 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच के पांचवें और अंतिम दिन सुबह 7 विकेट पर 268 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और उसकी पूरी टीम 318 रन पर आउट हो गई। मेहदी हसन मीराज 81 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी पारी में 100 गेंद खेली और 14 चौके लगाए। कामिंदु मेंडिस ने दिन के चौथे ओवर में ही ताइजुल इस्लाम को आउट करके श्रीलंका को दिन की पहली सफलता दिलाई। कुमारा ने इसके बाद हसन महमूद और सैयद खालिद अहमद को आउट करके श्रीलंका को जीत दिलाई। श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में 531 रन बनाए थे।

- **श्रीलंका ने इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ टी20 शृंखला में 2-1 से जीत हासिल की थी**

## बॉलीवुड हलचल

# आलिया भट्ट के लिए कंगना रनौत के खिलाफ क्यों खड़े हो गए थे रणदीप हुड्डा?



**मुंबई, एजेंसी।** रणदीप हुड्डा की गिनती उन एक्टर्स में होती है जो बेबाकी से अपनी बात रखते हैं। उन्हें फर्क नहीं पड़ता कि उनके बयान से किसी को क्या फर्क पड़ने वाला है। वह हमेशा सही के साथ खड़े रहना पसंद करते हैं। साल 2019 में वह आलिया भट्ट का सपोर्ट करने के लिए कंगना रनौत के खिलाफ खड़े हो गए थे। आलिया और रणदीप ने एक साथ फिल्म 'हाईवे' में काम किया था। कंगना ने आलिया को मीडियोकर एक्टर बताया था, उस वक्त के बारे में बात करते हुए रणदीप ने कहा है कि आलिया को बेवजह टारगेट किया गया था। सिद्धार्थ कनन को दिए इंटरव्यू में रणदीप ने आलिया के साथ अपने बॉन्ड के बारे में बात की। कंगना की बात पर आलिया को सपोर्ट करने को लेकर भी उन्होंने बताया। रणदीप ने कहा, "हाईवे के वक्त मेरा आलिया के साथ एक सच्चा रिश्ता बन गया था। मुझे नहीं पता कि आलिया की तरफ से भी ऐसा था या नहीं। वो उसकी मर्जी है। मैं सिर्फ अपनी बात कहूंगा। मैंने देखा है उसे हमेशा कुछ नया करने की कोशिश करते हुए। मैं दिल से उसके साथ खड़ा था क्योंकि उसे बिना वजह टारगेट किया जा रहा था।" कंगना के बारे में बात करते हुए रणदीप ने कहा, "अपने साथी कलाकारों या अपने साथ काम करने वालों या अपनी बिरादरी को उन चीज़ों पर निशाना बनाना जो आपको लगता है कि आपको नहीं मिलीं, भले ही मुझे लगता है कि आपको इस इंडस्ट्री से बहुत कुछ मिला है, यह बिल्कुल अशोभनीय है। मुझे लगा कि मुझे यह करना चाहिए और मैंने यह किया।"



# जब प्रोड्यूसर बोला- 'तेरे ऊपर कोई पैसा नहीं लगाएगा'

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के एक्टर विक्रांत मैसी को विधु चोपड़ा के निर्देशन में बनी 12वी फेल से एक्टर को अलग ही पहचान मिली है। उन्हें फिल्मफेयर 2024 का बेस्ट एक्टर क्रिटिक्स अवार्ड मिला। विक्रांत मैसी आज 3 अप्रैल को अपना जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर हम आपको एक्टर के स्ट्रगल के दिनों का एक किस्सा बताने जा रहे हैं, जो शायद ही आपको बता होगा। एक्टर ने अपने 17 साल के करियर में टीवी सीरियल्स से बॉलीवुड की कई फिल्मों में काम किया। हालांकि एक्टर को उनके करियर के शुरूआती दिनों में प्रोड्यूसर कास्ट नहीं करते थे। विक्रांत मैसी ने अपने एक इंटरव्यू में स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए कहा था कि "बहुत से ऐसे प्रोड्यूसर हैं, जिनके पास जब मैं काम मांगने जाता था तो वह कहते थे कि अगर वो फिल्म में होंगे तो कोई पैसा नहीं लगाएगा। मुझे पता है कि तू ये करेगा तो बहुत अच्छा करेगा लेकिन जब मैं तेरा नाम आगे पुश करूंगा न तो कोई पैसा नहीं लगाएगा।" एक्टर ने आगे कहा कि "जब फिल्मों में काम करना शुरू किया, सब लोग फर्राटेदार अंग्रेजी में बात कर रहे होते थे और तब अंग्रेजी में मेरा हाथ काफी तंग था। टीवी एक्टर को फिल्म वाले बहुत जलील करते हैं।"

# तापसी पन्नू की शादी का वीडियो आया सामने, लाल जोड़े में नाचती दिखीं



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। बीते काफी समय से ऐसी खबरें आ रही थीं कि एक्ट्रेस ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड बॉयफ्रेंड मैथियास के साथ परिवार और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में शादी कर ली है। हालांकि शादी की कोई फोटोज सामने नहीं आई हैं। वहीं एक्ट्रेस ने भी इस पर अभी तर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। अब हाल ही में एक वीडियो सामने आया है, जो तापसी की शादी का बताया जा रहा है। हालांकि, वीडियो को लेकर भी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल हो रहा है, उसमें एक्ट्रेस दुल्हन के लिबास में नजर आ रही हैं। एंट्री के दौरान एक्ट्रेस डांस करती हुई दिखाई दे रहीं हैं। वहीं मैथियास स्टेज पर उनका इंतजार करते नजर आ रहे हैं। तापसी दुल्हन के लुक में काफी प्यारी लग रही हैं। एक्ट्रेस ने लहंगा-साड़ी छोड़ अनारकली सूट पहना है। उन्होंने सुर्ख लाल जोड़ा पहना, जिसे लाल चूड़ा, सुनहरे कलीरे और ब्लैक सनग्लासेस के साथ स्टाइलिश टच दिया है। एक्ट्रेस जीत सिंह और चित्रा सिंह के गाने 'कोठे ते आ माहिया' पर डांस करते हुए आती हैं और फिर पहले तो वह दूल्हा बने मैथियास को गले लगाती और फिर जयमाला पहनाती हैं। इसके तापसी और मैथियास एक-दूजे संग जमकर ठुमके लगाते हैं। वीडियो के आखिरी शॉट में मैथियास को फूलों से सजी साइकिल पर बैठे दिखाया गया है। एक्ट्रेस ने पंजाबी रीति-रिवाजों से शादी की है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# प्राकृतिक आपदा के लिए धन नहीं दे रहा केंद्र, कोर्ट का रुख किया

नई दिल्ली, एजेंसी



• केंद्र के विरुद्ध शीर्ष कोर्ट पहुंची तमिलनाडु सरकार

तमिलनाडु सरकार ने केंद्र सरकार पर प्राकृतिक आपदा राहत कोष को रोकने का आरोप लगाया है। साथ ही इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 का प्रयोग करते हुए शीर्ष अदालत में मुकदमा दायर किया है।

याचिका में स्टालिन सरकार ने आरोप लगाया है कि प्राकृतिक आपदाओं के लिए केंद्र से मिलने वाला धन उसके लिए जारी नहीं किया जा रहा है। साथ ही इसमें तमिल सरकार ने हाल ही में आई बाढ़ और चक्रवात मिचौंग से हुए नुकसान के लिए केंद्र को 37 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्रदान करने का निर्देश देने का आग्रह किया। इतना ही नहीं याचिका में केंद्र को अंतरिम उपाय के रूप में दो हजार करोड़ रुपये जारी करने का निर्देश देने की भी मांग की गई है।

इससे पहले, कर्नाटक सरकार ने भी केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। उसने यह आरोप लगाया था कि केंद्र सूखे की स्थिति से निपटने के लिए उसे वित्तीय सहायता नहीं दे रहा है। इसने यह निर्देश देने की मांग की थी कि राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से धन जारी किया जाए।

# तेलंगाना: केमिकल फैक्ट्री में भीषण विस्फोट, 5 की मौत

**संगारेड्डी (तेलंगाना)।** संगारेड्डी जिले के चंदुर गांव में एक केमिकल फैक्ट्री में आग लगने के बाद भीषण विस्फोट हो गया। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हुआ है। जहां पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बता दें कि यह आग एसबी ऑर्गेनिक्स लिमिटेड में लगी है, काबू पाने के लिए दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। हदनूर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि केमिकल फैक्ट्री एसबी ओरेगनिक्स प्रा. लि. में विस्फोट से आग लग गई। इस घटना में पांच की मौत हो गई है। तेलंगाना सीएम रेवंत रेड्डी ने अग्निशमन के अधिकारियों को बचाव कार्य और आग पर काबू पाने का आदेश दिया। उन्होंने दुर्घटना में घायलों को चिकित्सा देखभाल प्रदान करने का भी निर्देश दिया है।

# चुनाव में डीपफेक से लड़ने को प्लेटफॉर्म नए टूल व नीति ला रहे

*इस साल भारत समेत दुनिया के 50 फीसदी से भी अधिक लोग मतदान करने वाले हैं। हालांकि एआई और डीपफेक जैसी चुनौती के आने के बाद चुनाव सुचारू रूप से करा पाना सभी देशों के लिए चुनौती बनता जा रहा है। हालिया समय में चुनाव प्रचार में एआई डीपफेक का इस्तेमाल कर सिंथेटिक इमेज, डीपफेक ऑडियो और वीडियो बनाना काफी सस्ता और आसान हो गया है। इसी कारण अमेरिका सहित दुनिया भर के उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों द्वारा एआई का व्यापक रूप से उपयोग और दुरुपयोग किया जा रहा है।*

## गलत सूचना और फर्जी खबरों को पकड़ पाना सबसे बड़ी समस्या

एआई जनरेटेड गलत सूचना और फर्जी खबरों को पकड़ पाना बड़ी समस्या बन रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि यह तकनीक भारत समेत बाकी देशों के लोकतंत्र को कमजोर कर सकते हैं। चुनाव में डीपफेक और एआई जनरेटेड सामग्री पर लगाम लगने के लिए भारत और अमेरिका में बड़ी तैयारियां की जा रही हैं। ओपनएआई और मेटा जैसी टेक कंपनियों ने ऐसे खतरों से निपटने के लिए नितिगत बदलाव किए हैं। चैट जीपीटी के स्वामित्व वाली ओपन एआई 'वॉयस इंजन' के साथ डीपफेक से लड़ेगा। वॉयस इंजन, एक टेक्स्ट-टू-स्पीच मॉडल है जो सिंगल 15 सेकंड ऑडियो से किसी की भी नेचुरल आवाज को प्रोड्यूस कर सकता है।



## ओपनएआई ने किए कई बदलाव



चुनावों में 'लोकतांत्रिक प्रक्रिया' को कमजोर करने से रोकने के लिए ओपनएआई ने अपनी जेनरेटिव एआई-आधारित तकनीकों जैसे चैटजीपीटी, डल-ई में कई बदलाव किए हैं। इसमें इस प्लेटफॉर्म से उत्पन्न सामग्री का उपयोग कैसे किया जा रहा है, इसकी सक्रिय निगरानी शामिल है। नई नीति के तहत अब जो आवाजें एआई- जनरेटेड हैं वो बताने के लिए ओपनएआई वाध्य होगा। कोई भी व्यक्ति नेता के नाम से चैटवॉट नहीं बना सकेगा। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने से रोकने जैसे सवालों का रिस्पॉन्स अव चैटवॉट नहीं देगा।

## फेक इमेज और डीपफेक के लिए नई नीति



यूजर्स को एआई द्वारा उत्पन्न इमेज का पता लगाने में मदद करने के लिए ओपन एआई काम करेगा। मेटा के वैश्विक मामलों के अध्यक्ष निक क्लेग के अनुसार, मेटा अपने फेसबुक, इंस्टाग्राम और थ्रेड्स प्लेटफॉर्म पर पोस्ट की गई डीपफेक या एआई-जनरेटेड इमेज को 'इमेजिन्ड विद एआई' के रूप में लेबल करना शुरू करेगा, ताकि उनमें और मानव-जनित सामग्री के बीच अंतर किया जा सके। हालिया समय में मेटा ने स्टेबल सिग्नेचर नामक एक अदृश्य वॉटरमार्किंग तकनीक विकसित की है, जो वॉटरमार्किंग को किसी हटाने से रोकेगा।

## रेगुलेशन में सभी मंत्रालयों की हो भागीदारी

देश में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की निगरानी के लिए जरूरी सिस्टम तैयार करने पर गंभीर विचार चल रहा है। केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के सदस्यों से मिलकर बनी कमेटी ने सिफारिश की है कि इसके लिए एक अंतर मंत्रालयीन कमेटी का गठन हो। पिछले माह सौंपी गई सिफारिश में कहा गया है कि यह काम सरकार से जुड़ी सभी मंत्रालय मिलकर करें। इलेक्ट्रानिक्स और आईटी मंत्रालय के साथ केंद्र के हर मंत्रालय को निगरानी तंत्र में कोई न कोई भूमिका दी जाए। बता दें, बाजार नियामक सेबी एल्गोरिदेमिक ट्रेडिंग करने वाली कंपनियों को तब तक ही प्रोप्रिएटर टेक्नोलॉजी का उपयोग करने की अनुमति देता है, जब तक वे कुछ गलत न करें।

# ताइवान में शक्तिशाली भूकंप से तबाही कई इमारतें जमींदोज, नौ की मौत

## 25 साल बाद आया 7.4 तीव्रता का भूकंप, 700 से ज्यादा लोग घायल, मोदी ने जताया दुख

ताइपे (ताइवान), एजेंसी

ताइवान के हुलिएन में 25 साल बाद बुधवार सुबह आए 7.4 तीव्रता के भूकंप ने तबाही मचा दी। कई इमारतें जमींदोज हो गई है, जबकि कई 45 डिग्री के कोण पर झुक गईं। राजमार्ग क्षतिग्रस्त हो गए पूरे द्वीपीय देश में रेल सेवा प्रभावित हो गई है। हालांकि, पूर्व में जारी सुनामी की चेतावनी बाद में वापस ले ली गई। आपदा में नौ लोगों की मौत हो गई और 700 से अधिक लोग घायल हो गए। वहीं 50 से ज्यादा लोगों लापता हैं।

सीएनएन ने राष्ट्रीय अग्निशमन एजेंसी (एनएफए) का हवाला देते हुए बताया कि द्वीप के पूर्वी तट पर आए शक्तिशाली भूकंप के बाद पूरे ताइवान में कम से कम 77 लोग फंस गए हैं। अधिकारियों ने फंसे हुए लोगों की स्थिति के बारे में विस्तार से नहीं बताया लेकिन कहा कि बचाव अभियान जारी है। एनएफए के अनुसार, घायलों में से 132 लोग भूकंप के केंद्र के पास हुलिएन काउंटी में हैं। भूकंप के बाद के झटकों की वजह से भूस्खलन की 24 घटनाएं हुई हैं तथा 35 सड़कें, पुल और सुरंगे क्षतिग्रस्त हुई हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, ताइवान में बुधवार को 25 वर्षों में सबसे शक्तिशाली भूकंप आया, जब द्वीप के पूर्वी तट पर 7.4 तीव्रता का भूकंप आया, तो इमारतें ढह गईं। बता दें, सुनामी की चेतावनी के कारण एयरलाइंस और हवाईअड्डों को उड़ानें निलंबित करनी पड़ीं। हालांकि, बाद में फिर से शुरू कर दिया गया। आपदा से पूरे द्वीप में 125 इमारतों को नुकसान पहुंचा है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, क्षतिग्रस्त इमारतों में से लगभग आधी इमारतें भूकंप के केंद्र के पास हुलिएन काउंटी में हैं। हुलिएन काउंटी के मजिस्ट्रेट सू चेन-वेई ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, काउंटी में चार इमारतें आंशिक रूप से ढह गईं। तीन इमारतों के निवासियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है, जबकि नौ मंजिला यूरेनस बिल्डिंग में खोज और बचाव अभियान जारी है।





7.4 तीव्रता से आए भूकंप से 45 डिग्री के कोण पर झुकी इमारत, वहीं मलबे में पीड़ितों की तलाश करते बचावकर्मी।

## पीएम मोदी ने भूकंप प्रभावित ताइवान के लोगों के प्रति एकजुटता व्यक्त की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ताइवान में आए भूकंप में जानमाल के नुकसान पर दुख जताया और देश के लोगों के प्रति भारत की एकजुटता व्यक्त की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने लिखा, आज ताइवान में भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान से बहुत दुखी हूं। शोकाकुल परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हम ताइवान के लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं क्योंकि वे सह रहे हैं।

# कानून उल्लंघन पर 5 गैर सरकारी संगठनों का एफसीआरए रद

**नई दिल्ली।** गृह मंत्रालय ने विदेशी अनुदान के दुरुपयोग और अन्य कारणों का हवाला देते हुए उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद पांच जानेमाने गैर सरकारी संगठनों के विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) लाइसेंस रद कर दिए हैं।

जिन एनजीओ के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है उनमें सीएनआई सिनोडिकल बोर्ड ऑफ सोशल सर्विस (सीएनआई-एसबीएसएस), वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ऑफ इंडिया (वीएचएआई), इंडो-ग्लोबल सोशल सर्विस सोसाइटी (आईजीएसएसएस), चर्च ऑक्जिलरी फॉर सोशल एक्शन (सीएएसए) और इवेंजेलिकल फेलोशिप ऑफ इंडिया (ईएफओआई) शामिल हैं।

गृह मंत्रालय ने कथित तौर पर उन कार्यों के लिए धन का उपयोग करने के लिए गैर सरकारी संगठनों का एफसीआरए पंजीकरण रद कर दिया जो उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं थे। एनजीओ ने एफसीआरए के प्रावधानों के विपरीत गतिविधियों में शामिल होकर कानूनों का उल्लंघन किया है।

# न्याय तंत्र की आजादी पर हमला बर्दाश्त नहीं

इस्लामाबाद, एजेंसी

• खुफिया एजेंसियों की दखलअंदाजी के आरोपों पर बोले पाकिस्तान के प्रधान न्यायाधीश

पाकिस्तान की न्यायपालिका इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा ने बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि न्यायपालिका की आजादी पर किसी भी तरह के हमले को विफल किया जाएगा।

उन्होंने इस बात का भी संकेत दिया कि न्यायिक मामलों में खुफिया एजेंसियों की कथित दखलंदाजी की पूर्ण अदालत सुनवाई करेगी। दरअसल, मंगलवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के छह न्यायाधीशों ने दावा किया कि उन्हें धमकी भरे पत्र मिले और इन पत्रों में मादक पदार्थ भेजा गया था। इन न्यायाधीशों ने सीजेपी को पत्र लिखा था। शीर्ष अदालत की सात सदस्यीय पीठ इस मामले पर सुनवाई कर रही है। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश तसादुक हुसैन जिलानी ने खुफिया एजेंसियों की कथित दखलंदाजी की जांच के लिए गठित एक सदस्यीय जांच आयोग की अध्यक्षता से खुद को अलग कर दिया था। सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल मंसूर अवान ने कहा, सरकार ने पूरी ईमानदारी से मामले की जांच के लिए एक आयोग का गठन किया था। लेकिन सोशल मीडिया और वकीलों ने उस आयोग की आलोचना की। वह चाहते थे कि अदालत मामले की सुनवाई करे। सीजेपी ईसा ने कहा कि वह अपने संस्थान की आजादी को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, न्यायाधीशों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे खतरे में नहीं हैं। सीजेपी ने कहा, अगर न्यायपालिका की आजादी पर किसी तरह का हमला होता है, तो मैं (न्यायपालिका का बचाव करने में) सबसे आगे रहूंगा और निश्चित तौर पर मेरे साथी न्यायाधीश इसमें मेरे साथ खड़े रहेंगे और हम कभी भी दखलंदाजी को स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा, यह संभव है कि हम अगली सुनवाई में एक पूर्ण अदालत का गठन कर सकते हैं।

# सीमा पार आतंकवाद का कोई भी कृत्य बर्दाश्त नहीं

अस्ताना, एजेंसी



• कजाकिस्तान में आयोजित एससीओ बैठक में बोले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों की सुरक्षा परिषदों के सचिवों की 19वीं बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक की अध्यक्षता कजाकिस्तान कर रहा है।

इसमें ईरान पहली बार एससीओ में पूर्ण सदस्य के रूप में भाग ले रहा है। भारत की तरफ से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने बैठक में हिस्सा लिया। डोभाल ने कहा सीमा पर आतंकवाद समेत किसी भी व्यक्ति द्वारा कहीं भी और किसी भी उद्देश्य से किया गया आतंक का कोई भी कृत्य उचित नहीं है। सीमा पार आतंकवाद अपराधियों से प्रभावी ढंग से और शीघ्रता से निपटा जाना चाहिए। उन्होंने दोहरे मानदंडों से दूर रहने और उन लोगों को जवाबदेह बनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला जो आतंकवाद के प्रायोजक, वित्तपोषक और मददगार हैं। अफगानिस्तान में आतंकवाद की निरंतर मौजूदगी सुरक्षा स्थिति पर गहरा चिंता का विषय है।

## एक नजर

### अमृतसर में हवाला रैकेट का पर्दाफाश, दो तस्कर गिरफ्तार

**अमृतसर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) अमृतसर ने बुधवार को हवाला रैकेट का पर्दाफाश किया। संयुक्त टीम ने पास से हेरोइन और दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने बताया कि 28 मार्च 2024 को बीएसएफ के खुफिया तंत्र को अमृतसर जिले के एक सीमावर्ती गांव में नशीले पदार्थों के साथ एक तस्कर की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली, फिर संयुक्त टीम के ऑपरेशन दौरान अमृतसर में पर्यटक स्थल 'साडा पिंड' के बाहर एक और संदिग्ध को पकड़ा। युवक ने पूछताछ के दौरान हवाला रैकेट और पाकिस्तान से तस्करों को हस्तांतरित करने का जुर्म कबूल लिया है। दोनों तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बाद में उन्हें जिला अदालत ने 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में सेंट्रल जेल, अमृतसर भेज दिया।

### कर्नाटक: दो साल का बच्चा बोरवेल में गिरा, बचाव अभियान जारी

**विजयपुरा।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले के इंदी तालुका के लाचयान गांव में बुधवार को दो साल का बच्चा 16 फुट गहरे बोरवेल में गिर गया। बोरवेल से बच्चे की रोने की आवाज सुनी तो आनन-फानन में परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया है कि बचाव अभियान जारी है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, शाम करीब 6:30 बजे बच्चा अपने घर के पास खेल रहा था, अचानक से बोरवेल गिर गया। उन्होंने कहा-राजस्व अधिकारी, तालुक पंचायत के सदस्य और अग्निशमन और आपातकालीन सेवा विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं। उन्होंने कहा, ऑक्सीजन की आपूर्ति के लिए पाइप गिराए हैं। बचाने का प्रयास जारी है।

### यमन में सेना और हूती के बीच संघर्ष, 21 लोगों की मौत

**अदन।** यमन के दक्षिणी प्रांत लाहज में बुधवार को सेना और हूती समूह के बीच हुए संघर्ष में 21 लोग मारे गए। एक सैन्य अधिकारी ने बताया है कि, मोर्चे पर सेना और हूती आतंकवादियों के बीच जबरदस्त संघर्ष हुआ। जहां सेना और हूती आतंकवादियों की बीच गोलाबारी हुई। इस गोलीबारी में कमांडर सहित 12 जवानों की मौत हो गई और अन्य आठ घायल हो गए। इस बीच नौ हूती आतंकवादी मारे गए और 15 से अधिक घायल हुए हैं। यमन में दो अक्टूबर 2022 से हालात बहुत नाजुक बने हुए हैं। जब संयुक्त राष्ट्र ने छह महीने के संघर्ष विराम को बढ़ाने और यमन सरकार की हूती आतंकवादियों से निपटने की विफलता की घोषणा की थी। बता दें, लड़ाकों ने 2014 में सना पर कब्जा कर लिया था।

## भक्तों का सैलाब..

अबूधाबी। अबूधाबी में बने मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। एक महीने के दौरान 3.5 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए हैं। बता दें, इस मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया था। इसे एक मार्च को श्रद्धालुओं के लिए खोला गया। हर शनिवार और रविवार को 50 हजार के करीब लोग पहुंच रहे हैं। मंदिर की देखरेख करने वालों का कहना है कि मंगलवार से रविवार तक हर शाम 7.30 बजे स्वामीनारायण घाट पर गंगा आरती होती है। इसका निर्माण गंगा और यमुना के पवित्र जल से किया गया है। मंदिर का निर्माण बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था की ओर से लगभग 700 करोड़ रुपये की लागत से दुबई-अबूधाबी शेख जायद राजमार्ग पर अल रहबा के पास 27 एकड़ में किया गया है। राजस्थान के 1.8 लाख घन मीटर बलुआ पत्थर से निर्मित यह मंदिर नागर शैली में बना है। यह पूरे खाड़ी क्षेत्र में सबसे बड़ा है।




# ब्राजील में 40 करोड़ रु. में बिकी भारतीय नस्ल की गाय

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में गायों की औसत कीमत 11 हजार रुपये या इससे अधिक है, लेकिन ब्राजील में एक गाय 40 करोड़ रुपये में बिकी है। पशुओं की नीलामी में इसे नया रिकॉर्ड बताया जा रहा है। गाय आंध्र प्रदेश के नेल्लोर की 'वियाटिना-19 एफआइवी मारा इमोविस' नाम की नस्ल की है।

ब्राजील में नीलामी के दौरान इसे 48 लाख डॉलर में खरीदा गया। सफेद फर और कंधों पर विशिष्ट बल्बनुमा कूबड़ वाली यह गाय भारत की मूल निवासी है। ब्राजील में इस नस्ल की काफी डिमांड है। नस्ल का वैज्ञानिक नाम 'बोस इंडिकस' है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह भारत के ओंगोल मवेशियों की वंशज है, जो अपनी मजबूती के लिए जानी जाती है। यह खुद को पर्यावरण के हिसाब से ढाल लेती है। यह नस्ल पहली बार 1868 में जहाज से ब्राजील भेजी गई थी। साठ के दशक में कई और गायों को वहां ले जाया गया था।



ओंगोल नस्ल के मवेशी काफी गर्म तापमान में भी रह सकते हैं। इनका उपापचय (मेटाबॉलिज्म) मजबूत होने से इनमें किसी तरह का इंफेक्शन नहीं होता। ब्राजील में जमकर गर्मी होती है। इसलिए वहां यह गाय काफी पसंद की जाती है।

# इजराइली हमले में सात राहतकर्मियों की मौत पर भड़के बाइडन

**वाशिंगटन।** गाजा में मंगलवार को इजराइली हमले में सात राहतकर्मियों के मारे जाने पर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि वह क्रोधित हैं, यह घटना हृदय विदारक है।

मारे गए राहतकर्मी वर्ल्ड सेंट्रल किचन (डब्ल्यूसीके) के लिए सेवा कार्य करते थे और ये बेघर फिलिस्तीनियों तक भोजन पहुंचाने के कार्य में लगे थे। हमले के बाद इजराइल ने उस पर खेद जताया और जांच की बात कही है। बाइडन ने कहा है कि हमले के संबंध में इजराइल की जांच जल्द पूरी होनी चाहिए, इसमें हमला करने वालों की जिम्मेदारी निश्चित होनी चाहिए और इस जांच को सार्वजनिक किया जाना चाहिए।

## विज्ञान

आठ अप्रैल तक जागरूकता के लिए अंतर्राष्ट्रीय मुक्त प्रकाश प्रदूषण के रूप में मनाया जाएगा

# विश्व में 1988 के बाद तेजी से हुई प्रकाश प्रदूषण की वृद्धि

नैनीताल, कार्यालय

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय डार्क स्काई वीक यानी साप्ताहिक स्याह आकाश शुरू हो गया है। आठ अप्रैल तक दुनियाभर में यह सप्ताह अंधेरे के प्रति जागरूकता और मुक्त प्रकाश प्रदूषण के रूप में मनाया जाएगा।

1988 के बाद से दुनिया में बहुत तेजी से प्रकाश प्रदूषण में वृद्धि हुई है। भले की भारत मे इस इस सप्ताह को लेकर जागरूकता नही है, लेकिन कई देशों में अंतर्राष्ट्रीय डार्क स्काई वीक अंधेरी और प्राकृतिक रात का विश्वव्यापी उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इंटरनेशनल डार्क-स्काई एसोसिएशन (आईडीए) की स्थापना का उद्देश्य मानव जनित प्रकाश प्रदूषण को रोकना है। इसकी अनिवार्यता खगोलीय अध्ययन में प्रकाश द्वारा पड़ने वाले व्यवधान को कम करना है। नए आंकड़े के अनुसार प्रकाश प्रदूषण मानव जनसंख्या वृद्धि की दोगुनी दर से बढ़ रहा है।

दुनिया भर में 80 प्रतिशत लोग प्रकाश-प्रदूषित आकाश के नीचे रहते हैं। इसीलिए आईडीए ने एक अंतर्राष्ट्रीय डार्क स्काई वीक की स्थापना की है, जो 3 से 8 अप्रैल को पड़ता है। यह सप्ताह स्याह रहेगा। जिसमें कई तरह के खगोलीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस सप्ताह सितारों और नक्षत्रों की महत्ता को समझने का मौका मिलेगा।

इस सप्ताह को लेकर आईडीए ने अपील है कि सभी लोग अंधेरी रात के आसमान की हमारी साझा विरासत की रक्षा और जश्न मनाने के लिए वैश्विक डार्क स्काई आंदोलन में शामिल होंगे। डार्कस्काई इंटरनेशनल ऐसे समाधानों को बढ़ावा देता है और लोगों को आउटडोर प्रकाश को कम करने की अपील करता है।



स्याह रात में मिल्की वे का शानदार नजारा।

## एरीज के वैज्ञानिकों ने भी की अपील

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के निदेशक प्रो दीपांकर बनर्जी कहते हैं कि ब्रह्मांड की खोज खबर के लिए किए जा रहे अनुसंधानों में प्रकाश प्रदुषण बड़ी समस्या के रूप में तेजी से उभर रहा है। जिसे कम करना बेहद जरूरी है। इस दिशा में दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को अपना योगदान देना होगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस मुहीम में देश का हर व्यक्ति सहयोग करे।

# बाइडन-ट्रंप ने चार और राज्यों में जीते प्राइमरी चुनाव, फिर होंगे आमने-सामने

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आसानी से चार और राज्यों में अपनी-अपनी पार्टियों के प्राइमरी चुनाव पर जीत दर्ज की है। नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में फिर से दोनों के बीच कांटे का मुकाबला होगा।

राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी ने दो अप्रैल को चार राज्यों न्यूयार्क, कनेक्टिकट, रोड आइलैंड और विसकन्सिन में प्राइमरी चुनाव आयोजित किए। इन चुनावों में ट्रंप को 75 प्रतिशत से अधिक और बाइडन को 80 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त हुए।

हालांकि, ये प्राइमरी चुनाव अब औपचारिकता भर हैं, क्योंकि बाइडन और ट्रंप अपनी-अपनी पार्टियों से नामांकन की पात्रता पहले ही हासिल कर चुके हैं। दोनों ही आवश्यक डेलीगेट का समर्थन पा चुके हैं। चार राज्यों के ताजा चुनाव के बाद ट्रंप के पास अब 1860 डेलीगेट और बाइडन के पास 3,030 डेलीगेट का समर्थन है। राष्ट्रपति प्रत्याशी बनने के लिए उनके नामांकन की पुष्टि जुलाई में मिल्वौकी में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन और अगस्त में शिकागो में डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन में की जाएगी। ट्रंप ने मिशिगन में मंगलवार को अवैध आप्रवासियों को 'जानवर' बताकर विवाद खड़ा कर दिया था।



## जज, गवाह व कर्मियों के खिलाफ नहीं बोल पाएंगे ट्रंप

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हश मनी मामले में परेशानियां बढ़ गई हैं। ट्रंप के आपराधिक मामले की सुनवाई का नेतृत्व करने वाले जज ने गैग ऑर्डर का दायरा बढ़ा दिया है। जज जुआन मर्चन ने कहा कि ट्रंप अब मेरे परिवार, मैनहट्टन जिला अटॉर्नी एल्विन बैग के अलावा गवाहों, अभियोजकों, अदालत के कर्मचारियों और उनके रिश्तेदारों के खिलाफ बात नहीं कर सकेंगे।